सूर्योदय 6:23 सूर्यास्त 5:51

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 17 न्यू | 25 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,327 |
| निफ्टी | 25,227 |

सोना 1,23,769 चांदी 1,75,325

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 14 अक्तूबर 2025 | 29 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 287, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702







## न्यूज शॉर्ट्स

### मेडिकल स्टूडेंट से गैंगरेप के सभी 5 आरोपी काबू

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एमबीबीएस स्टूडेंट से गैंगरेप केस में पुलिस ने सोमवार को दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। अब सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने रविवार को 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। 2 आरोपी फरार थे। वहीं, पीड़ित के पिता ने घटना पर सीएम ममता के बयान को असंवेदनशील बताते हुए दावा किया कि उनकी बेटी आधी रात को बाहर नहीं गई थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता ने झूठा दावा किया कि घटना आधी रात के बाद हुई। ममता खुद एक महिला हैं। उसके बावजूद उन्होंने असंवेदनशील टिप्पणी की और कहा कि महिलाओं को रात में बाहर नहीं निकलने देना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### पुष्य नक्षत्र से पहले सोना 1.23 लाख के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत पुष्य नक्षत्र से एक दिन पहले 13 अक्तूबर को अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 2,244 रुपए बढ़कर 1,23,769 रुपए हो गए हैं। इससे पहले शुक्रवार को यह 1,21,525 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत एक दिन में 10,825 रुपए बढ़कर 1,75,325 रुपए प्रति किलो के भाव पर पहुंच गई है। शुक्रवार को यह 1,64,500 रुपए पर थी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, फेस्टिव सीजन, इंडस्ट्रियल डिमांड और ग्लोबल स्तर पर सप्लाई कम और मांग बढ़ने की वजह से चांदी की कीमत में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है। (अनंत ज्ञान)

### कोल्ड्रिफ : श्रीसन कंपनी बंद, लाइसेंस भी रद्द

**एजेंसी, चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने सोमवार को कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स का मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस पूरी तरह से रद्द कर दिया व कंपनी को हमेशा के लिए बंद कर दिया। सरकार को श्रीसन फार्मा की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गंभीर श्रेणी की गड़बड़ियां मिली थीं। कोल्ड्रिफ सिरप पीने से मध्य प्रदेश में अब तक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। चेन्नई में प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को श्रीसन फार्मा से जुड़े सात ठिकानों पर छापेमारी भी की है। श्रीसन फार्मा के प्रमुख कर्मचारियों और तमिलनाडु फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के गिरफ्तार डायरेक्टर इन-चार्ज पी यू कार्तिकेयन के ठिकानों पर भी रेड की गई। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सुजानपुर शहर में दूसरे दिन भी नहीं आई पानी की बूंद -पेज 2
- प्रतिमा अनावरण के बहाने कांग्रेस ने दिया एकता का संदेश -पेज 3
- क्षतिग्रस्त त्रिलोचन महादेव पुल दे रहा हादसे को न्योता -पेज 7
- चिंतपूर्णी मंदिर ट्रस्ट पर श्रद्धालुओं के धन के दुरुपयोग का आरोप -पेज 10
- सोलन में 42 लोगों से भरी निजी बस दुर्घटनाग्रस्त, 11 महिलाएं घायल-पेज 12


# ऐतिहासिक रिज पर आधुनिक हिमाचल के निर्माता

## कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कांग्रेस संसदीय दल की नेता व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को शिमला के ऐतिहासिक रिज पर आधुनिक हिमाचल के निर्माता व छह बार मुख्यमंत्री रहे स्व. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने वीरभद्र सिंह के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर कांग्रेस की महासचिव व सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। वह ऐसे शख्स थे, जिनके दिल में हमेशा हिमाचल प्रदेश की भलाई रही। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से लेकर मेरे परिवार का हिमाचल प्रदेश के साथ विशेष लगाव है। यहां मेरा सिर्फ घर ही नहीं है, बल्कि मुझे पहाड़ों से भी बहुत लगाव है। वीरभद्र सिंह को याद करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि राजनीति में कम ही मिसाल हैं, जो नेता




रिज पर आधुनिक हिमाचल के निर्माता स्व. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण करने पर उपस्थित सोनिया गांधी, सीएम सुक्खू, प्रियंका गांधी, प्रतिभा सिंह, विक्रमादित्य सिंह व अन्य।

सचाई पर चलते हैं। महात्मा गांधी ने देश को और वीरभद्र सिंह ने हिमाचल प्रदेश को जो रास्ता दिखाया, वही कांग्रेस पार्टी की मूल विचारधारा है। आज ऐसे नेताओं और राजनीति की जरूरत है जो सोशल मीडिया से आगे बढ़कर लोगों के लिए काम करे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी निडर होकर सच बोलते हैं और कांग्रेस पार्टी की इसी विचारधारा को प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इसी विचारधारा पर चली है और चलती रहेगी। देश को विकास की राजनीति चाहिए, लेकिन जो केंद्र में सत्तासीन हैं, वह इस विचारधारा से दूर हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने सोनिया गांधी और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रियंका गांधी को सम्मानित किया।

वहीं, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भावुक शब्दों में कहा कि आज का दिन उनके जीवन का सबसे भावनात्मक क्षण है। यह प्रतिमा केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हिमाचल की संस्कृति और जनभावनाओं का प्रतीक है। कार्यक्रम में कांग्रेस की प्रभारी रजनी पाटिल, पूर्व प्रभारी राजीव शुक्ला, सहप्रभारी विदित चौधरी और चेतन चौहान, वरिष्ठ नेता सचिन पायलट, दीपेंद्र हुड्डा, मंत्री, विधायक, विभिन्न बोर्डों और निगमों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य मौजूद रहे।

### हिमाचल के साथ केंद्र का सौतेला व्यवहार : प्रियंका

**प्रियंका** गांधी ने केंद्र सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि बीते वर्ष की प्राकृतिक आपदा के समय जब प्रदेश में भारी तबाही हुई, तब भी केंद्र ने हिमाचल की मदद नहीं की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने खुद हर प्रभावित क्षेत्र में जाकर लोगों का दर्द सुना और केंद्र से मदद की अपील की, लेकिन भाजपा सरकार ने राजनीतिक कारणों से आंखें मूंद लीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति जनता के लिए और जनता के साथ है, जबकि भाजपा की राजनीति केवल चुनावी लाभ के लिए है

### कांग्रेस ने किया हिमाचल का विकास : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वीरभद्र सिंह सड़कों के नेता थे, जिन्होंने हर वर्ग के विकास के लिए काम किया। सीएम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वर्ष 1971 में हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया, जबकि भाजपा के नेता 'स्टेटहुड को मारो ठुड' का नारा लगाते थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश गांधी परिवार का ऋणी रहेगा, जिन्होंने इस प्रदेश के विकास के लिए भरपूर मदद दी। उन्होंने कहा कि केवल कांग्रेस सरकार ने ही हिमाचल का विकास किया है।

### प्रतिमा का अनावरण भावुक क्षण : प्रतिभा सिंह

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण हम सबके लिए एक भावुक क्षण है। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह की सादगी, जनसेवा और ईमानदारी की मिसालें आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू को भी वीरभद्र सिंह की परंपरा को आगे बढ़ाने वाला बताया और कहा कि उनकी कार्यशैली में जनता के प्रति वही समर्पण झलकता है। वहीं, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि वीरभद्र सिंह ने आधुनिक हिमाचल की रूपरेखा तैयार की। वह जनता के इतने करीब थे कि रात के 12 बजे तक लोगों की समस्याएं सुनते थे।

# अब ईपीएफ अकाउंट से पूरा पैसा निकाल सकेंगे

## डॉक्यूमेंट्स जमा करने की भी जरूरत नहीं होगी, ईपीएफओ ने नियमों को बनाया आसान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अब ईपीएफ अकाउंट से अब पूरा पैसा निकाला जा सकेगा। एम्प्लॉई प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (ईपीएफओ) ने सोमवार को हुई सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की मीटिंग में इसका ऐलान किया। सेंट्रल लेबर मिनिस्टर मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में कई राहत भरे फैसले लिए गए। इन फैसलों से नौकरीपेशा लोगों को अपने ईपीएफओ से पैसा निकालना अब पहले से कहीं ज्यादा आसान हो जाएगा। ईपीएफओ ने पुराने 13 कठिन नियमों को खत्म कर अब केवल तीन कैटेगरी में पार्शियल विड्रॉल के नियम बनाए हैं, जिसमें आवश्यक जरूरतें (बीमारी, शिक्षा, शादी), हाउसिंग जरूरतें (मकान से जुड़े खर्चे) और विशेष परिस्थितियां शामिल हैं। अब सदस्य अपने खाते में मौजूद पूरी राशि (कर्मचारी और नियोक्ता दोनों हिस्सों समेत) निकाल सकेंगे। पहले शिक्षा और शादी के लिए केवल 3 बार निकासी की अनुमति थी, लेकिन अब शिक्षा के लिए 10 बार और शादी के लिए 5 बार निकासी की जा सकती है। इसके अलावा, मिनिमम सर्विस पीरियड यानी न्यूनतम सेवा अवधि को भी घटाकर 12 महीने कर दिया गया है, जो पहले अलग-अलग जरूरतों के लिए अलग थी। (अनंत ज्ञान)

### बिना कारण बताए निकासी की मिली सुविधा

**पहले** विशेष परिस्थितियों (जैसे प्राकृतिक आपदा, बेरोजगारी, महामारी) में निकासी के लिए कारण बताना पड़ता था, जिसके चलते कई बार क्लेम खारिज हो जाते थे। अब इस झंझट से छुटकारा मिल गया है। सदस्यों को विशेष परिस्थितियों में बिना कोई कारण बताए निकासी की सुविधा मिलेगी।

### खाते में हमेशा 25% मिनिमम बैलेंस जरूरी

**ईपीएफओ** ने यह भी सुनिश्चित किया है कि सदस्यों के खाते में हमेशा 25% राशि मिनिमम बैलेंस के तौर पर रहे। इससे सदस्यों को 8.25% की ब्याज दर और चक्रवृद्धि ब्याज यानी कंपाउंड इंटरेस्ट का फायदा मिलता रहेगा, जिससे रिटायरमेंट के लिए अच्छा खासा फंड तैयार हो सकेगा।

# आईआरसीटीसी घोटाला : लालू यादव राबड़ी और तेजस्वी पर आरोप तय

**एजेंसी, पटना**

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को आईआरसीटीसी घोटाले में आरोपी माना। अब तीनों के खिलाफ केस चलेगा। कोर्ट ने कहा, 'लालू की जानकारी में टेंडर घोटाले की पूरी साजिश रची गई। टेंडर में उनका हस्तक्षेप था। इससे लालू परिवार को फायदा हुआ।' उधर, लालू ने इन आरोपों को निराधार बताया। यह मामला रांची और पुरी स्थित आईआरसीटीसी की 2 होटलों के टेंडर में भ्रष्टाचार से जुड़ा है। बिहार चुनाव के बीच यह फैसला लालू और आरजेडी के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। उधर, सुनवाई के बाद तेजस्वी यादव ने एक्स पर लिखा- 'जब तक दंगाई और संविधान विरोधी बीजेपी सत्ता में है और मेरी उम्र है बीजेपी से लड़ते रहेंगे। एक महीना पहले बिहार आकर गृहमंत्री अमित शाह जी हमें धमकी दे रहे थे कि हमको चुनाव लड़ने लायक नहीं छोड़ेंगे। हम लड़ेंगे और जीतेंगे। हम बिहारी है बिहारी, बाहरी से नहीं डरते।' (अनंत ज्ञान)

# अब 2032 तक टाटा सन्स के चेयरमैन रहेंगे एन. चंद्रशेखरन

**एजेंसी, मुंबई।** रतन टाटा के निधन के बाद ग्रुप में विवाद के बीच टाटा सन्स के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन का कार्यकाल 2032 तक बढ़ा दिया गया है। टाटा ग्रुप में पहली बार ऐसा हुआ है, जब कोई ग्रुप एग्जीक्यूटिव स्टैंडर्ड रिटायरमेंट उम्र से आगे अपने पद पर बना रहेगा। टाटा ग्रुप की पॉलिसी के मुताबिक, एग्जीक्यूटिव को आमतौर पर 65 की उम्र में रिटायर हो जाना चाहिए। चंद्रशेखरन अभी 63 साल के हैं। दूसरे टर्म के खत्म होने पर फरवरी 2027 में वे ठीक 65 साल के हो जाएंगे। अब 2032 में 70 साल की उम्र में वे रिटायर होंगे। चंद्रशेखरन पहली बार अक्तूबर 2016 में टाटा सन्स के बोर्ड में शामिल हुए थे। चार महीने बाद जनवरी 2017 में उन्हें चेयरमैन बनाया गया था। (अनंत ज्ञान)



### कुल्लू जिले में तहसीलदार से मारपीट मामले ने पकड़ा तूल


# पेनडाउन स्ट्राइक पर रहे 300 अधिकारी डीजीपी ने सख्त कार्रवाई का दिया भरोसा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कुल्लू में ऑन ड्यूटी तहसीलदार के साथ हुई मारपीट की घटना ने पूरे प्रदेश में प्रशासनिक हलकों में भूचाल ला दिया है। सोमवार को प्रदेशभर के करीब 300 से अधिक तहसीलदार और नायब तहसीलदार विरोधस्वरूप एक दिन की पेनडाउन स्ट्राइक पर रहे। इससे राजस्व कार्य, भूमि विवाद, इंतकाल और प्रमाणीकरण जैसे कार्य पूरी तरह ठप हो गए, जिससे जनता को दिनभर भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

मारपीट प्रकरण को लेकर तहसीलदार वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी से भी मिला। प्रतिनिधिमंडल ने कुल्लू में ड्यूटी के दौरान तहसीलदार हरि सिंह यादव पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। डीजीपी तिवारी ने भरोसा दिलाया कि पुलिस इस घटना को लेकर पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने कहा कि अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। डीजीपी ने कहा कि कानून से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। तहसीलदार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन वर्मा ने कहा कि फिलहाल एक दिन की पेनडाउन स्ट्राइक प्रतीकात्मक है, लेकिन यदि पुलिस दोषियों के खिलाफ ठोस कदम नहीं उठाती, तो यह आंदोलन और बड़ा रूप ले सकता है।

उन्होंने कहा कि ऑनड्यूटी अधिकारी के साथ मारपीट जैसी घटनाएं राजस्व कर्मचारियों के मनोबल को तोड़ती हैं और उनकी सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। हम चाहते हैं कि दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी हो और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अधिकारियों को सुरक्षा दी जाए।



डीजीपी अशोक तिवारी को ज्ञापन सौंपते तहसलीदार वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### जनता रही परेशान

**राजस्व** विभाग के अधिकारियों की पेनडाउन स्ट्राइक के कारण राज्यभर के तहसील कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा। दस्तावेज सत्यापन, भूमि विवाद समाधान और अन्य राजस्व कार्य के लिए पहुंचे लोगों को निराश लौटना पड़ा। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए, तो यह विरोध चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में फैलाया जाएगा।

### यह है पूरा मामला

**दरअसल,** हाल ही में अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा के दौरान देवता दल के कुछ लोगों ने ड्यूटी पर तैनात तहसीलदार हरि सिंह यादव के साथ धक्का-मुक्की और हाथापाई की थी। इस घटना के बाद तहसीलदार ने पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई, लेकिन कथित तौर पर सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से राजस्व अधिकारी नाराज हैं।

# 3 अर्थशास्त्रियों को इकोनॉमिक्स का नोबेल

## पुरस्कार पाने वालों में दो अमेरिकी और एक ब्रिटेन का अर्थशास्त्री

**एजेंसी, स्टॉकहोम**

इस साल इकोनॉमिक्स का नोबेल पुरस्कार तीन अर्थशास्त्रियों जोएल मोकिर (अमेरिका), पीटर हॉविट (अमेरिका) और फिलिप एगियॉन (यूके) को मिला है।

नोबेल समिति ने बताया कि इन अर्थशास्त्रियों ने बताया कि इनोवेशन से कैसे आर्थिक विकास का रास्ता खुलता है। तकनीक तेजी से बदलती है और हम सभी पर असर डालती है। उत्पाद और उत्पादन के नए तरीके पुराने तरीकों को बदलते रहते हैं और यह प्रक्रिया कभी खत्म नहीं होती। यही लगातार आर्थिक विकास का आधार है, जिससे दुनिया भर के लोगों की जीवन गुणवत्ता, स्वास्थ्य और जीवन स्तर बेहतर होता है। फिलिप एगियॉन और पीटर हॉविट ने



लगातार आर्थिक विकास कैसे होता है, इसे समझाने की कोशिश की। इन दोनों ने 1992 में एक मॉडल बनाया जिसे 'क्रिएटिव डिस्ट्रक्शन' यानी 'रचनात्मक विनाश' कहा गया।

इसका मतलब है कि जब कोई नया और बेहतर उत्पाद बाजार में आता है, तो पुराने उत्पाद बेचने वाली कंपनियां पीछे रह जाती हैं। इसमें दो बातें होती हैं। पहली, यह रचनात्मक है क्योंकि नया लेकर आता है। दूसरी, यह विनाशकारी भी है क्योंकि पुरानी तकनीक वाली कंपनियां हार जाती हैं। नोबेल विजेताओं ने बताया कि ऐसे बदलाव से संघर्ष पैदा होते हैं, जिन्हें सही ढंग से संभालना जरूरी है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो बड़ी कंपनियां और कुछ समूह नए विचारों और इनोवेशन को रोक सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

**गजब** शेफ एसोसिएशन ने बनाए 451 प्रकार के सिड्डू, हिमाचली फूड को प्रमोट करने की चाह में बना रिकॉर्ड

# सिड्डू से मिला सम्मान, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में स्थान

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** हिमाचली फूड को प्रमोट करने की पहल में प्रदेश की शेफ एसोसिएशन ने रिकॉर्ड कायम कर लिया है। हिमाचल शेफ एसोसिएशन ने 451 प्रकार के सिड्डू बनाकर लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाकर इतिहास रच दिया है।

हालांकि, हिमाचल प्रदेश में तीन से चार प्रकार के ही सिड्डू बनते हैं, लेकिन हिमाचल शेफ एसोसिएशन ने मेहनत करते हुए 451 प्रकार के सिड्डू बना डाले। सिडडू बनाने के लिए कई प्रकार के आटे का इस्तेमाल किया गया। लिंगड़, छूछ का साग, मोटा अनाज, मीठे और नॉनवेज सिड्डू भी बनाए गए थे। इस रिकॉर्ड को कायम करने में हिमाचल शेफ एसोसिएशन के छह से सात लोगों ने सामूहिक तौर पर कार्य किया था।

### 30 प्रकार के मीठे और 50 प्रकार के थे नॉनवेज सिड्डू

**451** प्रकार के सिड्डुओं में 30 प्रकार के सिड्डू मीठे थे, जबकि 50 के सिड्डू नॉनवेज, वहीं अधिकतर सिडडू वैरायटी में सब्जियों और अचार का प्रयोग किया गया था। विशेषज्ञों के अनुसार पुराने समय में बर्फबारी प्रभावित क्षेत्रों में मांस के फैट के सिड्डू बनते थे, जिनका काफी प्रचलन था, लेकिन बदलते समय के साथ इनमें बदलाव होते गए।



### हिमाचल पर्यटन निगम के नाम 1995 किलो खिचड़ी का रिकॉर्ड

**हिमाचल** शेफ एसोसिएशन ने जहां 451 प्रकार के सिड्डू बनाकर लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड बनाया है, वहीं हिमाचल पर्यटन निगम के नाम 1995 किलोग्राम खिचड़ी बनाने का गिनिज बुक ऑफ रिकॉर्ड दर्ज है। जानकारी के अनुसार, पर्यटन निगम ने जिला मंडी के तत्तापानी में 1995 किलोग्राम खिचड़ी बनाकर रिकॉर्ड कायम किया था, जिसमें निगम के दो दर्जन से अधिक लोगों का सहयोग रहा था।





पर्यटन निगम ने 1995 किलोग्राम खिचड़ी बनाकर जहां गिनिज बुक ऑफ रिकॉर्ड बनाया है, वहीं हिमाचल शेफ एसोसिएशन के नाम 451 प्रकार के सिड्डू बनाकर लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड दर्ज है। सिड्डू के रूप में निगम का प्रयास हिमाचली फूड को प्रमोट करने की पहल करने की थी। सिड्डू बनाने के लिए कई प्रकार के आटे का इस्तेमाल किया गया। खिचड़ी के रिकॉर्ड में एचपीटीडीसी के 25 लोगों का सहयोग रहा, वहीं, सिड्डू बनाने में भी निगम के छह-सात लोगों का सहयोग लिया गया था।

**-नंद लाल शर्मा, डीजीएम एचपीटीडीसी**

## न्यूज ब्रीफ

### राजपूत महासभा ने पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह की प्रतिमा स्थापित होने पर जताई खुशी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजपूत महासभा हमीरपुर जिला इकाई ने प्रदेशवासियों को बधाई देती है और प्रसन्नता जाहिर करती है कि राजधानी शिमला में हिमाचल के 6 बार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व राजा वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का स्थापना के बाद अनावरण हुआ। ये सम्मान जहां प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व राजा वीरभद्र सिंह को उनके द्वारा प्रदेश के लिए दिए अभूतपूर्व योगदान को दिया गया है। राजपूत महासभा उन्हें हिमाचल प्रदेश में धर्मांतरण जैसी बुराई को रोकने के लिए बनाए कानून और 2014 में हिमाचल में राजपूत और ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन की शुरुआत करके इन दोनों समुदायों को अपनेपन का अहसास कराकर अपने आप में अन्य राजनेताओं के लिए भी अपने समुदाय के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरणा दी। कि कैसे सर्व समाज के कल्याण के साथ साथ अपने धर्म और समुदाय के प्रति भी संवेदनशील ,सजग और समर्पित रहा जा सकता है।

### गलोड़ के अमरोह में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** विद्युत उपमंडल गलोड़ के अंतर्गत आने वाले 11, 33 फीडर पर गांव जियाना ढगो, अमरोह, कडदोह, सुकराला, पन्केयाली थप्पल, समजाल, मांजरा पन्याली जट्टां, खोरड गांवों की बिजली 14 अक्तूबर को पूर्ण आंशिक रूप से बाधित रहेगी। विद्युत सब स्टेशन की मरम्मत व पेड़ों की कटाई छंटाई के लिए विद्युत आपूर्ति को बंद किया जाएगा। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल गलोड़ शिवम डोगरा ने सभी लोगों से सहयोग की अपील की है।

### छात्रों ने आपदा से निपटने की तकनीकें सीखी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा की अध्यक्षता में हुई इस ड्रिल का उद्देश्य छात्रों में आपदा से निपटने की तत्परता और जागरूकता विकसित करना था। आपदा प्रबंधन नोडल अधिकारी सोनू गुलेरिया ने 'ड्रॉप, कवर एंड होल्ड' तकनीक का प्रदर्शन किया, जबकि शिक्षक होशियार सिंह ने अग्निशमन अभ्यास और फायर एक्सटिंग्विशर के प्रयोग की जानकारी दी। छात्रों ने प्राथमिक उपचार के तरीकों का अभ्यास किया और पूरे स्कूल स्टाफ, एनसीसी, एनएसएस, व स्काउट-गाइड्स ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम ने सुरक्षा और सामूहिक सहयोग का संदेश दिया।

### छात्र नेताओं ने ली सेवा, समर्पण व नेतृत्व की शपथ

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बीबीएन कॉलेज चकमोह में छात्र परिषद (सीएससीए) का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि छात्र परिषद नेतृत्व, अनुशासन और सेवा की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। शैक्षणिक योग्यता के आधार पर चयनित अध्यक्ष करीना, उपाध्यक्ष विपाशा, सचिव साहिल, सह सचिव हरीश सहित अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। पदाधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि वे परिषद की गरिमा बनाए रखेंगे और छात्रों की आवाज़ प्रशासन तक पहुंचाएंगे। समारोह का संचालन डॉ. संतोष ने किया और अंत में पौधारोपण भी किया गया। अतिथियों ने सभी नव निर्वाचित छात्र नेताओं को शुभकामनाएं दीं।

### तहसीलदारों की पेन डाउन हड़ताल से जनता परेशान

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** कुल्लू दशहरा उत्सव के दौरान एक कार्यरत एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट के साथ हुई अभद्रता के विरोध में प्रदेशभर के तहसीलदार और नायब तहसीलदार दो दिवसीय पेन डाउन हड़ताल पर चले गए हैं। तहसील कार्यालय बिझड़ी, बड़सर और भोटा सहित कई कार्यालयों में सोमवार को आम लोगों के रूटीन कार्य ठप रहे, जिससे जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। राजस्व अधिकारियों ने सरकार से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अगर एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? तहसीलदार संदीप कुमार ने कहा कि यह केवल एक चेतावनी है, यदि सरकार ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन लंबा खिंच सकता है। अधिकारियों ने इस संदर्भ में जिलाधीश को एक ज्ञापन भी सौंपा है। हड़ताल के दौरान आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी।

### बच्चों को सिखाएं आपदा बचाव के गुर

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के दुर्गा सिंह स्मारक सीनियर सकेंडरी स्कूल बड़ा में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के सौजन्य से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल अंजना कोंडल के द्वारा की गई। इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा अपने सम्बोधन में बच्चों को प्राकृतिक आपदा एवम मानव निर्मित आपदाओं के सन्दर्भ में विशेष रूप से जानकारी दी। विद्यालय की अध्यापिका बंदना शर्मा ने बच्चों को आपदा के दौरान आने बाली समस्याओं एवम उन समस्याओं से निपटने के लिए उपयोग होने वाले साधनों से उपयों के बारे में विस्तार से बताया। जागरूकता कार्यक्रम में मोक ड्रिल का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों के साथ अध्यापकों ने भी भाग लिया। यें जानकारी स्कूल के मीडिया प्रभारी वीर सिंह ठाकुर ने दी।

### किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता जरूरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीडीपीओ कार्यालय टौणी देवी द्वारा सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चम्बोह और बधानी में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। सीडीपीओ कुलदीप सिंह चौहान ने कहा कि किशोरावस्था मानसिक, सामाजिक व भावनात्मक विकास का संवेदनशील दौर है। इस समय की आदतें और सोच भविष्य तय करती हैं। उन्होंने छात्रों को संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, नियमित व्यायाम और सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी। मनोविज्ञानी शीतल वर्मा ने स्मार्टफोन के अत्यधिक प्रयोग को मानसिक विकारों का कारण बताया और 'डिजिटल डिटॉक्स' अपनाने की सलाह दी। उन्होंने किशोरों से अपील की कि वे स्क्रीन टाइम को सीमित कर सामाजिक जीवन को प्राथमिकता दें। शिविरों में विद्यार्थियों ने भी अपनी शंकाएं साझा कीं।

### हमीरपुर कॉलेज की जूडो टीम ने रचा इतिहास

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग में विजेता और पुरुष वर्ग में उपविजेता ट्रॉफी अपने नाम की। डॉ. पवन वर्मा ने बताया कि महिला वर्ग में 48 किलो भार वर्ग में दाक्षी गुप्ता, 57 किलो में काजल, 63 किलो में अर्पिता ने स्वर्ण पदक जीते। 70 किलो में शिल्पा को रजत, 78 किलो में दीक्षा और 78 किलो से ऊपर में शिल्पा कुमारी ने कांस्य पदक जीते। पुरुष वर्ग में 66 किलो में आरंजीय, 90 किलो में वंश ने स्वर्ण पदक, 81 किलो में वैभव को रजत, 73, 100 किलो और 100+ किलो वर्ग में साहिल, आदर्श और कवि को कांस्य पदक प्राप्त हुए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. प्रमोद पटियाल ने विजेता खिलाड़ियों, कोच दिव्या और संजीव, शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक डॉ. पवन वर्मा और डॉ. मंजुला सहित पूरी टीम को बधाई दी। कॉलेज में खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

### डिकेथलॉन में 6 विद्यार्थियों का चयन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन के बी.वोक (रिटेल मैनेजमेंट) विभाग के 6 विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित डिकेथलॉन रिटेल कंपनी में ऑन जॉब ट्रेनिंग कम प्लेसमेंट के लिए हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में सजल, श्वेता, पलक, आंचल, आर्या और प्रियंका शामिल हैं। ये विद्यार्थी दो माह की ऑन जॉब ट्रेनिंग करेंगे, जिसमें उन्हें ₹10,000 प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत कंपनी ₹25,000 के प्रारंभिक वेतन पर उन्हें नियुक्त करेगी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार गौतम, मेधावी फाउंडेशन के स्टेट कोऑर्डिनेटर नितिन मिन्हास और जीएम रोशन चौधरी ने विद्यार्थियों को बधाई दी। रिटेल प्रोफेसर हंसराज राणा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने साक्षात्कार प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की।

### सीएचटी से बीईईओ पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** शिक्षा विभाग ने केंद्रीय मुख्य शिक्षकों (सीएचटी) की बीईईओ पद पर पदोन्नति प्रक्रिया आरंभ कर दी है। डिप्टी डायरेक्टर प्रारंभिक शिक्षा ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से अपने क्षेत्र में कार्यरत पात्र शिक्षकों की विस्तृत जानकारी तीन दिनों के भीतर भेजने के निर्देश दिए हैं। शिक्षकों की सूची के साथ मैट्रिक व +2 प्रमाणपत्रों की प्रतियां, सतर्कता, अनुभव व कार्य-आचरण प्रमाणपत्र तथा विकलांगता प्रमाणपत्र (यदि कोई हो) शामिल करने को कहा गया है। इस प्रक्रिया में कुल 13 मुख्य अध्यापकों के नाम शामिल हैं। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि पदोन्नति विकल्प एक बार चुनने के बाद बदला नहीं जा सकेगा। लंबे समय से खाली चल रहे बीईईओ पदों को भरने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# सुजानपुर शहर में दूसरे दिन भी नहीं आई पानी की बूंद

## पलाही व सुजानपुर दोनों पेयजल योजनाएं ठप, जनता बेहाल

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।**

सुजानपुर नगर परिषद क्षेत्र में पेयजल संकट लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। पलाही और सुजानपुर पेयजल योजनाओं के ठप होने से पूरे शहर के 9 वार्डों में नलों से एक बूंद पानी नहीं आया। जल शक्ति विभाग के अनुसार, पलाही स्कीम की पाइपलाइन सड़क निर्माण के चलते शिफ्ट की जा रही है, वहीं सुजानपुर स्कीम की पाइपलाइन फट गई है, जिससे आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है।



जल शक्ति विभाग ने मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर किया शुरू।

स्थिति इतनी गंभीर है कि शहर के सभी सार्वजनिक नल, वाटर कूलर और टंकियां सूख गई हैं। आमजन को पीने के पानी के लिए बाजारों में भटकना पड़ रहा है, वहीं शौचालयों को भी बंद कर दिया गया है। स्थानीय लोगों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराज़गी जताते हुए कहा कि हर एक-दो महीने में ऐसी परेशानी सामने आ जाती है। जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि पाइपलाइन की मरम्मत तेजी से की जा रही है और जल्द ही जल आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। फिलहाल शहर में जल संकट से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है।

### हमीरपुर में संघ का भव्य पथ संचलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष पर हमीरपुर की अणु बस्ती में भव्य पथ संचलन व शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 120 स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए और समाज से 200 से अधिक नागरिकों ने सहभागिता निभाई। जिला बौद्धिक प्रमुख कपिल ने पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, स्व का भाव, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि यह वर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुख्य अतिथि समाजसेवी विपिन कतना और विशिष्ट अतिथि अनुपम शर्मा ने संघ की अनुशासन, सेवा भावना और संगठन क्षमता की सराहना की। आयोजन में कई गणमान्य व्यक्ति व संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## जीहण के यूटर्न रेस्टोरेंट के पास टूटी सड़क बनी जानलेवा

**अनंत ज्ञान, बड़ा**



नादौन-सुजानपुर मार्ग पर जीहण के यू टर्न रेस्टोरेंट के समीप भारी बारिश के कारण सड़क बह गई है, जिससे आधी सड़क खराब हो गई है। यह स्थिति वाहन चालकों के लिए अत्यंत खतरनाक साबित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्पॉट पर तेज मोड़ और आधी टूटी सड़क के कारण रोजाना दुर्घटनाओं का खतरा रहता है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों को समस्या बताते हुए जल्द समाधान की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। साथ ही, इस स्थान पर कोई चेतावनी या गति अवरोधक बोर्ड भी नहीं लगाए गए हैं, जिससे वाहन चालकों की सुरक्षा खतरे में है।

लोक निर्माण विभाग के एसडीओ पंकज कौशल ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है और जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा ताकि सड़क की समस्या का समाधान हो सके और वाहन चालकों को हो रही असुविधा दूर हो।



अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश राजस्व अधिकारी संघ हमीरपुर इकाई ने उपायुक्त हमीरपुर को कुल्लू में तहसीलदार के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर कार्रवाई न होने पर ज्ञापन सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि कार्रवाई न होने को लेकर दो दिन की पेन डाउन हड़ताल की है।

### भाजपा ने घोषित की महिला, किसान, ओबीसी और एससी मोर्चों की जिला और मंडल टीमें

# अर्चना, अनिल काकू, संजय व राजकुमार को मिली कमान

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** भाजपा के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने सोमवार को प्रेस वार्ता में महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा की जिला और मंडल स्तरीय टीमों की घोषणा कर दी। उन्होंने बताया कि युवा मोर्चा की टीम को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया अभी चल रही है, जिसे शीघ्र ही घोषित किया जाएगा।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर एवं अन्य पदाधिकारी।

प्रेसवार्ता के दौरान मंडल महामंत्री अजय रिंटू, राजेश सहगल, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान, किसान मोर्चा के अनिल काकू, अनुसूचित जाति मोर्चा के राजकुमार, ओबीसी मोर्चा के संजय कुमार और जिला मीडिया प्रभारी विक्रमजीत सिंह बन्याल उपस्थित रहे।

महिला मोर्चा की जिला टीम का नेतृत्व अर्चना चौहान करेंगी। उपाध्यक्ष पद पर सपना सोनी, नीरू मिश्रा, अंजना कुमारी और नीलम कुमारी को नियुक्त किया गया है। शकुंतला देवी और मंजू देवी जिला महामंत्री होंगी। सुनीता देवी, अंजू गुलेरिया, बबीता शर्मा, अलका ठाकुर और मंजना कुमारी को सचिव नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी कांता शर्मा को सौंपी गई है। मंडल अध्यक्षों में सरोज ठाकुर (बमसन), शामली (सुजानपुर), ज्योति बाला (हमीरपुर ग्रामीण), सुमन (हमीरपुर शहरी), सरला शर्मा (बड़सर), किरण बाला (ढटवाल), अंजना (भोरंज), रीना कुमारी (समीरपुर), वीना (नादौन) और सविता (गलोड़) शामिल हैं।

किसान मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनिल काकू की टीम में उपाध्यक्ष मनोज धीमान, अश्वनी कुमार आशु, पवनेंद्र ठाकुर और विपिन शामिल हैं। संजीवन व श्याम धतवालिया महामंत्री होंगे। सचिव पद पर कुलदीप शर्मा, राकेश शर्मा, कोषोर सदियाल, प्रेमलता और जोगिंदर पाल नियुक्त हुए हैं। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सुरेंद्र लगवाल को मिली है।

ओबीसी मोर्चा की जिला टीम का नेतृत्व संजय कुमार करेंगे। उपाध्यक्ष पद पर राजेश कुमार, देव राज, अशोक चौधरी और राजेश कुमार को नियुक्त किया गया है। सुरेश व चंद्रशेखर महामंत्री होंगे। सचिव के रूप में ओम प्रकाश, देवेंद्र राणा, चुन्नी लाल, जगदेव सिंह और किरण बाला को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुधीर मेहरा को कोषाध्यक्ष और वीरेंद्र सिंह को प्रवक्ता बनाया गया है। ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्षों में सुभाष चंद, विपिन मेहरा, रमेश चंद, रोहित भारद्वाज, सुरेंद्र कुमार, गुलशन संधू, सुभाष चंद, प्रवीण लता, सुनील कुमार, रजनी कुमारी, देश राज, राज कुमार, बलवंत राणा, हरदेव, सुखदेव, राजेश कुमार, कमलेश डिल्लन और नसीब सिंह शामिल हैं।

अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजकुमार की टीम में उपाध्यक्ष के रूप में सुषमा नरोटा, दलीप चंद, सुखदेव व भागीरथ होंगे। महामंत्री पद पर राकेश कुमार और पूनम डोगरा को जिम्मेदारी दी गई है। करतार सिंह, निशा, जीवन कुमार, आकाश दीप और विनोद सचिव बनाए गए हैं। बलजीत सिंह कोषाध्यक्ष होंगे। एससी मोर्चा के मंडल अध्यक्षों में कुलबीर नरोता, प्रीतम चंद, सतीश कमल, रजनीश, प्रकाश चंद हीर, गरीब दास, विजय, दीना नाथ, राम रतन, अमरजीत, इंद्रजीत सिंह, अजीत सोनी, रतन चंद व रमेश चंद के नाम शामिल हैं।

जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि ये टीमें पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करेंगी और संगठन के कार्यों को गति प्रदान करेंगी।

## शहरी निकायों में 1361 नए घरों को केंद्र की मंजूरी के लिए अनुराग ने जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के शहरी निकायों में 1361 घर बनाने को मंजूरी देने पर केंद्र सरकार का आभार प्रकट किया है।



अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सदा हिमाचल के हितों व ज़रूरतों का विशेष ध्यान रखा है। हिमाचल को जब जो भी आवश्यकता पड़ी, केंद्र सरकार ने उसे पूरा करने का काम किया है। यह हर्ष का विषय है कि मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के शहरी निकायों में 1361 घर बनाने की मंजूरी दे दी है। इस योजना के अंतर्गत देवभूमि हिमाचल के शहरी निकायों में 34.02 करोड़ की राशि पात्रों को दी जाएगी। लाभार्थी-आधारित निर्माण घटक के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लाभार्थियों के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रति लाभार्थी को ₹2.25 लाख रुपये दिए जाएंगे। आम व जरूरतमंद हिमाचलियों के हित में उठाये गये इस इस कदम के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर का हार्दिक आभार प्रकट करता हूं।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश में 92364 घरों की मंज़ूरी दी है। इस मंज़ूरी से प्रदेश के लाखों लोगों के सर पर पक्की छत का सपना पूरा होगा व मौसम की मार से बचने में मदद मिलेगी। केंद्र सरकार ने हर परिवार को पक्का मकान देने की नीति के अंतर्गत देश के अन्य छोटे राज्यों में हिमाचल को प्राथमिकता देते हुए देवभूमि के लिए सबसे ज़्यादा घर मंज़ूर किए हैं।

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता: ब्रिगेडियर दलीप सिंह



**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** इंडियन एक्स-सर्विसमैन लीग (आईईएसएल), ढटवाल की एक महत्वपूर्ण बैठक हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह बिझड़ी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ब्रिगेडियर दलीप सिंह (सेवानिवृत्त) ने की। इस अवसर पर लगभग 60 पूर्व सैनिकों ने भाग लिया।

ब्रिगेडियर दलीप सिंह ने पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन अनमोल है, इसे प्रसन्नता से जिएं। समस्याएं आती-जाती रहती हैं, लेकिन समाधान के लिए संगठित रहना आवश्यक है। उन्होंने स्पर्श पोर्टल (सिस्टम फॉर पेंशन एडमिनिस्ट्रेशन रक्षा) के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि कोई भी पेंशन संबंधित शिकायत मोबाइल के माध्यम से सीधे पोर्टल पर दर्ज करवाई जा सकती है। जो पूर्व सैनिक तकनीकी रूप से सक्षम नहीं हैं, वे कर्नल हंस राज चंदेल, सुबेदार मेजर बलवंत ढटवालिया या दफादार क्लर्क करतार सिंह ढिल्लों से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे आईईएसएल की सदस्यता अवश्य लें। सदस्यता शुल्क एक बार के लिए अधिकारियों के लिए 500, जेसीओ के लिए 300 व अन्य रैंकों के लिए 200 निर्धारित है। कर्नल हंस राज चंदेल, बलवंत, करतार सिंह, हंस राज शर्मा, हरबंस सिंह, जगतार ढटवालिया, कृष्ण चंद, ओंकार सिंह, अजमेर सिंह, कर्म सिंह, मोहिंदर सिंह, ज्ञान सिंह, अमी चंद, सुख राम, विधि चांद, दलीप सिंह सहित कई मौजूद थे।

### अन्य राज्यों की तर्ज पर हिमाचल में भी लागू हो कैशलैस ट्रीटमेंट प्रणाली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय टीजीटी कला संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने प्रदेश सरकार से अन्य राज्यों की तर्ज पर हिमाचल में कैशलेस स्वास्थ्य उपचार प्रणाली लागू करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि गुजरात, केरल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित कई राज्यों में सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स को पहले ही यह सुविधा मिल रही है। संघ ने 'हिमाचल कर्मचारी कैशलेस स्वास्थ्य सुरक्षा योजना' नाम से नई नीति की मांग की है, जिसमें सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में पांच लाख रुपये तक कैशलेस उपचार मिले। विजय हीर ने कहा कि वर्तमान प्रतिपूर्ति प्रणाली जटिल और समय लेने वाली है। इसके अलावा संघ ने जनवरी 2016 से दिसंबर 2022 तक के लंबित पेंशनर्स के मेडिकल बिलों के भुगतान के लिए बजट जारी करने की भी मांग की है। संघ का कहना है कि इन देरी से पेंशनर्स आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

## सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा का राइजिंग डे 2 को

### ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका, बैच दर बैच निभाई जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

**सैनिक** स्कूल सुजानपुर टिहरा 2 नवंबर को अपना 47वां स्थापना दिवस (राइजिंग डे) पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाएगा। इस ऐतिहासिक विद्यालय की स्थापना 2 नवंबर 1978 को तत्कालीन राष्ट्रपति नीलम संजीवा रेड्डी ने थी। तब से लेकर आज तक यह स्कूल देश के लिए सैन्य सेवाओं में उत्कृष्ट अधिकारी तैयार करने में अहम भूमिका निभा रहा है।



फाइल फोटो

स्कूल में वर्तमान में लगभग 550 कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यहां छात्रों को न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि खेल, एनसीसी और नेतृत्व के क्षेत्र में भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। स्कूल अब तक कई वीर सपूत देश को दे चुका है, जिनमें अशोक चक्र से सम्मानित मेजर सुधीर वालिया और वीर चक्र विजेता कैप्टन संजीव जम्वाल शामिल हैं।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राइजिंग डे के अवसर पर ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन के सदस्य बड़ी संख्या में स्कूल में उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में 11 अक्तूबर को पालमपुर में ओल्ड ब्वॉयज की एक बैठक हुई, जिसमें विभिन्न बैचों के लगभग 40 पूर्व छात्रों ने भाग लिया और पिछले दो वर्षों में दिए गए योगदान की जानकारी साझा की।

मुख्य योगदान इस प्रकार रहे। 5वें बैच ने 2 वाटर कूलर और 2 आरओ, 8वें बैच ने एनडीए हॉल के लिए 3 एसी, 10वें बैच ने पुस्तकालय के लिए 3 एसी और 2 गीजर, 14वें बैच ने हॉकी टीम के लिए नेहरू कप स्पॉन्सरशिप, 18वें बैच ने एनडीए हॉल के लिए 75 कुर्सियां, 20वें बैच ने 6 टेबल टेनिस टेबल, 21वें बैच ने एनडीए हॉल का निर्माण करवया। वहीं, 22वें बैच ने मैस के लिए 600 स्टील प्लेटें, 23वें बैच ने आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस (एआई) लैब की स्थापना (4 डेस्कटॉप, 1 मैकबुक, 1 लैपटॉप) तथा साथ ही अगले 5 वर्षों तक प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को क्रमशः 10,000, 8,000 व 6,000 रुपए की नकद राशि देने का संकल्प लिया है। वर्ष 2023 में राइजिंग डे समारोह में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आरएस बाली ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया था और स्कूल को 2 मास्क लाइटें, 6 एलईडी व 10 डेस्कटॉप प्रदान किए थे।

वहीं, ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज चड्ढा ने सभी पूर्व छात्रों से अपील की है कि वे 2 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में स्कूल पहुंचें और इस गौरवपूर्ण दिन को मिलकर यादगार बनाएं।

**टूर्नामेंट** जिलास्तरीय अंडर-19 एथलेटिक्स व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन

# हिम अकादमी स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

छात्र-छात्राओं की जिलास्तरीय अंडर-19 एथलेटिक्स और सांस्कृतिक प्रतियोगिता सोमवार को यहां शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल बॉयज सीनियर सेकंडरी स्कूल में संपन्न हो गई। राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर ने इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन किया और विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर नरेश ठाकुर ने कहा कि खेलकूद हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और विशेषकर, बच्चों एवं युवाओं के लिए तो यह अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि खेलों से विद्यार्थियों का सिर्फ शारीरिक एवं मानसिक विकास ही नहीं होता है, बल्कि इससे विद्यार्थियों के चरित्र का निर्माण भी होता है। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना, दृढ़ संकल्प, समर्पण, परिश्रम और कई अन्य ऐसे गुण आत्मसात होते हैं जोकि उन्हें जीवन में आगे बढ़ने तथा अच्छा नागरिक बनने में महत्वपूर्ण



विजेता टीम को सम्मानित करते मुख्यातिथि नरेश ठाकुर एवं अन्य गणमान्य अतिथि।

भूमिका अदा करते हैं। नरेश ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने खिलाड़ियों की डाइट मनी में रिकॉर्ड वृद्धि करके और प्रदेश में खेलों के इनफ्रास्ट्रक्चर के लिए करोड़ों रुपए का प्रावधान करके प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बहुत बड़ी सौगात दी है। उन्होंने बताया कि नादौन में लगभग 115 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है, जहां प्रदेश के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिलेंगी। ब्वायज स्कूल हमीरपुर के मैदान की भी कायाकल्प की गई है। इससे खिलाड़ियों को काफी सुविधा हो रही है। इस अवसर पर मेजबान पाठशाला के प्रधानाचार्य मुश्ताक मुहम्मद और एडीपीईओ राजेंद्र शर्मा ने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रतियोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। समापन समारोह में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुनील कुमार, होशियार सिंह, सुशील रांगड़ा, जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### प्रज्ञा वशिष्ठ और पीयूष पटियाल बेस्ट एथलीट

**एथलेटिक्स** में छात्राओं के वर्ग में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर ने ओवरऑल ट्रॉफी जीती और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ककड़ियार की टीम उपविजेता रही। छात्रों के वर्ग में में ब्ल्यू स्टार स्कूल विजेता और रावमापा ककड़ियार उपविजेता रहा। छात्राओं में हिम अकादमी स्कूल विकासनगर की प्रज्ञा वशिष्ठ और छात्रों में ब्ल्यू स्टार स्कूल के पीयूष पटियाल बेस्ट एथलीट घोषित किए गए। छात्राओं की भाषण प्रतियोगिता में चैरी स्कूल प्रथम, बीपीएस जलाड़ी द्वितीय, वाद्य संगीत में भोटा स्कूल प्रथम, द मैगनेट स्कूल द्वितीय, नाटक में द मैगनेट स्कूल प्रथम, एमपीपीएस मलोटी द्वितीय, संस्कृत गीतिका में गर्ल्स स्कूल नादौन प्रथम, भोटा स्कूल द्वितीय, श्लोकोचारण में गर्ल्स स्कूल नादौन प्रथम और हिम अकादमी स्कूल विकासनगर द्वितीय रहा।

## बिना इंटरनेट व मोबाइल सुविधा के राशन वितरण का दबाव असहनीय: अशोक कवि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- डिपो धारकों का आर्थिक शोषण कर रहा है खाद्य आपूर्ति विभाग
- आंदोलन और हाईकोर्ट जाने की चेतावनी, आदेश वापसी की मांग

प्रदेश खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग डिपो धारकों को बिना इंटरनेट और मोबाइल सुविधा दिए उपभोक्ताओं को फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से राशन वितरण के लिए बाध्य कर रहा है। यह आरोप प्रदेश डिपो संचालक समिति के अध्यक्ष अशोक कवि ने एक प्रेस बयान में लगाया है।

उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा डिपो पर दी गई पॉश मशीनों में बीते पांच वर्षों से इंटरनेट सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे डिपो संचालक हर माह लगभग 470 रुपये की निजी खर्च से डेटा प्लान चला रहे हैं। निजी डिपो धारक जहां यह राशि अपनी जेब से दे रहे हैं, वहीं सहकारी सभाएं शेयर होल्डर्स के पैसों का उपयोग कर रही हैं, जो कि सरासर अनुचित है।

अशोक कवि ने कहा कि विभाग की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह आवश्यक तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराए। उन्होंने बताया कि इस विषय को मुख्यमंत्री (जो खाद्य आपूर्ति विभाग के प्रभारी भी हैं), सचिव और निदेशक स्तर तक कई बार उठाया जा चुका है, परन्तु हर बार केवल आश्वासन ही मिले हैं।

अब विभाग ने फेस ऑथेंटिकेशन से राशन वितरण के आदेश जारी कर दिए हैं, जो बिना नेट और मोबाइल के असंभव है। सरकार आशा वर्कर व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मोबाइल व नेट सुविधा देती है, साथ में वेतन भी, जबकि डिपो संचालकों को मात्र 4 प्रतिशत कमीशन पर यह सब स्वयं वहन करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ये आदेश शीघ्र वापिस नहीं लिए गए तो प्रदेशभर के डिपो संचालक जिला मुख्यालयों में मशीनें वापस करके हाईकोर्ट का रुख करेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# प्रतिमा अनावरण के बहाने कांग्रेस ने दिया एकता का संदेश

## प्रियंका गांधी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पीठ थपथपाई, वीरभद्र सिंह की स्मृति में उमड़ा जनसैलाब

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान ने सोमवार को एक ऐसा दृश्य देखा जो राज्य की राजनीतिक स्मृतियों में लंबे समय तक अंकित रहेगा। पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश के जननायक स्व. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण समारोह ने कांग्रेस को एक सूत्र में पिरोने का काम किया। हजारों लोग प्रदेश के कोने-कोने से शिमला पहुंचे, जहां भावनाओं का सैलाब श्रद्धा में बदल गया। सोनिया गांधी की उपस्थिति और प्रियंका गांधी के आत्मीय व्यवहार ने इस आयोजन को राजनीति से अधिक एक भावनात्मक पर्व बना दिया।

यह आयोजन सिर्फ एक प्रतिमा के अनावरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह कांग्रेस की आंतरिक एकजुटता और समर्पण का प्रतीक बन गया। लंबे समय से सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूरी बनाए रखने वाली सोनिया गांधी का मंच पर उपस्थित होना इस बात का संकेत था कि वीरभद्र सिंह की स्मृति कांग्रेस के लिए सिर्फ इतिहास नहीं, बल्कि प्रेरणा का स्रोत है। उनके नाम पर उमड़ी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि जनता आज भी उस नेता को याद करती है जिसने हिमाचल को आधुनिकता और जनसरोकार के रास्ते पर आगे बढ़ाया।



पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण समारोह के दौरान रिज मैदान में उमड़ी भारी भीड़।

इस समारोह में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की कार्यशैली की सराहना कर यह स्पष्ट कर दिया कि पार्टी में नई पीढ़ी और पुराने नेतृत्व के बीच पुल मजबूत हो रहा है। उन्होंने जिस तरह मुख्यमंत्री की सादगी, जनता से निकटता और कामकाज की प्रशंसा की, उससे माहौल को आत्मीयता से भर दिया। इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एक नयी ऊर्जा और विश्वास दिया कि हिमाचल में पार्टी एक दिशा और एक लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है।

### रिज मैदान पर उमड़ी भीड़ ने कांग्रेस की जमीनी पकड़ को किया उजागर

**रिज** मैदान पर उमड़ी भीड़ ने कांग्रेस की जमीनी पकड़ और जनता के साथ उसके रिश्ते की गहराई को फिर उजागर किया। हिमाचल के हर जिले से आए लोग वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के सामने नारे लगा रहे थे, जो किसी राजनीतिक रैली से अधिक श्रद्धांजलि सभा का रूप ले चुके थे। यह जनसमूह न केवल वीरभद्र सिंह के प्रति प्रेम का प्रतीक था, बल्कि उस विरासत को जीवित रखने की जनता की प्रतिबद्धता का भी प्रदर्शन था, जिसे उन्होंने अपने कर्म और सादगी से रचा था।

### मंच पर एकजुट दिखे नेता व कार्यकर्ता

**कार्यक्रम** का समापन उस एकता की भावना के साथ हुआ जो आज की राजनीति में दुर्लभ होती जा रही है। कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता एक मंच पर एकजुट दिखे, मतभेदों की परछाइयां पीछे छूट गईं। यह आयोजन अपने आप में कांग्रेस के लिए आत्मविश्वास का नया अध्याय था। वीरभद्र सिंह की प्रतिमा अब केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि उस विचार का प्रतीक बन गई है जो जनसेवा, सादगी और समर्पण की भावना को जीवित रखती है। इस दिन ने यह संदेश दिया कि अगर राजनीति में भावनाएं और जनता के प्रति निष्ठा जीवित है, तो कांग्रेस की विरासत राज्य की धड़कनों में हमेशा गूंजती रहेगी।

# वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण प्रदेश के लिए गौरवशाली क्षण : प्रतिभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने आज रिज मैदान शिमला में पूर्व मुख्यमंत्री एवं आधुनिक हिमाचल के निर्माता वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण अवसर पर उमड़े विशाल जनसैलाब और सफल आयोजन पर सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह दिन न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे कांग्रेस परिवार और प्रदेश के लिए अत्यंत गौरवशाली है।



प्रतिभा सिंह ने इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस मामलों की प्रभारी सांसद रजनी पाटिल, सांसद राजीव शुक्ला, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, एआईसीसी सचिव चेतन चौहान और विदित चौधरी का भी हार्दिक धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कौल सिंह ठाकुर, कुलदीप कुमार, कुलदीप सिंह राठौर, मंत्रीमंडल के सभी सदस्यों, कांग्रेस विधायकों, बोर्डों और निगमों के अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों, अग्रणी संगठनों, विभागों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण उनके अदम्य नेतृत्व, जनसेवा और विकास के प्रति समर्पण की याद को सदा जीवित रखेगा।

**जनता का कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जताया आभार**

## न्यूज ब्रीफ

### ओडी गांव में भीषण आग, दो परिवार बेघर



**अनंत ज्ञान, रोहडू।** जुब्बल उपमंडल के खड़ापत्थर के समीप ओडी गांव में सोमवार सुबह एक भीषण अग्निकांड में दो परिवारों का रिहायशी मकान जलकर राख हो गया, जिससे करीब 85 लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। पुलिस के अनुसार सुरेन्द्र सिंह और उनके भाई हर दयाल सिंह के संयुक्त मकान में अचानक आग लग गई, जो शॉर्ट सर्किट के कारण हुई बताई जा रही है। स्थानीय लोगों और अग्निशमन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन दोनों परिवारों का सारा सामान, आभूषण और दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए। नायब तहसीलदार जुब्बल ने मौके पर पहुंचकर प्रभावित परिवारों को 15-15 हजार रुपये की फौरी राहत राशि, तिरपाल, राशन और बर्तन प्रदान किए। वहीं, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कोटखाई के गंधीनगर और जश्ला में हुई आगजनी की घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य तुरंत आरंभ कर दिए गए हैं और प्रशासन को आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश जारी किए गए हैं। ठाकुर ने प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद का आश्वासन देते हुए स्थानीय लोगों से प्रशासन के साथ सहयोग करने और आग से बचाव के नियमों का पालन करने की अपील की है।

### प्राचार्या अंजलि चौहान ने दिलाई शपथ

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में सोमवार को केंद्रीय छात्र संघ के पदाधिकारियों, कक्षा प्रतिनिधियों और मनोनीत सदस्यों को शपथ दिलाई गई। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. अंजलि चौहान ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जबकि आयोजन का संचालन समिति समन्वयक डॉ. दामोदर गौतम की देखरेख में सीएससीए कमेटी द्वारा किया गया। प्राचार्या अंजलि चौहान ने अध्यक्ष आराधना, उपाध्यक्ष योगिता शर्मा, महासचिव लोकेश और सह सचिव बबली को शपथ दिलाई और कोट व बैज पहनाकर सम्मानित किया। इसी प्रकार कक्षा प्रतिनिधियों और मनोनीत सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई। प्राचार्या ने सभी नव निर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठा और नेतृत्व की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। समारोह में कॉलेज के प्राध्यापकगण, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अक्षीव ने बैडमिंटन का एकल मुकाबला जीता

**अनंत ज्ञान सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में पूर्व छात्र संघ के तत्वावधान में पुरुष वर्ग की ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 का आयोजन सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में हिमाचल के आठ जिलों सहित चंडीगढ़, हरियाणा और देहरादून से 150 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि होटल हॉट स्प्रिंग्स तत्तापानी के एमडी प्रेम रैणा तथा विशिष्ट अतिथि सतलुज जल विद्युत निगम सुन्नी के परियोजना प्रमुख राजीव कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को पुरस्कृत किया। एकल वर्ग में जिला सोलन के अक्षीव दत्ता विजेता व जिला सिरमौर के महान रक्षित उपविजेता रहे, जबकि युगल वर्ग में समरवीर शर्मा व अक्षीव दत्ता विजेता और जिला शिमला के रक्षित व अमन उपविजेता बने। 'बेस्ट शटलर ऑफ द टूर्नामेंट' का खिताब अक्षीव दत्ता को मिला। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी समरवीर शर्मा की प्रेरणादायक उपस्थिति प्रतियोगिता का आकर्षण रही। डॉ. प्रवीन शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित कर नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना तथा उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है।

# भर्ती और मरम्मत कार्यों में लाएं तेजी : रोहित

## शिक्षा मंत्री ने भर्ती प्रक्रियाओं में तेजी व रिक्त पदों को जल्द भरने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिक्षा विभाग में चल रही विभिन्न योजनाओं, भर्ती प्रक्रियाओं और अवसंरचना कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर आज यहां वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सभी स्वीकृत पदों को शीघ्र हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग और लोक सेवा आयोग को भेजने के निर्देश दिए ताकि स्कूलों में रिक्त पद जल्द भरे जा सकें। उन्होंने टीजीटी, जेबीटी, पंजाबी और उर्दू शिक्षकों सहित खेल छात्रावासों में डीपीई और कोच की भर्ती के मामलों पर नियमित निगरानी रखने को कहा, ताकि समय पर नियुक्तियां सुनिश्चित हो सकें।

शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों की उपलब्धता और शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने के निर्देश दिए ताकि विद्यार्थियों को किसी कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने 9वीं और 10वीं कक्षाओं में पीजीटी शिक्षकों की नियुक्तियों की समीक्षा की और उप-निदेशकों को शिक्षकों द्वारा अपनाए जा रहे नवाचारपूर्ण शिक्षण तरीकों को साझा करने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जो पीजीटी पदोन्नति के बाद समय पर ज्वाइनिंग नहीं दे रहे हैं, उनकी पदोन्नति रद्द कर अगला योग्य उम्मीदवार नियुक्त किया जाए। उन्होंने नए प्राथमिक विद्यालय खोलने की औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करने और कोटखाई व पांवटा साहिब में केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने की प्रक्रिया को तेज करने को कहा।



### स्कूलों की मरम्मत व शिक्षा ऋण योजना की समीक्षा

**रोहित** ठाकुर ने हाल ही में प्राकृतिक आपदाओं से स्कूलों को हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त की और मरम्मत कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 1320 से अधिक शिक्षण संस्थान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनको लगभग 122 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने पीडीएनए फंड का सही उपयोग सुनिश्चित करने और 75 प्रतिशत से अधिक क्षति वाले संस्थानों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### छात्रों को शिक्षा ऋण उपलब्ध करवाने के निर्देश

**शिक्षा** मंत्री ने डॉ. वाई.एस. परमार विद्यार्थी ऋण योजना की भी समीक्षा की और अधिकारियों को सभी पात्र छात्रों को एक प्रतिशत ब्याज दर पर शिक्षा ऋण उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त शिक्षा सचिव शुभकरण सिंह, परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा राजेश शर्मा, निदेशक स्कूल शिक्षा आशीष कोहली सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रियंका गांधी के घर से हिमाचल को क्या फायदा हुआ, बताएं सुक्खू : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व और सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रियंका गांधी और कांग्रेस आला कमान ने विधानसभा चुनाव के दौरान हिमाचल की जनता से झूठी गारंटियां देकर जो भरोसे का सौदा किया था, अब तीन साल बाद उन्होंने उसकी ओर मुड़कर भी नहीं देखा। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रियंका गांधी हिमाचल आईं, लेकिन उन्होंने एक बार भी अपनी ही गारंटियों पर सरकार से सवाल नहीं पूछा। रिज मैदान पर आयोजित सरकारी कार्यक्रम पूरी तरह राजनीतिक रंग में रंगा हुआ था, जहां मंच से सरकार की उपलब्धियों के बजाय प्रधानमंत्री पर हमले बोले गए।



उन्होंने कहा कि हिमाचल को आपदा राहत के लिए केंद्र सरकार ने 5500 करोड़ रुपये की सहायता दी है, इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री ने 1500 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज भी घोषित किया। इसके बावजूद राज्य सरकार आपदा प्रभावितों को 300 करोड़ रुपये तक नहीं दे पाई। जो सरकार राहत राशि बांटने में असफल रही, वह किस नैतिकता से केंद्र सरकार पर सवाल उठा रही है? उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से मिलने वाला हर पैसा हिमाचल के भले के लिए है, किसी व्यक्ति या दल की जेब भरने के लिए नहीं।

मुख्यमंत्री सुक्खू पर निशाना साधते हुए, जयराम ठाकुर ने कहा कि उन्होंने अपने भाषण में कहा कि प्रियंका गांधी द्वारा हिमाचल में घर बनाना राज्य के लिए बहुत फायदेमंद रहा। जयराम ठाकुर ने पूछा कि आखिर इससे प्रदेश को क्या लाभ हुआ? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि प्रियंका गांधी के घर बनाने से किस क्षेत्र में, किस वर्ग को, और किस रूप में फायदा पहुंचा है, क्योंकि जनता तो उनके इस दावे से पूरी तरह हैरान है।

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि रिज मैदान पर जो कार्यक्रम आयोजित किया गया, वह सरकारी नहीं बल्कि पूरी तरह राजनीतिक था। रिज की अपनी गरिमा है, जहां अब तक केवल प्रधानमंत्रियों को ही राजनीतिक भाषण देने की अनुमति रही है। उन्होंने कहा कि यदि यह सरकारी कार्यक्रम था तो मंच से सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की चर्चा होती, लेकिन मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेताओं ने इसे केंद्र सरकार की आलोचना का मंच बना दिया। जयराम ठाकुर ने व्यंग्य करते हुए कहा कि प्रियंका गांधी ने विधानसभा चुनावों के दौरान जिस तरह गुमचरों को लगाकर हिमाचल के लोगों की नब्ज टटोली थी, अब भी उन्हें अपने उन्हीं गुप्तचरों को भेजकर सरकार की हालत जाननी चाहिए। इससे उन्हें समझ आ जाएगा कि तीन साल में हिमाचल किस तरह भ्रष्टाचार, कार्यवाहक व्यवस्थाओं व मित्र मंडली की मौज-मस्ती में उलझकर तीस साल पीछे चला गया है।

# भाजपा ने किसान, युवा, अनुसूचित जाति व जनजाति मोर्चों की घोषित की नई टीमें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी ने जिला शिमला के चारों मोर्चों किसान मोर्चा, युवा मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा और अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों की नई नियुक्तियों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने इन नियुक्तियों को संगठन में नई ऊर्जा और सशक्त नेतृत्व की दिशा में बड़ा कदम बताया है।

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला शिमला के अध्यक्ष दिशान ठाकुर के नेतृत्व में नई टीम गठित की गई है। इस टीम में सत्यम भारद्वाज और पूनम पठानिया को उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि राजू ठाकुर, राजाराम ठाकुर और दीपक ठाकुर को महामंत्री नियुक्त किया गया है। दीपक ठाकुर, अजय सिंह ठाकुर और राजेश पाराशर सचिव होंगे। मोर्चे के कोषाध्यक्ष राजीव शर्मा होंगे, जबकि प्रवक्ता के रूप में रमेश चौहान और रमेश चंदेल को जिम्मेदारी दी गई है। विभिन्न मंडलों के अध्यक्षों में राकेश ठाकुर (शिमला शहरी), अजुय चौकसे (संजौली) और अजय शर्मा (शिमला ग्रामीण) शामिल हैं।

भाजपा युवा मोर्चा जिला शिमला की कमान सुमित ठाकुर को सौंपी गई है। उनकी टीम में राहुल वर्मा, अजय शर्मा और राहुल सढ़ोटा उपाध्यक्ष होंगे, जबकि संजय पुंडीर महामंत्री और सुमित ठाकुर, अभिषेक सचिव होंगे। जोगिंदर ठाकुर को कोषाध्यक्ष, रवीर कांता शर्मा कार्यालय सचिव तथा रविंद्र ठाकुर मीडिया प्रभारी बनाया गया है। प्रवक्ता के तौर पर मोहित ठाकुर और सुरेश राणा को नियुक्त किया गया है। शिमला शहरी मंडल की अध्यक्षता रविकांत धीमान, संजौली मंडल की नमन शर्मा और शिमला ग्रामीण मंडल की बलवंत वर्मा करेंगे।

### अनुसूचित जाति मोर्चा जिला शिमला की जिम्मेदारी पूर्णमल को सौंपी

**भाजपा** अनुसूचित जाति मोर्चा जिला शिमला की बागडोर पूर्णमल के हाथों में दी गई है। नई टीम में भोराराम चंदेल और मान सिंह धीमान उपाध्यक्ष होंगे। सचिव पद पर रमेश कुमार, सुरेश चौहान और हितेंद्र राम को नियुक्त किया गया है, जबकि कोषाध्यक्ष हरदेव सिंह होंगे। मंडल अध्यक्षों में दीपक मट्टू (शिमला शहरी) और उषा कौशल (संजौली) प्रमुख हैं। वहीं अनुसूचित जनजाति मोर्चा की कमान जयचंद नेगी को सौंपी गई है। उपाध्यक्ष ज्ञान नेगी, नेहरू नेगी और रविकांत नेगी होंगे। महामंत्री अश्विनी भारद्वाज तथा सचिव कमल ठाकुर, मदन तोमर और अजना राम को नियुक्त किया गया है। मीडिया प्रभारी बलवंत सिंह होंगे और मंडल अध्यक्षों में रंजीत ठाकुर (संजौली), रोहित सिंह (कसुम्पटी) और पूजा नेगी (कसुम्पटी ग्रामीण) शामिल हैं।

# फील्ड सेल्स एग्जीक्यूटिव के 80 पदों के लिए शिमला में कैंपस इंटरव्यू 15 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी शिमला देवेंद्र कुमार ने जानकारी दी कि पेटीएम सर्विसेज लिमिटेड, जीएम प्लाजा, फेस-7, इंडस्ट्रियल एरिया मोहाली द्वारा फील्ड सेल्स एग्जीक्यूटिव के 80 पदों को भरने के लिए 15 अक्टूबर, 2025 को क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय शिमला में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास या इससे अधिक होनी चाहिए तथा आयु सीमा 18 से 42 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। इन पदों के लिए केवल पुरुष उम्मीदवार पात्र होंगे। आवेदक के पास एंड्रॉयड फोन और दोपहिया वाहन का होना आवश्यक है, क्योंकि कार्य क्षेत्रीय स्तर पर गतिशीलता की मांग करता है। **पंजीकरण और इंटरव्यू प्रक्रिया:** इच्छुक उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों और रिज्यूम सहित 15 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय शिमला में उपस्थित हों। साथ ही, आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकृत होना अनिवार्य है। जिन अभ्यर्थियों का पंजीकरण अभी तक नहीं हुआ है, वे वेबसाइट पर जाकर घर बैठे पंजीकरण कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार मोबाइल नंबर 62847-96434 पर संपर्क कर सकते हैं।

# विद्यार्थियों ने देशभक्ति व रंगारंग प्रस्तुतियों से मोहा दर्शकों का मन



एसडीएवी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहडू में 'गूंज-2025' वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान, रोहडू**

एसडीएवी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहडू में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह "गूंज-2025" का आयोजन हर्षोल्लास के साथ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि बैडमिंटन कोच डॉ. ओंकार शर्मा और एनएन शदाट रहे, जबकि आचार्य दिलीप शर्मा ने गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र भारद्वाज ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों की उपलब्धियों का उल्लेख किया।

विद्यार्थियों ने देशभक्ति, संस्कृति और समाज सेवा पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथियों ने वर्षभर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। समारोह में पीटीए प्रधान कपिल रमोल्टा, उपप्रधान उमा शर्मा, सदस्य डॉली, अनु जिन्टा, सविता सवि और पायल शर्मा सहित कई उपस्थित रहे।

# सीमा कॉलेज की वॉलीबाल टीम ने अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में लहराया परचम



**अनंत ज्ञान, रोहडू।**

राजा वीरभद्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीमा की वॉलीबाल टीम ने हमीरपुर के गौतम कॉलेज में आयोजित अंतर-महाविद्यालय वॉलीबाल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। टीम ने रोमांचक मुकाबले में रामपुर महाविद्यालय को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत छात्रों की मेहनत, समर्पण और टीम भावना का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कॉलेज के छात्र न केवल पढ़ाई, बल्कि खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जो गर्व की बात है। टीम के इंचार्ज हैपिंद्र के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। कॉलेज परिवार ने विजयी टीम को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**संभावना** आलाकमान का सॉफ्ट कॉर्नर आया सामने, एक बड़ा राजनीतिक तबका समर्थन जताने में जुटा

# रोहित ठाकुर बन सकते हैं हिमाचल कांग्रेस के नए प्रदेशाध्यक्ष

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल कांग्रेस में लंबे समय से खत्म न होने वाली अध्यक्ष पद की खींचतान अब निर्णायक मोड़ पर दिख रही है। अब ताजा राजनीतिक घटनाक्रम में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का नाम इस दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है। सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी समेत कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के शिमला आगमन ने संगठन में फिर से हलचल पैदा कर दी है और संभावना जताई जा रही है कि अगले कुछ दिनों में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा हो सकती है। राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में यह कदम पंचायत चुनावों से पहले संगठन को एक नया रूप दे सकता है।

जानकारी के अनुसार रोहित ठाकुर की छवि जमीनी, शांत और अनुभवी नेता की है। वे किसी भी विवाद को शालीनता से संभालते हैं, विरोधियों तक उनकी तारीफ करते हैं और अक्सर कहा जाता है कि वे कभी किसी की बात का बुरा नहीं मानते। यही मित्र और प्रतिद्वंद्वी दोनों में उनके प्रति सम्मान जगाता है। जुब्बल-कोटखाई विधानसभा की मजबूत पकड़ के साथ ठाकुर ने शिक्षा मंत्रालय में भी बेहतर काम करके दिखाया है; उनके काम करने का तरीका यह बताता है कि उन्हें यह जिम्मेदारी विरासत में मिली है और उन्होंने उसे परिपक्वता व समझदारी से आगे बढ़ाया है।

उनके राजनीतिक साहचर्य और संगठन चलाने की कला पर लंबे वर्षों का अनुभव स्पष्ट दिखाई देता है। रोहित के दादा दिग्गज नेता ठाकुर रामलाल प्रदेश की राजनीति में एक प्रभावशाली चेहरे रहे हैं। दो बार मुख्यमंत्री, एक बार राज्यपाल और कई विभागों में मंत्री रहे। उनके कुशल राजनीतिक व्यवहार ने परिवार को पारंपरिक राजनीतिक सोच और प्रशासनिक अनुभव की विरासत दी है। रोहित ठाकुर में यह विरासत, संयम और व्यवहारिकता का मेल दिखता है। वे सभी को साथ लेकर चलने की क्षमता रखते हैं और यही कारण है कि आलाकमान उन्हें लेकर सॉफ्ट कॉर्नर दिखा रहा है।

पार्टी अंदरूनी तौर पर बदलाव के पक्ष में है, पर विरासत और भावनात्मक समीकरण भी काम कर रहे हैं। वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की राजनीतिक पहचान और वीरभद्र परिवार की भावनाएं महत्व रखती हैं, इसलिए निर्णय लेते समय इन सभी पहलुओं पर खामोशी से विचार हो रहा है। फिर भी पार्टी में यह धारणा स्पष्ट है कि एक युवा, सक्रिय और संतुलित नेतृत्व संगठन को सत्ता निर्माण की दिशा में मजबूती दे सकता है।

### शिक्षा मंत्री पद से दे सकते हैं इस्तीफा

**दिल्ली** में हुई बैठकों और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के पक्षधर संकेतों ने रोहित ठाकुर के पांव और मजबूत कर दिये हैं। यदि आलाकमान उन्हें प्रदेश अध्यक्ष चुनता है तो वे मंत्री पद से इस्तीफा देने को तैयार हैं और पार्टी के 'एक व्यक्ति एक पद' के सिद्धांत को अपनाने का संदेश खुद देकर संगठन में स्थिरता लाना चाहेंगे।



### रोहित की ताजपोशी से मिलेगी नई दिशा

अगर सब कुछ तय कार्यक्रम के अनुसार हुआ तो वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण के बाद इसी अक्टूबर माह के बीच हिमाचल कांग्रेस के नए अध्यक्ष की घोषणा संभव है। रोहित ठाकुर की ताजपोशी से पार्टी में नई ऊर्जा और संगठनात्मक सुदृढ़ता की उम्मीद जताई जा रही है, जो आने वाले पंचायत चुनावों से पहले कांग्रेस के लिए निर्णायक साबित हो सकती है।

मात्रास्पर्शास्तु कौन्तेय शीतोष्णसुखदु:खदा: आगमापायिनोऽनित्यास्तां स्तितिक्षस्व भारत॥

हे कुंतीपुत्र! सर्दी-गर्मी और सुख-दु:ख को देने वाले इंद्रिय और विषयों के संयोग तो उत्पत्ति-विनाशशील और अनित्य हैं, इसलिए हे भारत! उनको तू सहन कर॥

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 14 अक्तूबर 2025

# लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त

## पूजा विधि और पर्व का संपूर्ण महत्व

## 20 को मनेगा दीपों का महापर्व



### लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त : कब करें पूजन

**दीपावली** की रात कार्तिक अमावस्या होती है, जो तंत्र-मंत्र, लक्ष्मी साधना और गुप्त पूजन के लिए अत्यंत शुभ मानी जाती है। इस बार लक्ष्मी पूजन के समय स्वाती नक्षत्र रहेगा और चंद्रमा तुला राशि में गोचर करेगा। इस दिन प्रदोष काल, अमावस्या तिथि, और निशिता काल विशेष फलदायक माने गए हैं।

**लक्ष्मी पूजन मुहूर्त :** सांयकाल से लेकर अर्द्धरात्रि तक (अपने शहर के अनुसार समय देखें)

**योग :** प्रीति योग और आयुष्मान योग

**विशेष :** व्यापारियों व गृहस्थों के लिए अत्यंत शुभ दिन

### लक्ष्मी पूजन की आवश्यक सामग्री

***लक्ष्मी पूजन में उपयोग होने वाली प्रमुख वस्तुएं इस प्रकार हैं***

रोली, मौली, लौंग, इलायची, पान, सुपारी, धूप, कपूर, अगरबत्ती, गुड़, धनिया, अक्षत, फल, फूल, जौं, गेहूं, दूर्वा, श्वेतार्क पुष्प, चंदन, दीपक, घी, पंचामृत, गंगाजल, नारियल, एकाक्षी नारियल, पंचरत्न, यज्ञोपवित, श्वेत वस्त्र, इत्र, कलश, चौकी, कमलगट्टे की माला, शंख, श्री यंत्र, कुबेर यंत्र, लक्ष्मी-गणेश प्रतिमा या चित्र, चांदी का सिक्का, आसन, पूजा थाली, मिष्ठान आदि।

### दिवाली का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

**दीपावली** का पर्व केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, यह भारतीय सांस्कृतिक विरासत का जीवंत स्वरूप है। कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी से शुरू होकर शुक्ल द्वितीया तक चलने वाला यह पांच दिवसीय उत्सव सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य, व्यापार-वृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक माना जाता है।

***भारतवर्ष में श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक रोशनी से भरे दीपावली पर्व का विशेष स्थान है। इस वर्ष 2025 में दीपावली सोमवार, 20 अक्तूबर को मनाई जाएगी। यह दिन न केवल धन की देवी महालक्ष्मी की आराधना के लिए पवित्र माना जाता है, बल्कि यह व्यापार, सुख-समृद्धि और शुभ प्रारंभ का प्रतीक भी है।***



### प्रकाश का पर्व

**इस** पर्व पर घर-घर दीप जलाकर अंधकार को मिटाया जाता है। दीप जलाना प्रतीक है अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान और आशा के प्रकाश को आमंत्रित करने का।

### दीपदान का महत्व

**दीपावली** की रात को महानिशीथ काल कहा जाता है, जिसमें लक्ष्मी जी पृथ्वी पर विचरण करती हैं। हर कोने में दीप जलाना इसलिए आवश्यक माना गया है ताकि लक्ष्मीजी का स्वागत रोशनी के मार्ग से हो। यह अंधकार पर उजाले की विजय का प्रतीक भी है।

### लक्ष्मी-गणेश पूजन की विधि

**शाम** के समय घर को साफ-सुथरा करके लक्ष्मी और गणेश जी की मूर्तियों को स्थापित करें। श्री सूक्त, लक्ष्मी सूक्त, अथवा कुबेर स्तोत्र आदि का पाठ करें। पूजा के बाद भोग लगाएं, आरती करें और फिर पटाखों व आतिशबाज़ी के साथ त्योहार का उल्लास मनाएं।

### बहीखाता और लेखनी पूजन का महत्व

**लेखनी पूजन**

दीपावली के दिन नई लेखनी अथवा पेन को शुद्ध जल से धोकर उस पर मौली बांधें और पूजा स्थल पर स्थापित करें। मंत्र- लेखनीस्थायै देव्यै नमः का जाप करते हुए पूजन करें।

**बही-खाता पूजन**

व्यापारियों के लिए दिवाली नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत मानी जाती है। लाल वस्त्र पर नई बहीखातों को स्थापित करें, उन पर केसर या कुमकुम से 'स्वस्तिक' का चिन्ह बनाएं। फिर श्री गणेशाय नमः, श्री सरस्वत्यै नमः आदि मंत्रों से पूजन करें।

### शुभ-लाभ और तुला पूजन

**अपने** व्यापारिक स्थल पर मुख्य द्वार पर 'शुभ लाभ' , स्वस्तिक, और देहली विनायकाय नमः मंत्र के साथ पूजा करें।

### दीपावली में पूजित देवतागण

**मां लक्ष्मी :** धन, वैभव और समृद्धि की देवी
**भगवान गणेश :** विघ्नहर्ता और शुभारंभ के देव
**मां सरस्वती :** ज्ञान, कला और विद्या की अधिष्ठात्री
**इंद्र देव :** सुख-संपदा और ऋतु संतुलन के देवता

***पौराणिक संदर्भः मान्यता है कि समुद्र मंथन के दौरान कार्तिक अमावस्या की रात्रि में लक्ष्मी जी प्रकट हुई थीं, इसीलिए यह दिन विशेष फलदायक माना जाता है। इसी कारण इस दिन लक्ष्मी पूजन के साथ गणेश जी, सरस्वती जी और इंद्र देव की भी आराधना की जाती है। 20 अक्तूबर को मनाई जाने वाली दीपावली पर ध्यानपूर्वक लक्ष्मी पूजन करें, शुभ मुहूर्त का पालन करें और अपनी आस्था व भक्ति से जीवन को धन-धान्य, यश और शांति से भर दें।***

# धनतेरस : धन, आरोग्य व मंगल का प्रतीक पर्व



**धनतेरस** हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण और शुभ त्योहार है, जो दीपावली से दो दिन पहले मनाया जाता है। इस वर्ष धनतेरस 18 अक्तूबर को मनाई जाएगी। इस दिन को 'धनत्रयोदशी' भी कहा जाता है, क्योंकि यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को पड़ता है। धनतेरस का पर्व धन, आरोग्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इस दिन लोग अपने घरों में नए बर्तन, सोना, चांदी या अन्य कीमती वस्तुएं खरीदते हैं, ताकि आने वाला वर्ष शुभ और संपन्न हो। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, धनतेरस के दिन धनवंतरी देव का जन्म हुआ था, जो भगवान विष्णु के अवतार माने जाते हैं और आयुर्वेद के जनक कहलाते हैं। कहा जाता है कि धनवंतरी देव समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे, इसलिए इस दिन भगवान धनवंतरी की पूजा आरोग्य, आयुर्वेद और दीर्घायु की कामना के साथ की जाती है। धनतेरस के दिन बाजारों में रौनक देखते ही बनती है। लोग शुभ मुहूर्त में सोने-चांदी के सिक्के, बर्तन, आभूषण और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं खरीदते हैं। व्यापारी वर्ग के लिए यह दिन नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत का भी प्रतीक होता है। घरों में दीप जलाकर, लक्ष्मी-गणेश और भगवान धनवंतरी की पूजा की जाती है, ताकि सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि बनी रहे।

इस वर्ष धनतेरस की पूजा करने का शुभ मुहूर्त सायंकाल 7:16 बजे से 8:20 बजे तक रहेगा। यह समय प्रदोष काल में आता है, जो सूर्यास्त के बाद का सबसे शुभ समय माना जाता है। इस अवधि में लक्ष्मी पूजा, दीपदान और भगवान धनवंतरी की आराधना करना अत्यंत शुभ फलदायी होता है। धनतेरस केवल खरीदारी का पर्व नहीं, बल्कि यह स्वास्थ्य और समृद्धि दोनों का संदेश देने वाला उत्सव है। इस दिन की गई शुभ शुरुआत को पूरे वर्ष के लिए मंगलकारी माना जाता है। लोग इस अवसर पर अपने घरों की सफाई, साज-सज्जा और पूजा-पाठ में विशेष ध्यान देते हैं ताकि लक्ष्मी कृपा स्थायी रूप से बनी रहे। अंततः धनतेरस हमें यह सिखाता है कि जीवन में धन के साथ-साथ स्वास्थ्य भी उतना ही आवश्यक है। यदि शरीर स्वस्थ हो और मन प्रसन्न, तो वही सच्चा धन है। इसलिए धनतेरस केवल खरीदारी का नहीं, बल्कि जीवन को सुंदर, स्वस्थ और समृद्ध बनाने का पर्व है।


-विभा शर्मा, ज्योतिषविद

# लक्ष्मी पूजन के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदोषकाल और स्थिर लग्न का योग

*__श्री शारदा__ ज्योतिष निकेतन के निदेशक व हस्तरेखा विशेषज्ञ कैप्टन पंडित लेखराज शर्मा ने 'अनंत ज्ञान' दैनिक समाचार पत्र से विशेष बातचीत में बताया कि इस वर्ष दीपावली पर्व की तिथि को लेकर पंचांगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। कुछ पंचांगों में 21 अक्तूबर को दीपावली मनाने की बात कही गई थी, लेकिन भारतीय ज्योतिर्विद परिषद की 4 अक्तूबर को हुई बैठक में विद्वानों ने शास्त्रीय आधार पर यह स्पष्ट किया कि दीपावली 20 अक्तूबर सोमवार को ही मनाई जानी चाहिए। बैठक की अध्यक्षता परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रो. रामचंद्र पांडेय ने की। परिषद में उपस्थित विद्वानों ने बताया कि 20 अक्तूबर की संध्या को लक्ष्मी पूजन के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदोषकाल और स्थिर लग्न का योग बन रहा है, जबकि 21 अक्तूबर को प्रदोषकाल अमावस्या तिथि में नहीं रहेगा। इस कारण शास्त्रों के अनुसार 20 अक्तूबर को ही दीपावली मनाना उचित है। परिषद ने देशभर के सनातन धर्मावलंबियों से एक मत होकर शास्त्र वचनों का पालन करने का आग्रह किया है। पंडित लेखराज शर्मा ने बताया कि स्कंद पुराण, नारद पुराण, कालविवेक तंत्र और धर्मसिंधु जैसे प्राचीन ग्रंथों में स्पष्ट उल्लेख है कि 'अमावास्यायां प्रदोषे च लक्ष्मीपूजनं श्रेयस्करम्', अर्थात अमावस्या की प्रदोषकालीन बेला में लक्ष्मी पूजन करना सर्वश्रेष्ठ फलदायी होता है। इस वर्ष अमावस्या तिथि 20 अक्तूबर को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट से शुरू होकर 21 अक्तूबर को शाम 5 बजकर 55 मिनट तक रहेगी। ऐसे में 20 अक्तूबर की संध्या का प्रदोषकाल पूरी तरह अमावस्या तिथि में रहेगा, जो शास्त्रों के अनुसार सबसे शुभ है। द्रिक पंचांग के अनुसार लक्ष्मी-गणेश पूजन का सर्वश्रेष्ठ समय 20 अक्तूबर को शाम 7 बजकर 8 मिनट से रात 8 बजकर 18 मिनट तक रहेगा। यह अवधि प्रदोषकाल और स्थिर वृष लग्न का संयोग है। शास्त्रों में कहा गया है- 'स्थिरे लग्ने स्थिरं धनं' अर्थात स्थिर लग्न में किया गया पूजन स्थायी धन और सुख-समृद्धि प्रदान करता है। इस काल में लक्ष्मी पूजन करने से मां लक्ष्मी शीघ्र प्रसन्न होती हैं और भक्तों को समृद्धि, आरोग्य तथा सौभाग्य का आशीर्वाद देती हैं। पंडित लेखराज शर्मा ने कहा कि इस बार 20 अक्तूबर की संध्या को अमावस्या, प्रदोषकाल और स्थिर लग्न का त्रिवेणी संयोग बन रहा है, जो वर्ष में एक ही बार आता है, इसलिए श्रद्धालुओं को चाहिए कि वे इसी दिन मां लक्ष्मी और भगवान गणेश का पूजन करें, दीपदान करें और परिवार सहित दीपावली का पर्व उल्लासपूर्वक मनाएं। उन्होंने देशवासियों से अपील की है कि वे 20 अक्तूबर को ही दीपावली मनाएं, ताकि धर्म, आस्था और शास्त्र का संतुलन बना रहे।*

***अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर***


कैप्टन पंडित लेखराज शर्मा
श्री शारदा ज्योतिष निकेतन के निदेशक

# समस्त पापों से मुक्त करे रमा एकादशी



**एकादशी** का व्रत कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को किया जाता है। वर्ष 2025 में 17 अक्तूबर के दिन रामाकृष्णा का व्रत रखा जाएगा। इस दिन भगवान श्री विष्णु जी का पूजन एवं भागवत गीता का पाठ सहित अन्य कार्य उत्तम होते हैं। पुराणों के अनुसार मुचुकुंद नाम के राजा का महत्व है, वह दयालु और श्री विष्णु के परम भक्त थे। इंद्र, वरुण, कुबेर और विभीषण आदि उसके मित्र थे। उनके राज्य में सभी आकर्षक और सुख निर्भीक बने रहे। एक समय राजा के घर एक कन्या ने जन्म लिया। कन्या का नाम चंद्रभागा रखा गया। बेटी के युवा होने पर राजा ने अपनी शादी राजा चंद्रसेन के पुत्र साभान के साथ कर दी। जब चंद्रभागा अपने राक्षस में था, तो एक एकादशी पद पर वह भी एकादशी का व्रत करने की कामना करता है। लेकिन उनके पति शोभन इस व्रत को करने में शारीरिक रूप से अक्षम थे, इस कारण वह अपनी पत्नी को व्रत न कर पाने के बारे में बताते थे, जब व्रत न करने की बात चंद्रभागा को पता चली तो वह बहुत परेशान थी। वह अपने पति को उस दिन किसी और जगह ले जाने के लिए कहती है, क्योंकि अगर वह घर पर रहेगी तो उसके लिए व्रत ही करेगी। पत्नी की ये बात हैरान शोभन ने कही है कि तब तो मैं यही सोचूंगी और व्रत रखूंगी। इस प्रकार पति-पत्नी का व्रत किया जाता है। व्रत में उन्हें भूख प्यास लगी और उनकी मृत्यु हो गई। रामरात्रि के प्रभाव से सोभन को एक उत्तम नगर प्राप्त हुआ, लेकिन यह अदृश्य था। एक बार उनकी पत्नी राज्य की एक ब्राह्मण यात्रा के लिए निकलीं, उन्होंने रास्ते में शोभन का नगर देखा और शोभन ने उन्हें बताया कि उन्हें रमा दीक्षित के प्रभाव से यह नगर प्राप्त हुआ है। सोभन ने ब्राह्मण से कहा कि मेरी पत्नी चंद्रा भागा से इस नगर के बारे में और मेरे बारे में कहती है। वह सब ठीक कर देवी, ब्राह्मण ने वहां ज्ञान चंद्रभागा को सारा वृतान्त स्थिरांक कहा। चंद्रभागा बचपन से ही एकादशी व्रत निकाली आ रही थी। उसने अपनी सभी एकादशियों के प्रभाव से अपने पति और उसके राज्य को वास्तविकता का कर दिया और अंत में अपने पति के साथ दिव्यरूप धारण करके और दिव्य वस्त्र अंगलकों से युक्त नाटकों का आनंद अपने पति के साथ बनी रही। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी का नाम राम कृष्ण पक्ष है। इस एकादशी को रम्भा एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस व्रत से सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। ब्रह्मांड के एक शब्द से वाजपेय यज्ञ का फल मिलता है। जो सूर्य फल व चंद्र ग्रहण पर कुरुक्षेत्र व काशी में स्नान करने से, दान करने से वह भगवान विष्णु के पूजन से होता है। विश्वरूपी विष्णु भगवान में ऑनलाइन संपर्क के लिए इस एकादशी का व्रत और भगवान का पूजन अत्यंत आवश्यक है। स्वयं भगवान ने यही कहा है कि राम व्रत से जीव कुयोनियां प्राप्त नहीं होतीं। एकादशी के दिन भक्ति में तुलसी दल भगवान विष्णु को अर्पण करने से इस संसार के सभी पापों का समावेश होता है। विष्णु भगवान रत्न, मोती, मणि तथा आभूषण आदि से आकर्षक कलाकृतियां नहीं होतीं, तुलसी दल से प्रदर्शित होती हैं। रामाम् पूर्णिमा का व्रत करने से ब्रह्महत्या आदि के पाप नष्ट होते हैं।

# नरक चतुर्दशी

**रूप चतुर्दशी** को नरक चतुर्दशी, नरक चौदस, रूप चौदस या हेला पूजा के स्थान से जाना जाता है। इस दिन कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी पर मृत्यु के देवता यमराज की पूजा का विधान है। इस साल 2025 को रूप चतुर्दशी 20 अक्तूबर का दिन मनाया जाएगा। इसे छोटे दीपावली के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सवेरे दीपक जलाए जाते हैं और चारों ओर रोशनी की जाती है। रूप चौदस के दिन तिल का भोजन और तेल मालिश, दंतधावन, उबटन और स्नान आवश्यक होता है। नरक चतुर्दशी की पूजा अकाल मृत्यु से मुक्ति और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए की जाती है। एक पौराणिक कथा के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्भुजी के दिन हेलासुर का वध करके, देवताओं और ऋषियों को उनके आतंक से मुक्ति दिलवाई थी। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण की भी पूजा का विधान है। भगवान श्री कृष्ण की पूजा करने से व्यक्ति को सौंदर्य की प्राप्ति होती है। रूप चतुर्दशी से संबंधित एक कथा भी प्रचलित है, जिसमें कहा गया कि प्राचीनकाल में हिरण्यगर्भ नामक राज्य में एक योगी रहते थे। एक बार योगीराज ने प्रभु को प्राप्त करने की इच्छा से समाधि धारण करने का प्रयास किया। अपनी इस तपस्या के दौरान उन्हें अनेक कष्टों का सामना करना पड़ा। उसकी इतनी विभत्स दशा के कारण वह बहुत दुःखी होते हैं। उस विचरण में नारद जी उन योगी राज जी के पास आए और उन योगीराज से उनके दुःख का कारण बने। योगीराज ने कहा कि, हे मुनिवर मैं प्रभु को उनकी भक्ति में लीन कर रहा हूं, लेकिन मुझे इस कारण से कई कष्ट हुए हैं, ऐसा क्यों हुआ? योगी के करूणा वचन श्रद्धेय नारद जी कहते हैं, हे योगीराज तुम्हें मार्ग तो मिला नहीं, साथियों के साथ आचार का पालन नहीं हुआ। इसी कारण यह दशा हुई है। नारदजी उन्हें कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के दिन व्रत करने वाले भगवान की पूजा आराधना करने के लिए कहते हैं, क्योंकि ऐसा करने से योगी का शरीर पुनः स्वस्थ और रूपवान हो जाएगा। अतः नारद के कथनों के अनुसार योगी ने व्रत और व्रत के प्रभाव बताए, जिससे उनका शरीर पहले स्वस्थ और सुंदर हो गया, इसलिए इस चतुर्दशी को रूप चतुर्दशी के नाम से जाना जाने लगा।

# हनुमान जयंती

***निशीथ व्यापिनी कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को हनुमान जयंती का महोत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष 19 अक्तूबर 2025 को हनुमान जयंती मनाई जाएगी। इस दिन भक्तों को भगवान हनुमान जी का षोडशोपचार पूजन करना चाहिए। स्नानादि से निवृत्त संकल्प लेकर भगवान हनुमान जी का षोडशोपचार पूजन करना चाहिए। लाल पुष्पों से पूजन करें, घी युक्त आटे का चूरमा, लोध, फलों का उपयोग करें। रात्रि के समय चमेली के तेल का दीया जलाएं और सुंदरकांड का पाठ करें। यह जयंती उत्तर भारतीय परंपरा के अनुसार है, लेकिन दक्षिण भारत में यह चैत्र पूर्णिमा को मनाया जाता है। श्री हनुमान जयंती पौराणिक महत्व इसलिए भी है, क्योंकि शिवजी के अवतार रूप में भगवान श्री हनुमान जी का जन्म अंजना के अनुसार मां के गर्भ से हुआ था। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान, दान करने से पूरे मास की शुभता बनी रहती है। इस तिथि में भगवान लक्ष्मी नारायण की पूजा करने का व्रत भी रखा जाता है। सूर्योदय काल पूर्णिमा में सत्यनारायण देव के लिए भी व्रत किया जाता है। वायु पुराण के अनुसार कार्तिक मास की नरक चौदस के दिन हनुमान जी का जन्म हुआ था।***



## हनुमान जयंती व्रत

**हनुमान** जी का जन्म दिवस होने के कारण इस दिन भगवान श्री हनुमान जी का मंत्र का पाठ और मंत्र जाप करना इस दिन विशेष रूप से बताया गया है। हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ करना भी शुभ रहता है। इस दिन ये सभी कार्य करने से व्यक्ति को सभी कष्टों का सामना करना पड़ता है। सिद्धांत यह है कि लंका का दहन भी इसी दिन हुआ था। हनुमान जयंती के दिन श्रद्धालु जन अपने-अपने सिद्धांत के अनुसार, सिंदूर का चोला, लाल वस्त्र, ध्वजा आदि चढ़ाते हैं। केसर मिला चंदन, फूलों में कनेर के फूल, धूप, अगरबत्ती, शुद्ध घी का दीपक, केसर का भोग का तेल हैं। भगवान श्री हनुमान जी का भोग भी शीघ्र लगता है। इसके अतिरिक्त दाख-चूरमे का उपयोग भी किया जा सकता है। केला आदि फल भी चढ़ाएं, मिलता है। कपूर से श्री राम भक्त की आरती की जाती है। प्रदक्षिणा करके, नमस्कार। भजन कीर्तन और भगवान विष्णु का विशेष महत्व है।



# डोम देवता की दिव्य गाथा







**गुठान** की पवित्र भूमि, जो देवभूमि हिमाचल के शिमला जनपद की ऊंचाइयों में बसी है। आज भी डोम देवता महाराज की दिव्य उपस्थिति से स्पंदित होती है। यहां के लोग श्रद्धा से सिर झुकाते हैं, क्योंकि यह केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि एक ऐसा तीर्थस्थल है जहां आस्था, इतिहास और लोक विश्वास एक सूत्र में बंधे हैं। लोककथाओं में वर्णित यह कथा केवल एक देवता की नहीं, बल्कि उस अलौकिक आत्मा की यात्रा है, जिसने मानव रूप में जन्म लिया, कठिन तप और बलिदान से देवत्व को प्राप्त किया। बहुत समय पहले रितेश रियासत के शरा गांव में शूरा नामक एक व्यक्ति रहता था। वृद्धावस्था में भी उसकी कोई संतान नहीं थी। संतानहीनता के दुःख से व्याकुल होकर वह अपनी पत्नी सहित हिमरी गांव में जा बसा। दंपती ने माता हाटकोटी के दरबार में संतान का वरदान मांगा। माता ने उनकी प्रार्थना स्वीकार की और शीघ्र ही उनके घर एक तेजस्वी बालक का जन्म हुआ। वही, बालक आगे चलकर 'डोम देवता' के रूप में पूजित हुए। लोगों का विश्वास है कि वे माता हाटकोटी के वरपुत्र हैं, इसलिए उनके प्रति श्रद्धा आज भी अविचल बनी हुई है। बालक के जीवन में सुख अधिक दिन न टिक सका। मात्र दस वर्ष की आयु में ही उसके माता-पिता का देहांत हो गया। अनाथ बालक दरकोटी के राणा के अधीन सेवा में रख लिया गया और उसे पशुओं को चराने का कार्य सौंपा गया। किंतु यह कोई साधारण बालक नहीं था। वह अपनी अद्भुत शक्तियों से पशुओं को शांत बिठा देता और स्वयं खेलने में लीन हो जाता। जब पशु खाना-चरना छोड़ बैठे, तो राणा की पत्नी ने कारण जानकर उसे नौकरी से निकालने की बात की। एक दिन जब बालक ने रानी से भोजन मांगा, तो उसने ताना मारा 'खाना तो ऐसे मांग रहा है जैसे तूने नंदू द्वाल का सर काट लाया हो!' रानी के इस वचन ने बालक के हृदय में अग्नि जला दी। उसने निश्चय किया कि वह इस बात को सत्य करेगा। बालक टाहु गांव की ओर रवाना हुआ, जहां नंदू द्वाल नामक व्यक्ति रहता था। उसने चतुराई से नंदू द्वाल को छलपूर्वक जंगल में बुलाया और एक ही वार में उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। इस घटना से टाहु और दरकोटी दोनों स्थानों में सनसनी फैल गई। बालक उस सिर को लेकर दरकोटी पहुंचा और राणा की सभा में प्रस्तुत किया। राणा और रानी दोनों उसकी शक्ति से स्तब्ध रह गए। रानी ने उसे प्रेमपूर्वक भोजन कराया और यह कहकर विदा दी कि अब वह टाहु के लोगों से बचने के लिए यहां से चला जाए। समय बीतने के साथ वह बालक एक युवा, तेजस्वी और शक्तिशाली धनुर्धर बन गया। कहा जाता है कि तुर्क शासनकाल के दौरान वे दिल्ली गए, जहां उन्होंने एक धनुष-बाण प्रतियोगिता में भाग लिया। उनकी कौशल देखकर महारानी ने उन्हें सोने से भरे दो चरू और एक सोने की माला भेंट की। विजेता बनकर लौटे डोम देवता ने अपनी भूमि का मान बढ़ाया, पर नियति ने उनके लिए और भी बड़ी भूमिका निर्धारित की थी।

### युद्ध, बलिदान और देवत्व की प्राप्ति

**इसी** दौरान रजाणा और कुमारसैन रियासतों के बीच युद्ध छिड़ा। रजाणा के राणा ने डोम देवता को अपने पक्ष से युद्ध में सम्मिलित होने का आग्रह किया, जिसे उन्होंने स्वीकार किया। उनके साहस से रजाणा की विजय होती रही। तब कुमारसैन के राणा ने एक लामा से उपाय पूछा। लामा ने बताया कि जब तक डोम देवता युद्धभूमि में हैं, तब तक उन्हें पराजित करना असंभव है।

**प्रस्तुतिः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।**

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधानाचार्य राकेश को मिला शिक्षा पदम सम्मान




**अनंत ज्ञान, जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के प्रधानाचार्य राकेश राणा को ऑल इंडिया प्रिंसिपल एसोसिएशन द्वारा शिक्षा पदम सम्मान से नवाजा गया। यह समारोह 12 अक्तूबर को हिल टॉप स्कूल डलहौजी में हुआ, जिसमें देशभर से लगभग 100 प्रधानाचार्य सम्मिलित हुए। राकेश राणा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके परिवर्तनशील नेतृत्व, उत्कृष्ट सेवाओं और समर्पण के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर पूरे जवाली क्षेत्र और विद्यालय में हर्ष की लहर है। विद्यालय के चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई दी। चेयरमैन ने इसे उनकी निष्ठा और परिश्रम का परिणाम बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कर्मचारियों के तबादले के खिलाफ धरना-प्रदर्शन

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट के लखपालवां टोल प्लाजा पर 13 अक्तूबर को कर्मचारियों के तबादलों के विरोध में धरना-प्रदर्शन शुरू किया। भारतीय किसान यूनियन (सिरसा) के समर्थन से टोल की तीन लाइनें बंद कर दी गईं, जिससे पठानकोट-अमृतसर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-54) पर यातायात प्रभावित हुआ। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि बिना वेतन वृद्धि के कर्मचारियों को कर्नाटक जैसे दूर राज्यों में स्थानांतरित किया जा रहा है, जो अन्यायपूर्ण है। धरने के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को भारी असुविधा हुई। किसान यूनियन ने कंपनी की नीति की निंदा करते हुए तत्काल वापसी की मांग की है। स्थानीय प्रशासन और कंपनी के बीच वार्ता की संभावना है, लेकिन अब तक समाधान नहीं निकला है। धरना कर्मचारियों को हक मिलने तक जारी रहेगा।

### धर्मशाला में टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला उपायुक्त कार्यालय में सोमवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मल्टीसेक्टोरल कन्वर्जेंस मीटिंग का आयोजन उपायुक्त हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में भारत सरकार से डॉ. भवानी सिंह, डॉ. धर्म राव और राज्य टीबी अधिकारी डॉ. यशपाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। एडीसी विनय कुमार ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए टीबी प्रिवेंटिव थैरेपी का शुभारंभ किया। अब तक जिले में 3,42,682 उच्च जोखिम आबादी में से 3,14,538 की स्क्रीनिंग और 1,48,524 की एक्स-रे जांच हो चुकी है। 18,000 से अधिक पोषण किट वितरित की जा चुकी हैं और 16,052 निक्षय मित्र पंजीकृत हुए हैं।

### डॉ. संजय कुमार को बेस्ट टीचर अवॉर्ड




**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** शिक्षाविद प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार को इंडियन सोसायटी फॉर टेक्निकल एजुकेशन (आईएसटीई) की ओर से बेस्ट टीचर अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। डॉ. संजय ढलियारा गांव के रहने वाले हैं। वर्तमान में डॉ. संजय गुरुग्राम विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान (फिजिक्स) विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। आईएसटीई फैकल्टी कंवेंशन एंड एजुकेशन इंडस्ट्री लीडर्स समिट 2025 में यह सम्मान उन्हें दिया गया।

### मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर निकाली रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने जागरूकता रैली का शुभारंभ किया और मानसिक स्वास्थ्य को संपूर्ण विकास की नींव बताया। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम में पोस्टर प्रेजेंटेशन, स्लोगन लेखन, काइंडनेस स्टोन गार्डन, फोटो बूथ और नुक्कड़ नाटक जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. मोनिका मक्कर के अनुसार, यह आयोजन विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने, भावनात्मक अभिव्यक्ति करने तथा सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का सशक्त मंच प्रदान करता है। शिक्षकों के मार्गदर्शन से छात्र अनुकरणीय कार्य कर रहे हैं।

### भगवान वाल्मीकि जयंती पर समारोह आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के कजलोट कैंट में अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा व वाल्मीकि सभा कैंट कजलोट के तत्वाधान में भगवान वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य पर भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान विनोद बोता के दिशानिर्देश में हुआ। मंच संचालन प्रदेश महासचिव शोभना बोता ने किया। गद्दी वेशभूषा में बच्चियों के नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में प्रमन घटवाल, सुदेश काका, संजय तेजा, गौरव कुमार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। माता सीता शक्ति वाहिनी की प्रियंका चौहान व कुसुम को सम्मानित किया गया। आयोजन में समाज की एकता और संस्कृति की झलक दिखाई दी।

### डाडासीबा व ढलियारा में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल डाडासीबा के सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को 33 केवी लाइन और डाडासीबा विद्युत उपकेंद्र की मरम्मत और रखरखाव के चलते सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इससे डाडासीबा, चनौर, पनियाला, इंडस्ट्रियल एरिया, भलवाल सहित कई गांव प्रभावित होंगे। वहीं, विद्युत उपमंडल ढलियारा के सहायक अभियंता मनीष संधू ने भी ढलियारा, शिवपुरी, कड़ोआ, बगली, अप्पर ढलियारा समेत अनेक गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रहने की जानकारी दी। उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है। साथ ही बकाया बिल समय पर जमा न करने पर बिना नोटिस कनेक्शन काटे जाने की चेतावनी भी दी गई है।

### संसारपुर टैरेस में कैंपस इंटरव्यू कल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राजकीय मॉडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संसारपुर टैरेस में श्रीराम पिस्टन्स एंड रिंग्स लिमिटेड, पथरेड़ी भिवाड़ी (राजस्थान) की ओर से 15 अक्तूबर को कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जा रहे हैं। यह इंटरव्यू फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, मोटर मैकेनिक वाहन, इलेक्ट्रीशियन, टूल्स एंड डाई ट्रेड के आईटीआई पास युवाओं के लिए है। संस्थान के प्रधानाचार्य इं. ललित मोहन ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी दसवीं की मार्कशीट, आईटीआई प्रमाण पत्र, आधार कार्ड सहित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लाएं। उम्मीदवारों की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार शामिल होंगे। यह कैंपस ड्राइव युवाओं के लिए रोजगार पाने का उत्तम अवसर है।

### सड़क निर्माण कार्य के चलते यातायात रहेगा बाधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला दंडाधिकारी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के तहत जनहित में विभिन्न सड़कों पर वाहनों की आवाजाही पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। एनएचपीडब्ल्यूडी उपमंडल परागपुर व देहरा द्वारा पुलिया, आरसीसी स्लैब, पक्की सड़कों के पुनर्निर्माण व नालियों के निर्माण कार्य के चलते यह निर्णय लिया गया है। बणी-गरली, धलियारा-डाडासीबा-संसारपुर टैरेस, प्रागपुर-नेहरन पुखर और हरपुखर-छनौता मार्ग 13 अक्तूबर से अस्थायी रूप से बंद रहेंगे। क्षेत्रवासियों को नक्की खड्ड, सदवां, लाल पुखर, हर पुखर, बगली, अप्पर प्रागपुर जैसे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की गई है।

### एचपीयू क्षेत्रीय केंद्र मोहली में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र मोहली में सॉलिटेयर इन्फोसिस प्रा. लि. के लिए प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करना और उद्योग जगत से जोड़ना था। एमसीए अंतिम वर्ष के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बिजनेस एनालिस्ट ईशा कौंडल व प्रीति कपूर ने वेब डेवलपमेंट, एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉकचेन, साइबर सिक्योरिटी जैसे तकनीकी क्षेत्रों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। मुख्य अतिथि प्रो. कुलदीप अत्री व विशिष्ट अतिथि प्रो. डीपी वर्मा ने तकनीकी नवाचार व शिक्षा-उद्योग समन्वय पर विचार रखे। संवाद सत्र में छात्रों ने इंटर्नशिप व प्लेसमेंट पर चर्चा की। यह आयोजन छात्रों व शिक्षकों द्वारा सराहा गया।

### लोगों को किया आपदा प्रबंधन पर जागरूक

**अनंत ज्ञान, देहरा।** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सौजन्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत, धौलाधार सांस्कृतिक युवा मंच, बेहड के कलाकारों ने सोमवार को देहरा विधानसभा क्षेत्र की सुनेहत और ढलियारा पंचायतों में नुक्कड़ नाटकों और गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया। नुक्कड़-नाटक से बताया गया कि भूकंप जैसी आपदाओं के समय क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, ताकि जानहानि और नुकसान को कम किया जा सके।

# डिपुओं में खाद्यान्न वस्तुओं की गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान

## खाद्यान्न वस्तुओं की दुकानों पर रेट लिस्ट का भी करें निरीक्षण: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**उपायुक्त** हेमराज बैरवा ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सस्ते राशन की दुकानों में खाद्यान्नो की गुणवता पर भी कडी निगरानी रखने तथा नियमित निरीक्षण के निर्देश खाद्य आपूर्ति विभाग को निर्देश दिए हैं। इस बाबत सोमवार को डीसी ने सार्वजनिक वितरण कमेटी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि समय पर सस्ते राशन की दुकानों पर खाद्य वस्तुएं उपलब्ध करवाने के लिए उचित कदम उठाए जाएं ताकि उपभोक्ताओं को किसी भी तरह से दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने उपायुक्त ने कहा कि पॉलिथीन के प्रयोग को लेकर भी नियमित तौर पर दुकानों की चेकिंग की जाए, ताकि किसी भी स्तर पर पॉलिथीन का उपयोग नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि पॉलिथीन का प्रयोग करने वाले दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि खाद्यान्न वस्तुओं की दुकानों पर रेट लिस्ट प्रदर्शित करना जरूरी है, उसके लिए भी खाद्य आपूर्ति विभाग नियमित तौर पर रेट लिस्ट चेक करने के लिए कारगर कदम उठाएं।

> **निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार सिलेंडर वितरण हो सुनिश्चित**

उन्होंने बताया कि जिला में कार्यरत 1142 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से माह मार्च 2025 से माह फरवरी सितंबर तक राशन कार्ड धारकों को 2827109474 रुपए की खाद्य वस्तुएं उपलब्ध करवाई गई। इस अवधि के दौरान कुल 4976 निरीक्षण किए गए, जिनमें 2 मामलों में चेतावनी दी गई तथा 30 उचित मूल्यों की दुकानों व थोक केंद्रों में अनियमितताएं पाए जाने पर 5 लाख 76 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान विभिन्न खाद्य वस्तुओं के 228 नमूने एकत्रित करने के उपरांत विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। उन्होंने कहा कि जिले में कार्यरत 37 गैस एजेंसियों के पास कुल 565211 एलपीजी उपभोक्ता पंजीकृत हैं, जिन्हें गैस की आपूर्ति सुचारु रूप से करवाई जा रही है।

## द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज में बीएड के नए सत्र का शुभारंभ



नए छात्रों के स्वागत के लिए विशेष समारोह का आयोजन किया।

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सोमवार को बी.एड. सत्र 2025-27 का विधिवत शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय द्वारा नए छात्रों के स्वागत के लिए विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत आचार्य अमित द्वारा वैदिक हवन और मंत्रोच्चारण के साथ हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला के भौतिकी एवं खगोल विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. ओएसकेएस शास्त्री ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में एमवीएमपी स्कूल की प्रधानाचार्य व महाविद्यालय की पूर्व छात्रा पूजा शर्मा उपस्थित रहीं। कार्यकारी निदेशक डॉ. बी.एस. पठानिया ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कॉलेज कर्म, कौशल और चरित्र आधारित शिक्षा प्रदान करने का संकल्प लेता है। एससीए के पूर्व अध्यक्ष अभिलाष कौंडल ने अपने अनुभव साझा किए। शैक्षिक अधिष्ठाता डॉ. अनीता चंदेल ने संकाय सदस्यों का परिचय करवाया। मुख्यातिथि ने कहा कि आत्मा को किसी व्यक्ति का अभौतिक, शाश्वत और अलौकिक सार या सिद्धांत माना जाता है, जो भौतिक शरीर से अलग होता है। यह व्यक्ति की सच्ची पहचान और आंतरिक स्वरूप है, जो समय और परिस्थितियों से परे है।

## विद्यार्थियों को आपदा के प्रति जागरूक रहने की दिलाई शपथ




थुरल कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत व्याख्यान का आयोजन किया।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में आपदा प्रबंधन कमेटी और राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट की ओर से समर्थ 2025 के तहत व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कॉलेज प्राचार्या राका शर्मा ने मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को भूस्खलन, बादल फटना, भूकंप, आग, भारी बारिश जैसी आपदाओं के प्रति जागरूकता, बचाव और राहत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि अपने इलाके के आसपास आने वाली आपदाओं को पहचाने व इससे निपटने के लिए विशेष तकनीकी पहलुओं के प्रति आवश्यक जानकारी रखें और साथियों के साथ साझा करें। बच्चों को आपदा के प्रति जागरूक रहने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर कॉलेज के आपदा प्रबंधन सेल के संयोजक प्रो. लेखराम नेगी और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पवन राणा, प्रो. कमल कुमार, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. विशाल, डॉ. संजीव शर्मा, प्रो. नविता, प्रो. प्रेमलता, डॉ. शिशुपाल, प्रो. अजय उपस्थित रहे। कॉलेज केंद्रीय छात्र परिषद के सदस्यों में नैंसी, पायल, शिवानी सैन, अंशु, पायल, सेजल, विजय, काजल, नेहा, तमन्ना, शिवानी, इंद्र, मुस्कान, कर्ण, तनु, रजनी, निखिल, किरण, इशिका, मुस्कान, तमन्ना, एकता, सुजल, सोमिल उपस्थित रहे।

## अस्तित्व का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** धर्मशाला में जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें होली फेथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल पठियार के छात्र अस्तित्व मेहरा का चयन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।



अस्तित्व ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय स्कूल के प्रबंधक दीपक सूद , शारीरिक शिक्षा के अध्यापक साहिल सूद, प्रधानाचार्या शशि सूद को दिया। वहीं, स्कूल के समस्त स्टाफ ने भी अस्तित्व मेहरा को बधाई दी। अन्य बच्चों को भी इसी तरह की मेहनत करने के लिए अभी प्रेरित किया गया।

## सुरेंद्रा ने दो और अनीता ने एक व्हील चेयर की भवारना अस्पताल को दान

**अनंत ज्ञान, डरोह**

**सुरेंद्रा** कुमारी पत्नी स्व. रसील चंद गांव बोदा, भवारना ने अपने पति की याद में सिविल अस्पताल भवारना को दो व्हीलचेयर दान की। साथ ही एक व्हील चेयर अनीता देवी पत्नी संजीव कुमार जो काफी समय से लकवा रोग से ग्रस्त हैं, ने दान की है। भवारना के बीएमओ डॉ. नवीन राणा ने सुरेंद्रा कुमारी व उनके बेटे संदीप का इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद किया। डॉ. नवीन राणा ने कहा कि इस वर्ष विकास सूद, बन्नी ट्रेडर्स भवारना ने एक तीन वर्षीय दिव्यांग बच्चे को चेयर दान की थी। इसके साथ-साथ एक व्हील चेयर विजय सूद पालमपुर निवासी ने डरोह के दिव्यांग व्यक्ति को व्हील चेयर भेंट की थी। बीएमओ भवारना ने दानी सज्जनों से अग्रह किया है कि जो कोई भी दिव्यांगों की मदद करना चाहता है तो वह नजदीकी हेल्थ केयर सेंटर से संपर्क कर सकता है। दिव्यांग लोगों की लिस्ट हेल्थ सेंटर में पेलिएटिव केयर प्रोग्राम के अंतर्गत अपलोड है।



बीएमओ ने इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद किया।

## चीनू ने जीता बाबा वलोटु पहाड़िया महादंगल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- विजेता को 85 हजार और उपविजेता को दिए 75 हजार रुपए
- पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर ने की 51 हजार रुपए देने की घोषणा

बणी पंचायत में आयोजित बाबा वलोटु पहाड़िया महादंगल की बड़ी माली का खिताब पंजाब के चीनू पहलवान ने अपने नाम किया। चीनू ने हरियाणा के पहलवान प्रवेश को पराजित किया। दंगल कमेटी ने विजेता पहलवान चीनू को 85 हजार की नकद राशि से पुरस्कृत किया, जबकि उपविजेता प्रवेश को भी सम्मानजनक 75 हजार का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस महादंगल में विशेष रूप से आमंत्रित 26 पहलवानों के अतिरिक्त अन्य पहलवानों को मिलाकर कुल 70 से भी अधिक कुश्ती मुकाबले करवाए गए। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर उपस्थित रहे, जिन्होंने मेला कमेटी को 51 हजार रुपए की सहयोग राशि देने की घोषणा की।

## स्कूल शिक्षा बोर्ड स्टाफ ने सीखे एआई टूल्स प्रयोग करने के गुर

### एआई टूल्स कामकाज को आसान बनाने में निभा सकते हैं अहम भूमिका : डॉ. विशाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला में बोर्ड कर्मचारियों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने कहा कि एआई टूल्स कामकाज को आसान और तेज बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

बोर्ड में कार्यरत जेओआईटीज श्रेणी के कर्मचारियों के कार्य में और दक्षता आएगी। उन्होंने बताया कि आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हर क्षेत्र में तेजी से प्रवेश कर रही है, लेकिन सरकारी विभाग अकसर नई तकनीकों को अपनाने में पीछे रह जाते हैं। दूसरी ओर अधिकांश विभागों में स्टाफ की कमी भी बनी हुई है, ऐसे में एआई आधारित टूल्स कामकाज को आसान और तेज बनाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि बोर्ड में इस समय अधिकांश कर्मचारी जेओआईटीज श्रेणी से हैं, जिनकी पहले से ही कंप्यूटर की बेसिक ट्रेनिंग होती है। ऐसे में यदि उन्हें लेटेस्ट एआई टूल्स की जानकारी दी जाए, तो यह न केवल बोर्ड की उत्पादकता बढ़ाएगा बल्कि कर्मचारी अपने काम को अधिक दक्षता और कम समय में कर सकेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस तरह की ट्रेनिंग्स से सरकारी कार्यालयों में टेक्नोलॉजी अपनाने की गति बढ़ेगी और कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी होगी।

> **कहा, एआई टूल्स बनाएंगे जेओआईटीज श्रेणी को और दक्ष**

### तीन सौ कर्मियों को दी गई एआई टूल्स की ट्रेनिंग

**डॉ.** शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में बोर्ड के लगभग 300 कर्मचारियों को एआई से जुड़े आधुनिक टूल्स और ऐप्स के उपयोग की ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें एमएस वर्ड, पावर प्वाइंट और एक्सेल जैसे पारंपरिक सॉफ्टवेयर में एआई फीचर्स के इस्तेमाल के साथ-साथ चैट जीपीटी जैसी नई एप्लिकेशनों के उपयोग को भी शामिल किया गया है। कर्मचारियों को बताया गया कि इन टूल्स की मदद से वे डाटा एनालिसिस, दस्तावेज निर्माण और प्रेजेंटेशन जैसे कार्यों को अधिक तेजी और कुशलता से कर सकते हैं।

## प्रियंका गांधी ने फिर किया हिमाचल से छल : परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि प्रियंका गांधी स्व. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शिरकत कर भी हिमाचल से छल कर गईं।

उन्होंने कहा कि जनता को उम्मीद थी कि प्रियंका चुनावी गारंटियों पर बात करेंगी, लेकिन उन्होंने वीरभद्र सिंह का ठीक से जिक्र तक नहीं किया और उलटा केंद्र सरकार को कोसती रहीं। परमार ने सवाल उठाया कि प्रियंका गांधी कब मंडी, कांगड़ा, चंबा और कुल्लू जैसे आपदा प्रभावित क्षेत्रों में गईं और पीड़ितों का हाल जाना? उन्होंने कहा कि खुद को हिमाचल की बेटी बताने वाली प्रियंका ने विपदा में यहां का हाल तक नहीं पूछा। भाजपा नेताओं ने न केवल मौके पर जाकर राहत कार्यों में साथ दिया, बल्कि केंद्र सरकार ने भी समय पर राहत राशि उपलब्ध करवाकर हिमाचल का दर्द बांटा। जनता सब देख और समझ रही है।

### 811 ग्राम चरस के साथ दो युवक गिरफ्तार, कार जब्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना पालमपुर की विशेष टीम ने चेकिंग के दौरान कार में सवार 28 वर्षीय राकेश निवासी खलटू जिला कुल्लू व 22 वर्षीय शौएव निवासी कटौला जिला मंडी के कब्जे से 811 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस थाना पालमपुर में मामला दर्ज किया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि जब उपरोक्त युवक चरस की खेप लेकर आ रहे थे तो पुलिस थाना पालमपुर की टीम ने होल्टा नजदीक साईंस सेंटर के समीप ट्रैफिक चेकिंग के दौरान इन्हें रंगे हाथों काबू किया। इनके कब्जे से चरस की भारी खेप बरामद करने में सफलता मिली और कार को भी कब्जे में लिया है।

### हैप्पी बर्थडे



धुंदन के आसिफ चौधरी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### सालगिरह मुबारक



भुनेड़ के विनोद कुमार और वीना देवी को शादी की 28वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बच्चों ने सीखे आपदा जोखिम न्यूनीकरण के गुर



**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नगरोटा सूरिया में इंटरनेशनल डे फॉर डिजास्टर रिस्क रिडक्शन (डीआरआर) के अवसर पर छात्रों ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण के गुर सीखे। कार्यक्रम में बच्चों व शिक्षकों ने सामुदायिक क्षमता निर्माण के अंतर्गत मॉक ड्रिल, इवैक्युएशन प्लान, तथा भूकंप से पहले, दौरान और बाद में किए जाने वाले उपायों की जानकारी प्राप्त की। प्रधानाचार्य शेखर मोदगिल ने बताया कि आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए जागरूकता, शिक्षा, तैयारी, पूर्वानुमान और चेतावनी प्रणालियां बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि डीआरआर का मुख्य उद्देश्य संवेदनशील समुदायों और व्यक्तियों की जीवन और आजीविका की सुरक्षा करना है।

### नया बस स्टॉप स्थापित करने का आदेश

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती ने विज्ञान केंद्र के पास सुरक्षित स्थान पर नया बस स्टॉप स्थापित करने का आदेश जारी किया है। यह निर्णय स्कूली बच्चों और बुजुर्गों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जनहित में लिया गया है। परियोजना समन्वयक ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष विज्ञान केंद्र में लगभग 1.30 लाख आगंतुक आए, जिनमें 40% स्कूली छात्र थे। वर्तमान में निकटतम बस स्टॉप होल्टा में है, जो केंद्र से 600 मीटर दूर है, जिससे आगंतुकों को कठिनाई होती है। प्रशासन ने तहसीलदार की रिपोर्ट के आधार पर बस स्टॉप स्थापित करने का निर्णय लिया। क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी और लोक निर्माण विभाग को इसे प्राथमिकता से लागू करने का निर्देश दिया गया है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### बुजुर्गों की बात सुनना आवश्यक : प्रो. बंसल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बढ़ती उम्र के साथ बुजुर्गों को भावनात्मक समर्थन की आवश्यकता बढ़ जाती है। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने '21वीं सदी में वरिष्ठजनों की देखभाल' विषयक संगोष्ठी में कहा कि बुजुर्गों की बात सुनना आवश्यक है, जिससे उनके अनुभवों का लाभ लिया जा सके और उन्हें भावनात्मक संबल मिल सके। संगोष्ठी का आयोजन समाज कार्य और अर्थशास्त्र विभाग द्वारा किया गया था। प्रो. बंसल ने सुझाव दिया कि वरिष्ठजनों की समस्याएं और समाधान मंत्रालय को भेजे जाएं तथा उनके अनुभवों को लिपिबद्ध किया जाए। कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार सांख्यान ने युवाओं को बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील रहने की सलाह दी। संगोष्ठी में दो पुस्तकों 'आर्टिफिशल इंटेलिजेंस एंड सोशल ट्रांसफॉर्मेशन' और 'समय कम है' का विमोचन भी किया गया।

### चाइल्ड हेल्पलाइन जिला प्रभारी मनमोहन नवाजे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शांति फाउंडेशन की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह में बेटी बचाओ, बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 100 लोगों को अंतरराष्ट्रीय प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में चाइल्ड हेल्पलाइन कांगड़ा के जिला प्रभारी मनमोहन चौधरी भी शामिल थे। उन्होंने कांगड़ा जिले में बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के लिए अपनी टीम के साथ मिलकर अहम योगदान दिया है। सम्मान मिलने पर चौधरी ने इसे पूरी चाइल्ड हेल्पलाइन टीम को समर्पित किया, जो 24 घंटे बाल संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

### पेंशनर्स संघर्ष समिति की आक्रोश रैली 17 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से 17 अक्तूबर को लंबित मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन और आक्रोश रैली आयोजित की जाएगी। जिला कांगड़ा के 18 विभागों के पेंशनर्स सुबह 11 बजे शहीद स्मारक के पास चीलगाड़ी चौक पर एकत्रित होंगे। वहां से रैली दोपहर 12 बजे कचहरी चौक, राज्य सचिवालय व उपायुक्त कार्यालय तक जाएगी। रैली में संघर्ष समिति के चेयरमैन सुरेश ठाकुर सहित कई नेता संबोधित करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। समिति ने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन उग्र रूप ले सकता है। इससे पूर्व जिला कांगड़ा की बैठक धर्मशाला में संयोजक रविंदर राणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

### 'फेस ऑथेंटिकेशन से राशन वितरण संभव नहीं'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश डिपो संचालक समिति के अध्यक्ष अशोक कवि ने बयान जारी करते हुए कहा कि खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग डिपोधारकों को बिना इंटरनेट व मोबाइल सुविधा के उपभोक्ताओं को फेस ऑथेंटिकेशन से राशन बांटने को बाध्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों से पॉश मशीनों में इंटरनेट सुविधा न होने के कारण डिपो संचालक हर माह लगभग 470 रुपए निजी तौर पर खर्च कर रहे हैं। सहकारी सभाएं यह खर्च शेयर होल्डर्स के पैसों से उठा रही हैं, जो अनुचित है। अशोक ने कहा कि विभाग को कई बार ज्ञापन देने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिले हैं। अब नए आदेशों के अनुसार फेस ऑथेंटिकेशन अनिवार्य कर दिया गया है, जो बिना नेट सुविधा के संभव नहीं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आदेश वापिस नहीं लिए गए तो सभी डिपो धारक मशीनें लौटाकर हाईकोर्ट का रुख करेंगे।

### समर्थ दिवस पर आपदा जागरूकता कार्यक्रम

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ में समर्थ दिवस 2025 के अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कांगड़ा व जिला इंटर एजेंसी समूह के सहयोग से आपदा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल ने किया। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन केवल सरकार की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। छात्रों को पर्यावरण और समाज के प्रति जागरूक रहना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय में प्रतिज्ञा दीवार और सेल्फी वॉल का शुभारंभ हुआ, जहां छात्रों और स्टाफ ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए सजग रहने की प्रतिज्ञा ली।

### कंडबाड़ी स्कूल एथलेटिक्स का ओवरऑल विजेता



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में आयोजित अंडर-19 छात्र व छात्रा वर्ग की जिलास्तरीय एथलेटिक्स मीट व इनडोर गेम्स सोमवार को संपन्न हुई। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंडबाड़ी ने ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। छात्र वर्ग में कोटला स्कूल और छात्रा वर्ग में कंडबाड़ी स्कूल विजेता रहा। बेस्ट एथलीट का खिताब साहिल (कोटला) और आरुषि (कंडबाड़ी) को मिला। समापन समारोह में धर्मशाला स्कूल के प्रिंसिपल यशपाल मनकोटिया ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। अन्य मुकाबलों में, छात्रा टेबल टेनिस में रेनबो इंटरनेशनल स्कूल (नगरोटा बगवां) विजेता, चेस में सिहोरपाई स्कूल, बैडमिंटन में नूरपुर जोन विजेता रहा। योगा में पालमपुर विजेता रहा। छात्र वर्ग में बैडमिंटन में देहरा, योगा में जवाली, चेस में एपीएस सिद्धबाड़ी और टेबल टेनिस में रेनबो इंटरनेशनल स्कूल विजेता रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसएस कैंप में स्टूडेंट्स ने सीखा खेती करना

**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में चल रहे एनएसएस विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने योग, प्रार्थना और मार्च पास्ट के बाद विद्यालय परिसर में आलू, लहसुन, पालक, मूली व मेथी की बुवाई की। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. मस्त राम ने विद्यार्थियों को बागवानी योजनाओं व फ्लोरीकल्चर के व्यावसायिक महत्व की जानकारी दी। शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वयंसेवियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### बरमाणा में रन फॉर डीएवी मैराथन का आयोजन

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरमाणा में 12 अक्तूबर को बहुप्रतीक्षित रन फॉर डीएवी मैराथन 2025 का शानदार आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर इस ऊर्जावान दौड़ की शुरुआत की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर खेल भावना, उत्साह और जोश से भर गया। मैराथन में कक्षा पहली से दसवीं तक के अधिकांश विद्यार्थियों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। अपने प्रेरक संबोधन में प्रधानाचार्य शर्मा ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण और समग्र विकास जैसे डीएवी के मूल मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक तंदुरुस्ती का माध्यम हैं, बल्कि यह टीमवर्क और आत्मविश्वास को भी मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ-साथ विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी वर्ग ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वास्थ्य, फिटनेस तथा एकता का संदेश दिया। आयोजन के बाद सभी प्रतिभागियों को फल वितरण किया गया। प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों और स्टाफ के उत्साह और सहभागिता के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम टीमवर्क, दृढ़ता और डीएवी की सच्ची भावना का प्रतीक है।

### एलआईसी दीर्घकालिक बचत का भरोसेमंद माध्यम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुखाला में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के तीसरे दिन विद्यार्थियों के लिए एलआईसी और वित्तीय प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बतौर रिसोर्स पर्सन एलआईसी चेयरमैन क्लब के सदस्य कश्मीर ठाकुर ने बच्चों को बीमा, निवेश और वित्तीय साक्षरता का महत्व समझाया। कश्मीर ठाकुर ने कहा कि एनएसएस केवल समाज सेवा का माध्यम नहीं है, बल्कि यह छात्रों में जिम्मेदारी, अनुशासन और जीवन प्रबंधन जैसी गुणों का विकास करता है। उन्होंने बताया कि एलआईसी जैसी संस्थाएं केवल बीमा सुरक्षा नहीं देतीं, बल्कि यह निवेश और दीर्घकालिक बचत का विश्वसनीय साधन भी हैं। कश्मीर ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि कमाई से अधिक महत्वपूर्ण है समझदारी से खर्च करना, बजट बनाना और बचत की आदत डालना। उन्होंने डिजिटल लेनदेन में सावधानी, बैंकिंग और बीमा की मूलभूत जानकारी रखने तथा छोटी उम्र से वित्तीय अनुशासन विकसित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने छात्रों को बताया कि अकाउंट कैसे खुलता है, एफडी क्या होती है और बीमा कैसे लिया जाता है। एनएसएस पुरुष प्रभारी सुरेंद्र कुमार और महिला प्रभारी संतोष चौधरी ने इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन का आभार व्यक्त किया।

### सीपीआर जागरूकता फैलाने की ली शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 13 से 17 अक्तूबर तक पूरे देश में सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रीससिटेशन) जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों और आम जनता में जीवन रक्षक तकनीक सीपीआर के प्रति जागरूकता और प्रशिक्षण को बढ़ावा देना है। इसी के तहत एआईआईएमएस बिलासपुर में निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) दलजीत सिंह एवीएसएम, वीएसएम (सेवानिवृत्त) के नेतृत्व में सीपीआर शपथ ग्रहण समारोह, प्रथम प्रत्युत्तरकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण सत्र, सड़क नाटक और चिकित्सा छात्रों के लिए क्विज प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के पहले दिन एआईआईएमएस बिलासपुर सहित देशभर के स्वास्थ्यकर्मियों ने सीपीआर जागरूकता फैलाने की शपथ ली। इसके बाद ट्रॉमा एवं इमरजेंसी मेडिसिन विभाग की ओर से ओपीडी परिसर में मरीजों के परिजनों के लिए हैंड्स-ओनली सीपीआर प्रशिक्षण और प्रदर्शन सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में लगभग 50 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में जीवन रक्षक कदमों की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने प्रभावी सीपीआर के मुख्य चरणों पर विशेष बल दिया।

# जिम, योग और वॉक को बनाएं जीवनचर्या का हिस्सा : उपायुक्त

## जिला मुख्यालय में पावर जिम फिटनेस एंड हेल्थ सेंटर का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला मुख्यालय में सोमवार को कॉलेज चौक के समीप 'पावर जिम फिटनेस एंड हेल्थ सेंटर' का उद्घाटन किया गया। यह जिम प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत स्थापित किया गया है और इसका उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर देने के साथ-साथ समाज में फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। जिम की स्थापना युवा उद्यमी मोहित बंसल ने की है। उन्होंने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से लगभग 20 लाख रुपए की सहायता लेकर इस परियोजना में कुल 25 लाख रुपए से अधिक की राशि निवेश की। उपायुक्त राहुल कुमार ने उद्घाटन अवसर पर कहा कि आज के दौर में फिटनेस केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि



**प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 25 लाख से स्थापित किया जिम**

मानसिक सशक्तिकरण का भी आधार है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे जिम, योग, वॉक और अन्य व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि युवाओं में नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए खेलकूद और जिम जैसी सकारात्मक गतिविधियों में भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। जब युवा अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाते हैं, तो उनका रुझान नशे की ओर नहीं जाता। उपायुक्त ने उपस्थित युवाओं से कहा कि वे फिट इंडिया के संकल्प को अपनाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

# बिलासपुर कॉलेज ने जूडो में जीते 3 गोल्ड, 1 सिल्वर मेडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की पुरुष और महिला वर्ग की जूडो प्रतियोगिता टीम ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक और एक सिल्वर मेडल जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि महाविद्यालय बिलासपुर की पुरुष और महिला वर्ग की जूडो प्रतियोगिता टीम हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित जूडो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राजकीय महाविद्यालय सोलन गई थी और वहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करके महिला वर्ग टीम ने महाविद्यालय का नाम रोशन कर गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में निर्जल, दीपाली, मेघा ने स्वर्ण पदक और प्रज्वल ने सिल्वर मेडल तथा रनरअप ट्रॉफी जीतकर महाविद्यालय और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि जहां शैक्षणिक क्षेत्र में बिलासपुर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है वहीं खेल जगत में भी निरंतर लोहा मनवा रहे हैं। टीम प्रभारी डॉ. श्याम लाल और डा संजु बाला सहित समस्त टीम का महाविद्यालय पहुंचने पर फूलमालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर प्राचार्य डॉ. कटवाल और समस्त महाविद्यालय की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सहप्राचार्य प्रोफेसर प्रेमजीत, हायर एजुकेशन सोसायटी के सेक्रेटरी प्रोफेसर रंजीत, बीवाक विभाग के नोडल आफिसर डॉ सुरजीत, इग्नू के कार्डिनेटर डॉ. सुरेंद्र, एनसीसी आफिसर प्रोफेसर श्रवण, आईक्यूएसी आफिसर्स इंचार्ज डॉ. रितु शर्मा, करियर काउंसलिंग एंड रिप्लेसमेंट सेल की समन्वयक डॉ. नम्रता और मिडिया सदस्य डॉ. हेमा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**रनरअप ट्रॉफी जीतकर कॉलेज व क्षेत्र का नाम किया रोशन**

# जालपा अकादमी की प्रीति का भारतीय अंडर-18 महिला कबड्डी टीम में चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले के छोटे से गांव कोल डैम की जालपा अकादमी अब सिर्फ कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र नहीं, बल्कि भविष्य के सितारों की नर्सरी बन चुकी है। इसी अकादमी से निकलकर प्रीति ठाकुर ने तीसरे एशियाई यूथ गेम्स-2025 (बहरीन) के लिए भारतीय अंडर-18 महिला कबड्डी टीम में जगह बनाकर पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया। यह प्रदेश की इस टूर्नामेंट में चयनित इकलौती खिलाड़ी हैं। आईटीबीपी से सेवानिवृत्त अधिकारी सुभाष ठाकुर द्वारा संचालित जालपा अकादमी ने 2019 से निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। अकादमी की यह पहली बड़ी उपलब्धि नहीं है, पहले भी 5 लड़कियों का चयन एनटीपीसी-साई महिला वाटर स्पोर्ट्स, 10 वर्षीय गौरी का अंडर-14 स्टेट टीम में चयन और अन्य बालिकाओं के जिला व स्टेट स्तर पर खिताब शामिल हैं। सुभाष ठाकुर ने कहा, 'प्रीति की सफलता उसकी कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। हमारी अकादमी ग्रामीण पृष्ठभूमि के बच्चों को खेल के माध्यम से नई राह दिखाती है और प्रदेश भर के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुकी है।'



### प्रीति हमारे परिवार का गौरव : अमर सिंह

प्रीति के पिता अमर सिंह ने कहा, 'जब हमारी बेटी ने भारतीय टीम में चयन पाया, वह पल हमारे लिए किसी सपने के सच होने जैसा था। यह उपलब्धि सिर्फ हमारे परिवार की नहीं, बल्कि पूरे गांव, जिला और हिमाचल प्रदेश की बेटी की सफलता है।' प्रीति की दादी अम्मा कलपती देवी, माता सुईनी देवी, चाचू हाकम सिंह ठाकुर और महिंद्र सिंह नीटू ने अपनी बेटी पर गर्व जताते हुए कहा कि देवी-देवताओं का आशीर्वाद और मेहनत ही इस सफलता का मूल कारण है। उन्होंने प्रार्थना की कि प्रीति इसी तरह कड़ी मेहनत करती रहे, देश और प्रदेश का नाम रोशन करे और हर बेटी को यह विश्वास मिले कि सपने देखना और उन्हें साकार करना संभव है।

# दो सप्ताह में हल करें पेयजल समस्या

## विधायक त्रिलोक जम्वाल ने विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, बरमाणा**

विधायक त्रिलोक जम्वाल ने सोमवार को बरमाणा क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का जायजा लिया और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को मौके पर तलब किया। उन्होंने कहा कि इस बार बेमौसम बारिश के बावजूद लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है।

उन्होंने अधिकारियों को सभी घरों में नए कनेक्शन देने के निर्देश दिए और चेताया कि दो सप्ताह बाद इसी स्थान पर उनसे रिपोर्ट ली जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि 'पिक एंड चूज' नीति के कारण कुछ घरों को एक से अधिक कनेक्शन मिल रहे हैं, जबकि कई घरों को वंचित रखा गया है। कई परिवार मजबूरन पानी के टैंकर पर



बरमाणा में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक त्रिलोक जम्वाल।

**घर में पानी की आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने के आदेश**

खर्च कर रहे हैं। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि त्योहारों के दौरान पानी की खपत बढ़ जाती है, इसलिए विभाग का ढुलमुल रवैया अस्वीकार्य है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि हर घर में पानी की आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए।

# आत्मनिर्भर भारत अभियान नए संकल्प का प्रतीक : रणधीर

## श्री नयना देवी लोअर भाजपा मंडल ने आत्मनिर्भर भारत पर किया संगोष्ठी का आयोजन

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट**

स्वारघाट में श्री नयना देवी लोअर भाजपा मंडल द्वारा आत्मनिर्भर भारत पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किया गया आत्मनिर्भर भारत अभियान देश को आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी दृष्टि से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस अभियान का उद्देश्य भारत को



उत्पादन, नवाचार, कौशल और आत्मविश्वास के बल पर एक वैश्विक शक्ति बनाना है। सरकार द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्टार्टअप, तथा डिजिटल सेक्टर में कई योजनाएं लागू की गई हैं, ताकि देश के नागरिक रोजगार सृजन और स्थानीय उत्पादन के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकें। इस अभियान के तहत लोकल फॉर वोकल का नारा दिया गया है, जो स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर विदेशी निर्भरता को कम करने पर बल देता है। यह पहल न केवल देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार और विकास के नए अवसर प्रदान करेगी। आत्मनिर्भर भारत अभियान भारत की नई सोच, नई ऊर्जा और नए संकल्प का प्रतीक है, जो यह दर्शाता है कि भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि विश्व का निर्माता बनना चाहता है।

# क्षेत्रीय अस्पताल के ट्रॉमा हॉल में जिलास्तरीय मासिक बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला बिलासपुर के ट्रॉमा हॉल में जिला स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 को लेकर तंबाकू मुक्ति पर प्रतिज्ञा ली गई। मासिक बैठक में गर्भवती माता पंजीकरण, जच्चा -बच्चा टीकाकरण, तंबाकू मुक्त युवा अभियान, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम व जिला स्तर प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र कार्रवाई, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, मातृ एवं बाल मृत्यु अवलोकन,चिकित्सीय गर्भ समाप्ति कानून में दवाओं लेने बारे साबधानियां, आईएचआइपी, मच्छर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय गुणवत्ता उपलब्धत्ता योजना ,जैविक व्यर्थ निष्पादन कानून, हैपेटाइटस बी व सी, ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता व पोषण समिति, जन आरोग्य समिति के बारे में चर्चा की गई।

# डाइट जुखाला में सिखाए आपदा में नुकसान को कम करने के तरीके

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के उपलक्ष्य में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जुखाला में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 80 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के उपप्रधानाचार्य संजय सामा ने की। उन्होंने आपदा प्रबंधन से जुड़े अनुभवों, उपायों एवं सुरक्षा रणनीतियों पर अपने विचार साझा किए और सभी को आपदाओं से निपटने हेतु सतर्क रहने का संदेश दिया।

**विश्व आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित**

कार्यक्रम के दौरान आपदा प्रबंधन समन्वयक राकेश ठाकुर ने बताया कि संस्थान में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें सभी समितियों के सदस्यों ने भाग लिया। इसके पश्चात सभागार कक्ष में हिमाचल में भूस्खलन और बाढ़ के जोखिम को कम करने में समुदाय की भूमिका, आपदा प्रतिरोधी हिमाचल का निर्माण, हमारी जिम्मेदारी, हमारा भविष्य एवं पहाड़ी क्षेत्रों में आपदा प्रतिक्रिया को मजबूत करना विषयों पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आपदा प्रबंधन समन्वयक राकेश ठाकुर ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व तैयारी, सतर्कता एवं सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से आपदाओं के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गोपाल शर्मा के अतिरिक्त संस्थान के प्रवक्ताओं एवं अन्य कर्मचारियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को प्राथमिक उपचार की स्थिति में सीपीआर देने का व्यावहारिक प्रशिक्षण कुलदीप धीमान द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों एवं प्रशिक्षणार्थियों को आपदा प्रबंधन के प्रति संवेदनशील बनाना और स्थानीय स्तर पर जोखिम न्यूनीकरण में उनकी भूमिका को सशक्त बनाना रहा।

### भाषण प्रतियोगिता करवाई

**कार्यक्रम** में भाषण प्रतियोगिता भी करवाई गई। इसमें प्रशिक्षणार्थियों ने हिमाचल प्रदेश के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबंधन के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किए। द्वितीय वर्ष की छात्रा रजनीश ने आपदाओं से बचाव पर अपने विचार रखे, जबकि प्रथम वर्ष की इंदू ठाकुर एवं रितु शर्मा ने जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न आपदाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त आयुष एवं विनय ठाकुर ने भी आपदाओं के प्रति जागरूकता बनाए रखने का आह्वान किया।

# केंद्र सरकार जाति और धर्म के आधार पर लोगों को बांट रही : हीरापाल सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



हरियाणा के प्रभारी और राजीव गांधी पंचायती राज संस्थान के राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर हीरापाल सिंह ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पिछले 11 वर्षों में भारत में लोकतंत्र और संविधान की मूलभूत भावना पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने भाजपा और उनके सहयोगी संगठन संघ पर निशाना साधा। हीरापाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने विभिन्न राज्यों में विपक्षी विधायकों और नेताओं को झूठे आरोप और जांच एजेंसियों के डर से दबाने का प्रयास किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यों में सत्ता के लालच, डर और लालच के जरिए चुनावी नतीजे प्रभावित किए गए, जिससे लोकतंत्र की जड़ें कमजोर हुईं। हीरापाल ने कहा कि केंद्र सरकार जनहित के मुद्दों को भूलकर सिर्फ सत्ता और चुनाव में व्यस्त है। केंद्र सरकार नफरत, जाति और धर्म के आधार पर लोगों को बांटने और चुनावी फायदा उठाने में लगी है, जबकि वास्तविक मुद्दों और आम जनता की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है।

# भाषा एवं संस्कृति विभाग मनाएगा पहाड़ी दिवस सप्ताह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश भाषा एवं संस्कृति विभाग बिलासपुर की जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने जानकारी दी कि पहाड़ी भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विभाग द्वारा 1 से 7 नवंबर तक पहाड़ी दिवस सप्ताह मनाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय बोली-बाणी, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक पहचान को प्रोत्साहन देना तथा नवपीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ना है। नीलम चंदेल ने बताया कि पहाड़ी दिवस सप्ताह के अंतर्गत 6 नवंबर को जिला बिलासपुर के स्कूली विद्यार्थियों

**विद्यार्थियों के लिए 1 से 7 नवंबर तक प्रतियोगिताओं का किया जाएगा आयोजन**

के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में भाषण, निबंध लेखन, लोकोक्तियां/मुहावरे लेखन, तथा पहेलियां लेखन जैसी गतिविधियां शामिल होंगी।

उन्होंने बताया कि भाषण प्रतियोगिता का विषय पहाड़ी भाषा की संवर्धक हिमाचली बोलियां रखा गया है, जिसकी समय सीमा 3 से 5 मिनट होगी। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागी जिला के पारंपरिक परिधान एवं आभूषण या जिला में प्रचलित पारंपरिक त्योहार विषयों में से किसी एक पर 300 से 500 शब्दों का निबंध लिखेंगे, जिसके लिए 1 घंटे 30 मिनट का समय निर्धारित है। लोकोक्तियां/मुहावरे लेखन प्रतियोगिता में बिलासपुरी बोली की लोकोक्तियां या मुहावरे हिंदी अर्थ सहित लिखे जाएंगे, जबकि पहेलियां लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को स्थानीय बोली में पारंपरिक व ठेठ पहेलियां उत्तर सहित लिखनी होंगी। इन दोनों प्रतियोगिताओं की अवधि 1 घंटे की होगी।

# चंपा पार्क में सजी हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी

## ऐसे आयोजन स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मददगार : वर्षा चौधरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और नगर परिषद बिलासपुर के संयुक्त प्रयास से चंपा पार्क में हस्तनिर्मित उत्पादों की दिवाली प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 11 से 20 अक्तूबर तक शहरी विकास विभाग के सहयोग से चल रही है। नगर परिषद की वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी वर्षा चौधरी ने उद्घाटन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मददगार हैं।



चंपा पार्क में हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी में अपने उत्पादों के स्टॉल सजाकर बैठीं महिलाएं।

प्रदर्शनी में कुल 12 स्वयं सहायता समूह भाग ले रहे हैं, जिन्होंने अचार, चटनी, मुरब्बा, जैम, पापड़, ऊनी वस्त्र, कुशन, सजावटी फूल और अन्य घरेलू सजावट के आकर्षक उत्पाद प्रदर्शित किए हैं। फास्ट फूड और हर्बल सेक्शन में कचौरी, सिड्डू, चाय, मोमोज, हर्बल साबुन और अन्य प्राकृतिक उत्पाद भी उपलब्ध हैं। प्रदर्शनी प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। वंदना लखनपाल, मुनीश ठाकुर और सीओ सुनीला कुमारी सहित राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम ने इस पहल की सफलता में योगदान दिया। यह प्रदर्शनी न केवल दिवाली के अवसर पर स्थानीय हस्तकला और उत्पादों को बढ़ावा दे रही है, बल्कि बिलासपुर की महिलाओं को अपने कौशल और उद्यमिता को आम जनता तक पहुंचाने का सशक्त मंच प्रदान कर रही है।

**मनोरंजन** तीन दिवसीय पशु मंडी एवं किसान मेला नम्होल रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न

# ममता भारद्वाज के गानों पर खूब नाचे दर्शक

**अनंत ज्ञान, नम्होल**

तीन दिवसीय पशु मंडी एवं किसान मेला नम्होल का रविवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। अंतिम दिन महिला मंडलों और बच्चों ने पारंपरिक नाटकों और लोकगीतों से हिमाचली रंग बिखेरा। मेले की तीसरी व अंतिम सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस महासचिव विकास ठाकुर शामिल हुए। साथ में खारसी परिवहन सभा अध्यक्ष चमन लाल, महासचिव राजेश कुमार राज, सेवानिवृत्त खंड विकास अधिकारी भगत राम ठाकुर और उप तहसील नम्होल के नायब तहसीलदार राजेंद्र महाजन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय कलाकार सुभाष शर्मा हिमाचली के नए गीत से हुई। इसके बाद लोक



मेले के आखिरी दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देता एक दल।

गायक रूपलाल, सोलन से आई दिक्षा, और कर्मा ने लोकगीतों की प्रस्तुति दी। स्थानीय हास्य कलाकार हेम चंद उर्फ चुन्जू ने पहाड़ी कॉमेडी से दर्शकों का मनोरंजन किया, जबकि रुहांडा (मंडी) से आए कुलदीप मंडयाल ने पहाड़ी और फिल्मी गीतों से रंग जमाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सारेगामा फेम ममता भारद्वाज रहीं, जिन्होंने पहाड़ी, फिल्मी और पंजाबी गीतों से दर्शकों की वाहवाही लूटी। उन्होंने कजरा मोहबत वाला, बड़ियां जो तुड़का लाना, पाणी री टंकी और बिलों रानी जैसे लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए।

### कृष्णा अकादमी बनी कबड्डी चैंपियन

मेले में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में 10 टीमों ने भाग लिया। रोमांचक फाइनल में कृष्णा अकादमी घुमारवीं पनोह विजेता रही और बछाला टीम उपविजेता घोषित हुई। समापन समारोह में मुख्यातिथि पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने मेले को आपसी भाईचारे, संस्कृति और एकता का प्रतीक बताया। लकी ड्रॉ में 80 विजेताओं के नाम निकाले गए और महिला मंडलों एवं पशुपालकों को सम्मानित किया गया। इस मेले में जगदीश ठाकुर का बीटल नस्ल का 95 किलो वजन वाला बकरा भी आकर्षण का केंद्र रहा और प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### तीसा में सड़क हादसे में युवती की मौत

**अनंत ज्ञान, तीसा।** चुराह की तीसा तहसील में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय वैष्णवी, पुत्री अनिल छाबड़ा की मौके पर ही मौत हो गई। वह स्कूटी से अटल चौक की ओर जा रही थी, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से स्कूटी सहित गहरी खाई में जा गिरी। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व एम्बुलेंस ने युवती को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद क्षेत्रवासियों ने प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि जहां यह हादसा हुआ, वहां न तो क्रैश बैरियर हैं और न ही कोई चेतावनी संकेतक। कुछ साल पहले भी इसी स्थान पर बड़ा बस हादसा हो चुका है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि सड़क के खतरनाक मोड़ों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई न जाएं। हादसे ने एक बार फिर से क्षेत्र की सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### कीड़ी स्कूल में एनएसएस स्पेशल कैंप शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कीड़ी में आज सात दिवसीय एनएसएस स्पेशल कैंप का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य तिलक राज ने कार्यक्रम की शुरुआत की और विद्यार्थियों को समाज सेवा के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस छात्रों में अनुशासन, सेवा भावना और जिम्मेदारी का विकास करता है। वॉलंटियर ममता ने एनएसएस की गतिविधियों और उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से 'सेवा ही श्रेष्ठ धर्म' का संदेश दिया। यह शिविर एनएसएस प्रभारी लोकी राज व बसंती के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है। आगामी सात दिनों में विद्यार्थी स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, ग्राम सुधार और व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियों में भाग लेंगे।

### बैंकिंग धोखाधड़ी के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, तीसा।** सेवा संस्था के सहयोग से वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) तीसा ने ग्राम पंचायत झाझा कोठी के गांव झाझा में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में सीएफएल तीसा के हेमराज और बिमल कुमार ने भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग से जुड़ी धोखाधड़ी से बचाव के लिए जागरूक करना और सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देना था। विशेषज्ञों ने डिजिटल लेनदेन में सावधानी, साइबर फ्रॉड से बचाव और सुरक्षित बैंकिंग के महत्व पर विस्तार से बताया। ग्राम पंचायत प्रधान विपिन कुमार ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। ग्रामीणों ने इस पहल की प्रशंसा की और भविष्य में ऐसे जागरूकता शिविर नियमित आयोजित करने की मांग की।

### मोर्चा अध्यक्षों को संगठनात्मक कार्यों का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भाजपा मंडल साहू के चामिनु में सोमवार को वोकल टू लोकल अभियान के तहत विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक पवन नैय्यर ने की जबकि मुख्य वक्ता अमित ठाकुर और पूर्व मंडल अध्यक्ष महाराज कृष्ण बड़याल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मंडल अध्यक्ष सहित महिला, किसान, युवा और अन्य मोर्चों के नवनियुक्त अध्यक्षों को संगठनात्मक दिशा-निर्देश दिए गए। वक्ताओं ने स्थानीय मुद्दों पर सक्रियता से काम करने, जनसंपर्क को सशक्त बनाने और भाजपा की नीतियों को जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया। मुख्य वक्ता अमित ठाकुर और पवन नैय्यर ने कार्यकर्ताओं को जनता के बीच रहकर सेवा और समाधान की भावना से काम करने का आह्वान किया। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### सुरक्षित निर्माण को लेकर जागरूकता फैलाई

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के समर्थ-2025 कार्यक्रम के तहत सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग से संबद्ध निजी नाट्य दल मां सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप (भांदल व किहार) और प्रिया म्यूजिकल ग्रुप (जडेरा) के कलाकारों ने जोत और चुवाड़ी में लोगों को सुरक्षित भवन निर्माण तकनीकों के बारे में जागरूक किया। कलाकारों ने भूकंपरोधी मकान बनाने के लिए आवश्यक तकनीकों जैसे उत्तम सीमेंट, क्षैतिज भूकंपरोधी बैंड, दीवारों का सुदृढ़ीकरण, पिलर निर्माण और कंक्रीट के मानक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने भवन निर्माण से पहले इंजीनियर से परामर्श लेने और आपातकालीन स्थिति में टॉल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क करने की सलाह दी। यह जागरूकता अभियान हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा 1 से 31 अक्तूबर तक आयोजित समर्थ-2025 कार्यक्रम का हिस्सा है। अगले चरण में 14 अक्तूबर को सलूणी, मंजीर, बकलोह और ककीरा में कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### हिमाचल के खिलाड़ियों का मंडी में स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** आठवीं राष्ट्रीय सवाते (फ्रेंच किकबॉक्सिंग) प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया स्तर पर दूसरा स्थान हासिल कर प्रदेश का मान-सम्मान बढ़ाया है। खिलाड़ियों के मंडी पहुंचने पर स्वाते संघ हिमाचल प्रदेश की महासचिव संतोषी शर्मा ने सभी खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमाचल के यह होनहार खिलाड़ी नशे से दूर रहकर समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन रहे हैं। मंडी में खिलाड़ियों के स्वागत समारोह में खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ रैलियों से रहेगा दूर: केसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्ज संघ जिला इकाई की बैठक जिला प्रधान केसी गौतम की अध्यक्षता में सोमवार को पेंशनर भवन, हमीरपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में महासचिव शम्भू राम जसवाल ने संचालन किया। पेंशनर साथियों के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों को हैल्प ऐज इंडिया, शिमला के माध्यम से डिजिटल जागरूकता संबंधी जानकारी दी गई। जिला प्रधान केसी गौतम ने स्पष्ट किया कि संघ 14 व 17 अक्तूबर को प्रस्तावित अन्य संगठनों की रैलियों में भाग नहीं लेगा, क्योंकि नई कार्यकारिणी का गठन हाल ही में हुआ है। उन्होंने बताया कि संघ ने पेंशनरों की प्रमुख मांगों–जनवरी 2016 से संशोधित ग्रैच्युटी, लीव एनकैशमेंट, कम्युटेशन का बकाया भुगतान, चिकित्सा बजट और महंगाई भत्ते की किस्तों को लेकर 7 अक्तूबर को मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। जिला बैठक के उपरांत पदाधिकारियों ने जिला कोषाधिकारी से मिलकर लंबित मुद्दों पर चर्चा की।

### स्वच्छता व नशा मुक्ति के लिए विशेष अभियान

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन में स्वच्छ भारत अभियान और नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ एक विशेष अभियान आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार गौतम की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अध्यापक और छात्र-छात्राओं ने मिलकर महाविद्यालय की साफ-सफाई की और परिसर में उगे नशीले पौधों को जड़ से नष्ट किया। प्राचार्य ने युवाओं को नशे से दूर रहने और शिक्षा, खेलकूद तथा सकारात्मक गतिविधियों में अपनी ऊर्जा लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वच्छ भारत और नशा निवारण समितियों के सदस्य प्रो. माला शर्मा, प्रो. योगेश कौंडल, प्रो. धृति शर्मा, प्रो. राजेश आदिका और प्रो. रजनी चौधरी ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। यह पहल विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** भारतीय जनता पार्टी बड़सर मंडल में नई टीम का गठन किया गया है, जिसमें मोर्चों के जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्षों का चयन हुआ है। विधायक इन्द्रदत्त लखनपाल और मण्डल अध्यक्ष संजीव शर्मा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विधायक लखनपाल ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा और अनुशासित संगठन है, जिसमें नई जिम्मेदारी समाज सेवा का अवसर है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से पार्टी की विचारधारा को घर-घर पहुंचाने और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि बड़सर मण्डल की नई नियुक्तियों से संगठन में नई ऊर्जा और समरसता आएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र पर चलने और पार्टी को नइ ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। महिला, अनुसूचित जाति, किसान और ओबीसी मोर्चों के पदाधिकारी भी शामिल हैं, जो बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करेंगे।

### अप्रेंटसशिप मेले में 24 युवाओं का हुआ चयन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) हमीरपुर में सोमवार को प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटसशिप मेला- अक्टूबर 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त हमीरपुर अभिषेक कुमार गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्थान के प्रधानाचार्य सुभाष चंद शर्मा ने बताया लगभग 189 अभ्यर्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया, जिनमें से 56 अभ्यर्थियों का पंजीकरण अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर किया गया। इनमें से सोभाग्य प्रा. लि. लुधियाना द्वारा 02 महिला अभ्यर्थियों का चयन किया गया, वर्धमान यार्न एंड थ्रेड्स लिमिटेड, होशियारपुर द्वारा 06 अभ्यर्थियों का चयन किया गया अलायंस जॉब, मोहाली द्वारा 13 अभ्यर्थियों का चयन किया गया तथा वर्धमान टेक्सटाइल्स, बद्दी द्वारा 03 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि, सभी अतिथियों, सहभागी कंपनियों एवं उपस्थित अभ्यर्थियों का हार्दिक धन्यवाद किया।

# क्षतिग्रस्त त्रिलोचन महादेव पुल दे रहा हादसे को न्योता

## यातायात पूरी तरह बाधित, प्रशासन की अनदेखी से बढ़ा जोखिम

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

**राडी** पंचायत को जोड़ने वाला त्रिलोचन महादेव पुल इस समय गंभीर क्षति की स्थिति में है। पुल की सतह पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जिससे वाहनों की आवाजाही लगभग असंभव हो चुकी है।

स्थानीय निवासी प्रभात शर्मा, जीवन कुमार, तिलक शर्मा, गोपाल शर्मा, राजेंद्र कुमार व अनित शर्मा आदि ने बताया कि यह पुल पर चलना मौत को दावत देने जैसा है। पुल की ऊंचाई काफी अधिक है और नीचे बहती रावी नदी इसे और खतरनाक बना देती है। लोगों का कहना है कि भारी वाहनों के लिए यह पुल अब असुरक्षित हो चुका है। हैरानी की बात यह है कि इन गड्ढों को भरने का कार्य भी प्रशासन



ने नहीं किया, बल्कि स्थानीय लोगों ने खुद पत्थर डालकर किसी तरह आवाजाही का अस्थायी प्रबंध किया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि जब हाल ही में आपदा के दौरान रांग की घार-लोथल-धरवाला मार्ग पूरी तरह जमींदोज हो गया था, तब त्रिलोचन महादेव पुल ही एकमात्र वैकल्पिक मार्ग था। उस समय हजारों श्रद्धालु और ग्रामीण इसी पुल से होकर निकले थे।

**स्थानीय लोग खुद भर रहे गड्ढे**

**मरम्मत की मांग तेज**

**ग्रामीणों** की प्रशासन से मांग है कि पुल की हालत को प्राथमिकता के आधार पर सुधारा जाए। यह न सिर्फ स्थानीय लोगों, बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चों और यात्रियों के लिए भी एक अहम मार्ग है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

## विधायक जनक राज ने संगठन सशक्तिकरण का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान, पांगी।** पांगी मंडल में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक परिचय बैठक आयोजित की गई, जिसमें भामौर-पांगी क्षेत्र के विधायक डॉ. जनकराज ने भाग लिया। बैठक में पांगी मंडल के पदाधिकारियों और नवनियुक्त मोर्चा अध्यक्षों को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने भी उपस्थित होकर सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और संगठन कार्यों को प्रत्येक परिवार तक पहुँचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन और जमीनी स्तर पर सक्रियता ही जनता से जुड़ाव और विकास के लिए आवश्यक है। विधायक डॉ. जनकराज ने सभी कार्यकर्ताओं से जिले और क्षेत्र में संगठन को सुदृढ़ बनाने के लिए सहयोग करने का आग्रह किया और कहा कि पार्टी के कार्यक्रमों को सही दिशा में पहुंचाने में सभी की भूमिका अहम है। बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन के विभिन्न मुद्दों और आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की।

# जब सब रास्ते बंद हों, तब गीता का श्लोक खोल देता है जीवन का द्वार: डॉ. गुलेरिया

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** कभी-कभी जीवन में ऐसा समय आता है जब सब कुछ होते हुए भी मन टूट जाता है। हिमाचल प्रदेश के एचएएस अधिकारी और वर्तमान में आयुष विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. अमित गुलेरिया ने इसी सच्चाई को आत्मीयता से साझा किया।

उन्होंने बताया कि करियर की ऊंचाइयों पर होने के बावजूद वे एक समय नशे और अवसाद के गहरे दलदल में डूब चुके थे। सब कुछ होते हुए भी संतोष नहीं था। आत्महत्या जैसे विचार मन में आने लगे थे। तभी मैंने भगवद् गीता उठाई और उसी ने जीवन की दिशा बदल दी।

मंडी जिला निवासी डॉ. गुलेरिया ने बताया कि बचपन से उनका मन भक्ति की ओर झुका हुआ था, लेकिन प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी सेवा की दौड़ में यह भाव पीछे छूट गया। जीवन के भटकाव ने उन्हें अंततः आत्मज्ञान की ओर मोड़ा। आज वे इस्कॉन से जुड़े हैं और 'हरि नाम संकीर्तन' व गीता प्रचार में सक्रिय हैं। वे कहते हैं, आध्यात्मिकता कोई पलायन नहीं, बल्कि आत्म-प्रेरणा की



चरम अवस्था है। हाल ही में चंबा यात्रा के दौरान उन्होंने 'राधा कृष्ण मंदिर जुलाहकड़ी' में अपार भक्ति और श्रद्धा का अनुभव किया। उनका कहना है कि वे भविष्य में चंबा उपायुक्त बनकर सेवा करना चाहते हैं।

युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि बाहरी सफलता क्षणिक होती है, लेकिन आत्मा से जुड़ाव ही सच्ची जीत है। नशे से दूर रहें और अपनी संस्कृति को अपनाएं यही हमारे भारत की असली पहचान है।

# क्वांरसी पंचायत में दो माह से बंद सड़क बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत



**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** ग्राम पंचायत क्वांरसी में पिछले दो महीने से क्षतिग्रस्त सड़क के कारण सरकारी डिपो तक राशन नहीं पहुंच पाया है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत प्रधान सुरसा देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद विभाग और विधायक की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण न केवल राशन वितरण बाधित है, बल्कि लोगों को रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं लाने में भी दिक्कत हो रही है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य कर रहा

**राशन वितरण ठप, ठोस कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों ने जताया रोष**

ठेकेदार अपनी मशीनरी सहित स्थल पर मौजूद है और मात्र दो से चार दिन में सड़क बहाल की जा सकती है, लेकिन प्रशासन की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते कार्य में देरी हो रही है।

प्रधान ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो ग्रामीण आंदोलन का रुख अपना सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द इस रोड को खोलने की मांग की है ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## न्यायपालिका की गरिमा व बालक उत्पीड़न मामले में सख्त कार्रवाई की मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर दो गंभीर मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की घटना की कड़ी निंदा की गई और न्यायपालिका की गरिमा व स्वतंत्रता की रक्षा के लिए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की गई। इसके अतिरिक्त, ज्ञापन में रोहड़ू के लिम्बा गांव में अनुसूचित जाति के 12 वर्षीय बालक के साथ हुए उत्पीड़न की घटना को मानवता को शर्मसार करने वाला बताया गया। बालक के साथ जातिगत आधार पर गाली-गलौज, मारपीट और अपमान के चलते उसने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसकी मृत्यु 17 सितंबर को इंग्स्ष्ट शिमला में हुई। संस्थाओं ने दोषियों पर एससी-एसटी एक्ट और आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में मनोहर हितेषी, कृष्ण लाल शाह, अनूप राही, जितेश्वर सूर्या, सूदन चंद्रा, अरुण डालिया, राकेश हितेषी, भीम वर्धन व अन्य शामिल रहे।

# चंबा को मिली जीवनरक्षक सौगात, दो नई एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस शामिल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा जिले की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में आज एक बड़ा सुधार हुआ है। प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता और दूरदृष्टि के चलते दो नई अत्याधुनिक एडवांस लाइफ सपोर्ट (ए.एल.एस.) एम्बुलेंसें स्वास्थ्य विभाग में शामिल कर दी गई हैं। इन एंबुलेंसों के जुड़ने से जिले की चिकित्सा सेवाओं को नई गति और मजबूती मिलेगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन ठाकुर ने बताया कि अब तक चंबा में केवल एक



एएलएस एंबुलेंस थी, लेकिन अब कुल तीन एंबुलेंस उपलब्ध हैं। इन एम्बुलेंसों में वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर, मल्टी-पैरामीटर मॉनिटर, ऑक्सीजन सप्लाई सिस्टम, सक्शन मशीन, इन्फ्यूजन और सिरिंज पंप, नेबुलाइज़र, स्पाइनल बोर्ड, हाइड्रोलिक स्ट्रेचर, ए.सी. व क्लाइमेट कंट्रोल, पॉवर बैकअप, टू-वे कम्युनिकेशन, प्राथमिक चिकित्सा किट, ऑटोमेटिक सायरन और जी.पी.एस. नेविगेशन जैसे आधुनिक जीवनरक्षक उपकरण उपलब्ध हैं।

चंबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज नैय्यर

**सीएमओ बोले- अत्याधुनिक उपकरणों से लैस हैं एंबुलेंस**

**विधायक नीरज नैय्यर ने प्रदेश सरकार का किया धन्यवाद**

ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्गम एवं चुनौतीपूर्ण भौगोलिक स्थिति वाले जिले में यह पहल वरदान समान है। इन एम्बुलेंसों से न केवल गंभीर मरीजों की जान बचेगी, बल्कि समय पर चिकित्सा सुविधा भी सुनिश्चित होगी।

चंबा एक पर्वतीय क्षेत्र होने के कारण आपातकालीन चिकित्सा सेवा में हमेशा चुनौतियां रही हैं। अब नई एम्बुलेंसों के आने से यह चुनौती अवसर में बदलेगी। गोल्डन ऑवर के भीतर जीवनरक्षक उपचार मिलने से मृत्यु दर में कमी आएगी और स्वास्थ्य सेवा में सुधार होगा। यह कदम न केवल चंबा के लिए, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बनेगा।

**मुख्य बिंदु:** पहले 1, अब 3 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंसें सक्रिय। अत्याधुनिक जीवनरक्षक उपकरणों से लैस। गंभीर मरीजों को त्वरित और सुरक्षित चिकित्सा सहायता। चंबा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा नया बल।

## आपदा प्रभावित परिवारों को वितरित की आवश्यक सामग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** श्री गुरु रविदास मंदिर जरल कालोनी पंडोह मंडी को श्री गुरु रविदास मंदिर डेरा बाबा लाल दास कपाल मोचन हरियाणा के गद्दीनशीन 108 संत निर्मल दास जी महाराज के सानिध्य व सौजन्य से, हिमाचल प्रदेश में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित गरीब व जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई। उन परिवारों को विशेष रूप से राहत दी गई जिनके घर आपदा में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए थे। सेवा समिति द्वारा बिस्तर, रजाई, कंबल, गर्म कपड़े, आटा, दाल, चावल, तेल, बर्तन, नमक, साबुन आदि आवश्यक वस्तुएं वितरित की गईं। यह सेवा अभियान 5 से 9 अक्तूबर तक चलाया गया, जिसमें सरकाघाट के गांव स्याठी, हमीरपुर के चबुतरा, मंडी के पंगल्यूर, बाखली सहित अन्य गांवों के प्रभावित परिवारों को शामिल किया गया। इस अभियान का संचालन श्री गुरु रविदास मंदिर जरल कालोनी के प्रमुख सेवादार इन्द्र सिंह (बिजू) व सेवा समिति के अन्य सदस्यों द्वारा किया गया। समिति सदस्य गुरुदेव, दयालू राम, बालक राम, गोपाल, सावित्री, कांता, नरोतम, धर्मचंद, सत्या, बिंद्रा और गगन आदि ने भाग लिया।

# प्रियंका गांधी बताएं, कहां गईं हिमाचल में दी गई गारंटियां: राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी के बयान पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता को चुनावी वायदों और झूठी गारंटियों से अब और धोखा बर्दाश्त नहीं होगा। रिज मैदान से केंद्र सरकार पर हमला करने वाली प्रियंका गांधी को पहले यह बताना चाहिए कि चुनाव के समय उन्होंने जो वादे और



गारंटियां कीं — विशेषकर महिलाओं के लिए %1500% के नाम पर जो आश्वासन दिए गए उनका क्या हुआ? तीन वर्ष पूरे होने को हैं, लेकिन आज तक उन वायदों का कोई ठोस परिणाम जनता के सामने नहीं है। राकेश जमवाल ने आरोप लगाया कि प्रियंका गांधी ने हिमाचल की महिलाओं को 1500 के नाम पर आश्वस्त कर भारी उम्मीदें जगाईं, पर आज उस वादे का कोई लेखा-जोखा नहीं है। उन्होंने कहा कि यह केवल राजनीतिक दिखावा नहीं बल्कि नैतिक प्रश्न भी है और प्रियंका गांधी की जिम्मेदारी बनती है कि वह प्रदेश की महिलाओं और कुल जनता को स्पष्ट जवाब दें — तीन साल में वह गारंटी कहां गई, किन बजट मदों में क्या एलोकेशन हुआ और किस कारण जनता को लाभ नहीं मिला। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब झूठे वादों और दिखावटी घोषणाओं का समय खत्म हो गया है।

# सुभाष ने एक बार फिर चमकाया चंबा का नाम

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के छोटे गांव प्रोथा के युवा गायक सुभाष प्रिंस ने रामपुर में आयोजित सुरों का महासंग्राम प्रतियोगिता में प्रदेश भर के कलाकारों को पीछे छोड़कर प्रथम स्थान हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के कई नामी कलाकार शामिल थे, लेकिन सुभाष की मधुर आवाज़ और गायिकी ने निर्णायकों का दिल जीत लिया। उन्हें सुर, लय और भावों का अद्भुत संगम कहा गया। चंबा और प्रोथा ग्राम पंचायत में इस सफलता की खबर से खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया और ढोल-नगाड़ों की थाप पर



सम्मानित किया। सुभाष ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और संगीत के प्रति अपने जुनून को दिया। उन्होंने कहा कि मैं हिमाचल की लोक संस्कृति और संगीत को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाना चाहता हूं। चंबा के लोगों ने सुभाष को युवाओं के लिए प्रेरणा बताते हुए गर्व जताया।

## यशवंत, भीम सिंह कृष्ण चंद और दीप चंद को उपाध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष देशराज ठाकुर ने अपनी कार्यकारिणी घोषित कर दी है। कार्यकारिणी में सुंदरनगर से यशवंत, करसोग से भीम सिंह, सरकाघाट से कृष्ण चंद और नाचन से दीप चंद को उपाध्यक्ष, करसोग से बाबू राम शर्मा और धर्मपुर से वीरेंद्र पठानिया को महामंत्री, नाचन से सुभाष राणा, सुंदरनगर से राजकुमार, सरकाघाट से विवेक शर्मा, धर्मपुर से अनिल ठाकुर और करसोग से पूर्ण चंद शर्मा को सचिव, सुंदरनगर के जीतराम को कोषाध्यक्ष, सुंदरनगर के राज शर्मा, नाचन से प्रेम सिंह, करसोग से देविंद्र कुमार को प्रवक्ता, बोध राज को कार्यालय सचिव, सुरेश शर्मा को मीडिया प्रभारी और शंभू पाल्सरा को सह मीडिया प्रभारी तथा नाचन के भीष्म ठाकुर को इंटरनेट मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त प्यार सिंह, भीष्ण सिंह, नरेश कुमार, राकेश कुमार, बलबीर सिंह, प्रेम सिंह, ओम चंद, संजय बनयाल, जगदीश ठाकुर, देवी सिंह और राम दास को सदस्य बनाया गया है।

# अभिषेक चुने एबीवीपी धनेटा कॉलेज के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धनेटा महाविद्यालय इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नव कार्यकारिणी इकाई अध्यक्ष की जिम्मेवारी अभिषेक गुलेरिया एवं इंद्रजीत सिंह को इकाई मंत्री चुना गया। पायल ठाकुर व अनुराधा (उपाध्यक्ष), तनवी, आर्यन शर्मा व नीरज शर्मा (इकाई सह मंत्री), पायल चौधरी (कोषाध्यक्ष), पायल ठाकुर ( एसएफडी संयोजक), गौरव कुमार ( एसएफएस संयोजक), रजनी शर्मा (मीडिया संयोजक), विकास शर्मा (सोशल मीडिया संयोजक), अभिषेक (सोशल मीडिया सह संयोजक), नेहा ( बीए प्रमुख) जिला संगठन मंत्री अभिलाष शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद न केवल एक छात्र संगठन है।

## डलहौजी व बनीखेत में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत बनीखेत तथा आसपास के क्षेत्रों का दौरा कर विभिन्न विकासात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और महत्वपूर्ण परियोजना स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। उपायुक्त ने इस दौरान बनीखेत में प्रस्तावित बस स्टैंड स्थल का निरीक्षण किया और क्षेत्रीय प्रबंधक राज्य पथ परिवहन निगम तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही आरंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण हाट निर्माण हेतु चयनित स्थल का भी निरीक्षण किया और निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

# भवड़ा में तैयार गुग्गा धाम, 20 फुट ऊंची रथ पर सवार अकर्षक प्रतिमा



**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** उपमंडल नादौन की ग्राम पंचायत अमलेहड़ ने भवड़ा में प्राचीन गुग्गा मंदिर के समीप भव्य 'गुग्गा धाम' का निर्माण कर क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं को एक अनमोल सौगात दी है। इस धार्मिक स्थल की सबसे बड़ी विशेषता गुग्गा महाराज की लगभग 20 फुट ऊंची व 35 फुट लंबी रथ पर सवार आकर्षक प्रतिमा है, जो अपनी तरह की अनोखी कृति मानी जा रही है। पार्क में श्रद्धालुओं के लिए गुग्गा महाराज के जीवन दर्शन से जुड़ी जानकारी प्रदर्शित की गई है। इसके अतिरिक्त हॉल, किचन शेड और रेन शेल्टर जैसी सुविधाओं से यह स्थान धार्मिक व सामाजिक आयोजनों के लिए भी उपयुक्त बन गया है।

खंड विकास अधिकारी निशांत शर्मा ने बताया कि इस परियोजना पर मनरेगा एवं वित्त आयोग के तहत 35 लाख रुपए की राशि खर्च की गई है। इसमें स्थानीय लोगों की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मचारियों की सराहना की। बीडीओ ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री शीघ्र ही इस 'गुग्गा धाम' का लोकार्पण करेंगे।



# सेपकटकरा प्रतियोगिता में सब-जूनियर वर्ग में जिला मंडी की टीम ने झटका प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल पड्डल, मंडी में आयोजित 9वीं स्तरीय सेपकटकरा प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सरवन कुमार चेयरमैन इंपायर स्किल इंडिया मंडी ने खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं पदक प्रदान किए। इस अवसर पर हेम राज, महासचिव राज्य संघ, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ अंजू शर्मा, महासचिव जिला संघ एवं प्रधानाचार्य गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल पड्डल मंडी, रविंद्र कुमार, जिला सचिव बिलासपुर, महेन्द्र पाल ठाकुर, विशाल, नरेश कुमार, हरि कृष्ण तथा पूर्ण चंद ठाकुर सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। प्रतियोगिता में सब-जूनियर वर्ग में जिला मंडी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जिला बिलासपुर द्वितीय और जिला कुल्लू तृतीय स्थान पर रहा। सीनियर वर्ग में जिला मंडी के खिलाड़ियों — मनीष कुमार, अंतरिक्ष, चमन वर्मा और निखिल ने स्वर्ण पदक जीतकर जिला का गौरव बढ़ाया। इन खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय स्तरीय सेपकटकरा प्रतियोगिता, जो कि 23 अक्टूबर से गोवा में आयोजित होने जा रही है, के लिए चयन किया गया है। इस प्रतियोगिता में लगभग 70 खिलाड़ी (लड़के एवं लड़कियां) विभिन्न जिलों से भाग लेने पहुंचे थे। प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम के अंत में पी.एन. आज़ाद, प्रदेश संघ के प्रधान ने सभी खिलाड़ियों को उनकी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

अनंत Classifieds

**बेदखली सूचना**

**मैं चैन सिंह** (67वर्ष) पुत्र श्री किशन चन्द निवासी गांव पंजाहड़ा ढालां, डाकघर पंजाहड़ा, तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरी धर्म पत्नी शकुंतला देवी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। अतः मैं अपनी धर्म पत्नी शकुंतला देवी को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पसल**
**विकास खंड चौन्तडा, जिला मंडी (हि प्र)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत पसल में विभिन्न विकास कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं यह निविदाएं दिनांक 17 अक्टूबर 2025 को शाम 5:00 बजे तक पंचायत कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। तथा यह निविदाएं दिनांक 18 अक्टूबर 2025 को दोपहर 1:00 बजे पंचायत की बैठक में खोली जाएगी। निविदादाता को 1000 रुपए (नॉन रिफंडेबल) का आवेदन शुल्क पंचायत मे जमा करवाना होगा। सामग्री का विवरण:

**कुर्सियां, टेबल, पुस्तक लाइब्रेरी के लिए पुस्तकें, शेल्फ, सोलर लाइट रिपेयरिंग, हैंड पंप मोटर फिटिंग कंप्लीट**

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत पसल**

अगर आप सूरज की तरह चमकना चाहते हैं, तो पहले सूरज की तरह जलना सीखिए। -डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

## संपादकीय

# संकट में लालू परिवार

बिहार की राजनीति इस समय एक बड़े संकट और गहमागहमी के दौर से गुजर रही है। आगामी विधानसभा चुनावों की सरगर्मी जहां एक ओर राजनीतिक दलों को सक्रिय कर रही है, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और उसका शीर्ष नेतृत्व यानी लालू प्रसाद यादव का परिवार गंभीर कानूनी संकट में फंसा नजर आ रहा है। दिल्ली की एक अदालत की ओर से इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) जमीन घोटाले में लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, पुत्र तेजस्वी यादव और उनके करीबियों के खिलाफ आरोप तय करना न सिर्फ लालू परिवार, बल्कि राजद के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

आईआरसीटीसी जमीन घोटाले की जड़ें उस समय की हैं, जब लालू प्रसाद यादव केंद्र सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि उन्होंने रेलवे की दो होटलों-एक रांची और दूसरी पुरी में, का रखरखाव और संचालन एक निजी कंपनी को सौंपा। इसके बदले में, कथित रूप से लालू यादव के परिवार को पटना में बहुमूल्य जमीन बेहद सस्ते दामों पर ट्रांसफर की गई। इस पूरे लेन-देन को भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का रूप देते हुए सीबीआई ने केस दर्ज किया।

सीबीआई की चार्जशीट के अनुसार, लालू यादव इस साजिश के मुख्य सूत्रधार थे। जांच एजेंसी ने यह दावा भी किया कि उसके पास पर्याप्त सबूत हैं। राजद बिहार की राजनीति में एक सशक्त ताकत रही है, लेकिन चुनाव से ठीक पहले इस प्रकार का गंभीर आरोप लगना पार्टी की छवि के लिए एक बड़ा झटका है। यदि अदालत में सीबीआई अपनी बात को पूरी तरह साबित कर देती है, तो लालू परिवार की राजनीतिक विश्वसनीयता को गहरा आघात पहुंचेगा। इस घोटाले के उजागर होने से एक बड़ा तबका, खासकर युवा और पहली बार वोट देने वाले मतदाता, साफ-सुथरी छवि वाले नेताओं और पार्टियों की ओर रुख कर सकते हैं। भ्रष्टाचार विरोधी भावना का लाभ भाजपा या जद(यू) जैसी पार्टियों को मिल सकता है, जो खुद को 'सुशासन' और 'विकास' की राजनीति के समर्थक के रूप में पेश करते हैं।

वर्तमान परिदृश्य में भाजपा बिहार में अपनी राजनीतिक ताकत को फिर से मजबूत करने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा के बीच रिश्ते पहले से बेहतर हैं और दोनों मिलकर एक बार फिर सत्ता में वापसी की योजना बना रहे हैं। लालू परिवार पर लगे आरोप भाजपा के लिए एक चुनावी मुद्दा बन सकते हैं, जिसे वह जनता के बीच प्रमुखता से उठा सकती है। इससे भाजपा को नैतिक बढ़त भी मिल सकती है। राजद के नेता इस पूरे मामले को एक राजनीतिक साजिश बता रहे हैं। उनका कहना है कि चुनाव से ठीक पहले लालू परिवार को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है ताकि उनकी पार्टी को नुकसान पहुंचाया जा सके। पार्टी पदाधिकारियों का दावा है कि सीबीआई जैसी संस्थाएं केंद्र सरकार के दबाव में काम कर रही हैं और विपक्षी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है।

ऐसे में सवाल उठता है कि क्या यह वास्तव में सिर्फ एक चुनावी रणनीति है या भ्रष्टाचार का सच सामने आ रहा है? इस सवाल का जवाब अदालत में सबूतों और गवाही के आधार पर ही तय होगा, लेकिन फिलहाल यह मामला बिहार की राजनीति को पूरी तरह प्रभावित कर चुका है। लालू यादव और उनका परिवार यदि निर्दोष हैं तो उन्हें अदालत में ठोस और वैध सबूतों के साथ अपना पक्ष रखना चाहिए। यदि वे ऐसा करने में सफल होते हैं तो न केवल वे इस कानूनी संकट से बाहर निकल सकते हैं, बल्कि जनता की सहानुभूति भी अर्जित कर सकते हैं। अगर अदालत में मामला लालू परिवार के खिलाफ जाता है, तो इससे उनके राजनीतिक करियर को अपूरणीय क्षति हो सकती है। खासकर तेजस्वी यादव, जो राजद के भविष्य के नेता माने जा रहे हैं, उनके लिए यह एक बड़ी चुनौती होगी।

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले आईआरसीटीसी घोटाले में लालू यादव और उनके परिवार के खिलाफ लगे आरोपों ने सियासी समीकरणों को पूरी तरह बदल दिया है। यह मामला न केवल राजद के लिए एक परीक्षा की घड़ी है, बल्कि यह बिहार की जनता के लिए भी एक अवसर है कि वे अपने मत का प्रयोग सोच-समझ कर करें। भ्रष्टाचार और पारदर्शिता जैसे मुद्दे यदि चुनावी विमर्श का हिस्सा बनते हैं, तो इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी।

अब यह देखना होगा कि अदालत में इस केस की दिशा क्या होती है और जनता इसका कितना राजनीतिक फायदा या नुकसान उठाती है। इतना तय है कि इस पूरे प्रकरण ने बिहार के चुनावी पटल पर एक बड़ा मुद्दा खड़ा कर दिया है, जिसे नजरअंदाज करना अब किसी भी पार्टी के लिए संभव नहीं होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के महान क्रांतिकारी

**लाला** हरदयाल भारत के महान क्रांतिकारी, विचारक और लेखक थे। उन्होंने भारत की आजादी के लिए विदेशों में रहकर भी संघर्ष किया। उनका जन्म 14 अक्तूबर 1884 को दिल्ली में हुआ। लंदन में रहते हुए उन्होंने श्यामजी कृष्ण वर्मा और भाई परमानंद जैसे क्रांतिकारियों से प्रेरणा ली। उन्होंने 'पॉलिटिकल मिशनरी' नामक संस्था बनाई, ताकि भारतीय छात्रों में देशभक्ति फैलाई जा सके। भारत लौटने के बाद वे 'पंजाब' पत्र के संपादक बने, लेकिन गिरफ्तारी के डर से विदेश चले गए। 1913 में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में 'गदर पार्टी' की स्थापना हुई, जिसका उद्देश्य ब्रिटिश शासन को जड़ से उखाड़ फेंकना था। लाला हरदयाल इस पार्टी के महासचिव बने और उन्होंने 'गदर' नामक पत्रिका निकाली, जिसने अंग्रेजों के अत्याचारों का पर्दाफाश किया। उन्होंने जर्मनी, तुर्की, स्वीडन, स्विट्जरलैंड आदि देशों की यात्रा की और भारत की आजादी के पक्ष में माहौल बनाया। वह भारत लौटना चाहते थे, लेकिन 4 मार्च 1939 को फिलाडेल्फिया (अमेरिका) में उनका निधन हो गया। ■



**लाला हरदयाल**
**जन्म** :14 अक्तूबर, 1884
**निधन** : 4 मार्च, 1939



कविता

### जरा अदब आजमाना

डॉ. कौमार्या मनोज

**दीपावली** के अगले दिन दीया और बाती का जन जनता से आग्रह
(गरीब के खाने का, सामान हो जाए)

जरा अदब आजमाना, मुझे उठाने से पहले।
बुझा दिया समझकर, न झाड़ू लगाना।।
कल दी थी रोशनी मैं, तेरे सारे शहर को।
जल जल खुद जलाया, तब उजाला थे पाए।।
रोशनी में शहर था, बना स्वर्ण चादर ।
मुझे तुमने बुझाए, पटाखे जलाकर ।।
उठा करीने से मुझको , घर में रख तू लेना।
अगले बरस फिर से ,जलवा करेंगे।।
कुछ तेल भी बचा है, मेरे अंदर जो सिमटा ।
उनलोगों में बाटों , जिन्हें मेरी जरूरत।।
क्या पता दो वक्त का , इंतजाम हो जाए।
बेशक तुम्हारा कचरा,तेरा पड़ा वो जूठन ।।
गरीबों के खेलने का ,सामान हो जाए ।
या गरीब के खाने का , सामान निकल आए।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# क्या ट्रंप नोबेल में मात के बाद भी शांति दूत बने रहेंगे?



ऋतुपर्ण दवे
स्वतंत्र टिप्पणीकार

बड़बोले डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल पुरस्कार नहीं मिला। अपने मुंह मियां मिट्ठू बनने वाले ट्रंप हाथ मलते रह गए। शांति के नोबेल के लिए चंद देशों से खुद को नामित कराने वाले अड़ीबाज अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मुकाबले बेहद कम चर्चित और दुनिया में अलग पहचान रखने वाली एक महिला को मिलना शायद ट्रंप को उनकी असलियत या औकात बताने को काफी है।

वैसे भी हर पुरस्कार के लिए नियम होते हैं, लंबी फेहरिस्त होती है और कारण होते हैं। ट्रंप कहीं से भी इसमें फिट नहीं बैठते थे, लेकिन उन्हें अमेरिका का राष्ट्रपति होने का गुमान था। इसीलिए वो यह जानते हुए भी कि पुरस्कार के लिए नामित होने और औपचारिकताओं के पूरा करने की प्रक्रिया को भी शायद अपनी धौंस से धता बताने की जुगाड़ में थे, जो हो न सका। यह भी सच है कि शायद यह पहला मौका होगा जब पुरस्कार मिलने वाले के नाम की चर्चा के बजाए न मिलने वाले का नाम और उसका रंज सुर्खियों में है। अब ट्रंप भले ही लगातार अपना दावा जता रहे हों और कहते फिर रहे हों कि अमेरिका में जिन भी लोगों को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया, वो ज्यादातर विवादित ही रहे। ट्रंप भला क्या कम विवादित हैं? अमेरिका के राष्ट्रपति बनाम वहां के बड़े बिजनेसमैन डोनाल्ड ट्रंप इस बार सत्ता में आने के साथ ही खुद को शांति का स्वयं-भू मसीहा बताते नहीं अघाते हैं। वो भारत-पाकिस्तान, रूस-यूक्रेन, इसराइल-हमास जंग समेत आठ युद्ध विराम या समझौते कराने का दावा करते हैं, जबकि दुनिया हकीकत जानती है कि इन सभी जगहों पर अभी कितनी शांति है?

इस बार का नोबेल शांति पुरस्कार नॉर्वेनियन नोबेल कमेटी ने वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को देना तय किया। नोबेल समिति के अध्यक्ष यॉर्गन वाटने फ्रिडनेस ने मारिया कोरिना मचाडो को एक ऐसी प्रमुख और एकजुट करने वाली शख्सियत बताया जिन्होंने पहले गहरे विभाजित विपक्ष को एकजुट किया फिर स्वतंत्र चुनावों और प्रतिनिधि सरकार की मांग में समान आधार स्थापित करने का कठिन काम किया।

अपने प्रयासों की कामियाबी के लिए मारिया कोरिना मचाडो को छिपकर रहने पर भी मजबूर होना पड़ा, लेकिन जान को गंभीर खतरों के बावजूद उन्होंने अपना देश नहीं छोड़ा और दुनियाभर में शांति के पक्षधर लाखों लोगों का प्रेरित किया। मारिया का मानना है कि जब सत्तावादी लोग सत्ता हथिया लेते हैं, तो स्वतंत्रता के ऐसे साहसी रक्षकों को पहचानना जरूरी है जो उठ खड़े हों और विरोध करें। लोकतंत्र उन्हीं लोगों पर निर्भर करता है जो चुप रहने के बजाए गंभीर जोखिमों के बावजूद आगे बढ़ते रहने का दुस्साहस करते हैं। यह याद दिलाता है कि स्वतंत्रता को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए, बल्कि हमेशा उसकी रक्षा करनी चाहिए। इसके लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और शब्दों के सामर्थ्य का इस्तेमाल जरूरी है। ट्रंप भले ही दुनिया का दारोगा कहलाएं, लेकिन उन्हें मारिया के सिध्दांतों और धारणाओं से काफी कुछ सीखने की जरूरत है।



यह सही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में तो शुरुआत से ही शांति के नोबेल पुरस्कार का सपना संजोए बैठे थे। उनका हर मंच पर दावा कि उन्होंने ही आठ युद्ध रुकवाए हैं यही बताता है। पूर्व राष्ट्रपति ओबामा की आलोचना करना और कहना कि बिना किसी कारण के उन्हें नोबेल मिला मैंने तो 8-8 युद्ध रुकवाए अहंकार नहीं तो क्या है? लेकिन वो भूल गए कि उनके दावे नोबेल शांति पुरस्कार के नामांकन की समय-सीमा के बाद के हैं। ऐसे में संभव है कि यह उनकी चालाकी हो और अगले साल के अपने दावे को पुख्ता करने की रणनीति हो। दुनिया जानती है कि ट्रंप कहते कुछ हैं, करते कुछ हैं। कहा तो यह तक जाने लगा है कि ट्रंप को यह भी नहीं पता अगले पल वो क्या कर बैठें, बहरहाल यह उनका अपना मामला है वो जाने। हां, नोबेल कमेटी की निना ग्रेगर ने यह जरूर कहा कि नोबेल के फैसले पर गाजा सीजफायर का असर नहीं होगा, लेकिन अगर यह शांति स्थायी रही, तो अगले साल ट्रंप की दावेदारी मजबूत हो सकती है। वहीं, नोबेल कमेटी के अध्यक्ष जोएर्गन वाटने फ्राइडनेस ने कहा कि पुरस्कार पर फैसला काम के आधार पर किया जाता है। अब ऐसा भी नहीं है कि अमेरिका जैसे देश सशक्त देश के राष्ट्रपति को इतना भी भान न हो?

नोबेल पुरस्कार की स्थापना बिजनेसमैन, एंटरप्रेन्योआर और वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल की मृत्यु के बाद हुई जिन्होंने अपनी ज्यादातर संपत्ति कई क्षेत्रों में पुरस्कारों के लिए छोड़ी थी। सन् 1895 में अपनी वसीयत में कहा था कि ऐसे पुरस्कार उन्हें दिया जाना चाहिए जिन्होंने पिछले साल मानव जाति के लिए सबसे बड़ा उपकार किया हो। शुरुआत 1901 में हुई जो जारी है। पुरस्कार भौतिकी, रसायन विज्ञान, चिकित्सा या शरीर क्रिया विज्ञान, साहित्य, शांति और आर्थिक विज्ञान क्षेत्र में दिए जाते हैं।

शांति पुरस्कार ऐसा अकेला है जिसका फैसला नॉर्वे की संसद की तरफ से चुने गए पांच सदस्यों की एक समिति की करती है। समिति ओस्लो में है पुरुस्कार वहीं देते हैं। इसमें एक डिप्लोमा, सोने का मेडल और 11 मिलियन स्वीडिश मुद्रा (10.36 करोड़ रुपए) दी जाती है। नियमानुसार पुरस्कार देने और न देने की वजह अगले 50 साल तक नहीं बताई जाती है। काश ट्रंप इतना इंतजार कर पाते? फिलहाल यह देखना होगा कि तिलमिलाए ट्रंप आगे भी शांति दूत बने रहेंगे या दुनिया की शांति हरेंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# आधुनिकता की दौड़ में पिछड़ती विरासत और विलुप्त होते पनघट



रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्कार, बिलासपुर

सरकार के जलशक्ति विभाग द्वारा गांव-गांव, घर-घर तक पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाए जाने के साथ ही सदियों पुराने पनघट वीरान पड़ गए हैं। अब इनके रख-रखाव की ओर न क्षेत्रवासी दिलचस्पी ले रहे हैं और न ही सरकार का कोई विभाग ध्यान दे रहा है।

एक समय था जब पनघट को पवित्र स्थल माना जाता था। कभी बुजुर्गों ने अपने समय वहां पीपल और वटवृक्ष आदि छायादार वृक्ष लगाए थे, जो विशालकाय हो गए थे। उनके नीचे स्थानीय देवताओं की पत्थर की मूर्तियां भी रखी थी। वहां लोग पूजा-पाठ भी किया करते थे। पनघट बस्तियों से कुछ दूर नालों या खड्डों के किनारे होते थे। पनघट के पास एक-दो और भी प्राकृतिक जल-स्रोत होते थे, जिनमें बावड़ी के साथ नालू आदि होते थे। उक्त जलस्त्रोतों का पानी गुणवत्ता से परिपूर्ण और स्वादिष्ट होता था। गर्मियों के दिनों में लोग दोपहर को घंटों पनघट पर बैठकर शीतलता का आनंद लेते थे। अब ये पनघट बीते जमाने की स्मृतियां बनकर रह गए हैं। गांव से पनघट के लिए बनी पगडंडियां कंटीली झाड़ियों में लुप्त हो गई हैं। ग्रामीण क्षेत्र में शहर की तरह सुख-सुविधा हो जाने के कारण अब कोई पनघट की ओर जाता भी नहीं है। एक समय था जब गांव के वे युवक शनिवार को पनघट की साफ-सफाई करते थे जिनकी शनि ग्रह की दशा ठीक नहीं होती थी। पनघट पर पशुओं के पानी पीने तथा उनको नहलाने के लिए अलग-अलग खुर्लियां बनी होती थी। उनको भी साफ किया जाता था।



यह कार्य दोपहर को होता तथा सभी युवा उसमें अपनी भागीदारी निभाते थे। इसके साथ ही गांव से पनघट तक कि पगडंडी की सफाई की जाती। इस कार्य को पुण्य समझा जाता था। बदली परिस्थितियों में अब गांव के किशोर भी पनघट और रास्तों की सफाई में दिलचस्पी नहीं लेते। वैसे भी रख-रखाव की कमी के चलते अब पनघट तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया। गांव की पगडंडियों पर कभी चहल-पहल होती। घड़े-घड़ोलू उठाकर पुरुष और महिलाएं पानी लेने को जाते थे। अब वह पगडंडियां ही विलुप्त हो गई हैं। कंटीली झाड़ियों एवं पेड़-पौधों ने प्राकृतिक जलस्त्रोतों के साथ ही पगडंडियां को भी ढक दिया है। एक समय था जब ग्रामीणों की दिनचार्य पनघट से ही शरू होती थी। सवेरे ही महिलाएं और पुरुष अपने अपने घड़ा-घड़ोलू उठकर पनघट पर जाते। उनमें यह होड़ लगी रहती थी कि सबसे पहले पानी कौन भरेगा।लोगों में मान्यता रही कि सबसे पहले बावड़ी से पानी भरने वाले के घर में अन्न-धन की बरकत होती। इसलिए पानी भरने वालों की सवेरे ही भीड़ जमा हो जाती थी। पनघट से कई घड़े पानी भरकर लाने पड़ते थे, ताकि रात तक पानी की कमी न रहे। कई पुरुष पनघट पर ही दातुन वगैरह करने के बाद ठंडे पानी से स्नान कर लेते और वहां पूजा पाठ भी कर लेते। प्राकृतिक जलस्त्रोतों का पानी गर्मियों में ठंडा और शर्दियों में गर्म होता था तथा उसमें से भाप निकलता रहता था। दोपहर के समय ग्रामीण अपने पशुओं को पानी पिलाने के लिए पनघट पर ले जाया करते थे। पशुओं के पानी पीने की अलग व्यवस्था होती थी।

भैंसें रोज नहलाई जाती थी, जबकि गाय और बैल आदि तीन-चार दिनों के बाद नहलाए जाते थे। खड्डों-नालों में रेत, बजरी एवं पत्थरों के अवैज्ञानिक ढंग से हो रहे खनन के चलते पिछले कुछ वर्षों से पानी का स्तर काफी नीचे उतर गया है। इससे कई प्राकृतिक जलस्त्रोतों में पानी की कमी हो गई है तथा कई विलुप्त होने के कगार पर है। लोग इसलिए बेपरवाह हैं कि उन्हें घर-द्वार पेयजल उपलब्ध हो रहा है। अक्सर बड़ी-बड़ी उठाऊ पेयजल योजनाएं नदियों व खड्डों से बनी हैं। उस पानी को फिल्टर किया जाता है। बुजुर्गों का मानना है कि पनघट का पानी पीने से मन को संतुष्टि मिलती थी। उस समय लोग अपने काम में व्यस्त रहते थे । इससे वे चुस्त-दुरुस्त रहते थे। लोग बहुत कम बीमार पड़ते थे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# आस्था बनाम आकर्षण : आखिर किस ओर जा रहे हैं हमारे त्योहार?



डॉ. प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र लेखिका, हिसार

त्योहार भारतीय संस्कृति की आत्मा रहे हैं-वो समय जब लोग ईश्वर, प्रकृति और अपनों के प्रति आभार जताते थे। ये सिर्फ रीति-रिवाज नहीं थे, बल्कि भावनाओं का उत्सव होते थे, लेकिन अब हर पर्व के साथ एक नया अनचाहा किरदार जुड़ गया है- मोबाइल कैमरा। जैसे ही दीपक जलता है, आरती शुरू होती है या राखी बंधती है, सबसे पहले पूछा जाता है- 'फोटो ली क्या?'

पहले पूजा होती थी, फिर प्रसाद बंटता था। अब पहले इंस्टाग्राम स्टोरी लगती है, फिर पूजा की जाती है। यह वही भारत है जहां पहले 'मन का उत्सव' मनाया जाता था, लेकिन अब 'मीडिया का उत्सव' बन गया है। त्योहार अब स्मरणीय अनुभव नहीं, बल्कि वायरल कंटेंट बन गए हैं।

दीपावली कभी दीपों और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक थी, लेकिन अब यह सोशल मीडिया पर सजावट दिखाने का एक अवसर बन गई है। हर घर में लाइटिंग से ज्यादा जरूरी हो गया है- 'परफेक्ट एंगल'। लक्ष्मी पूजन से पहले 'बूमरैंग' बनता है और पटाखों से पहले कैप्शन तय होता है — Happy Diwaliþ# FamilyGoals। ऐसा लगता है कि त्योहार का असली मकसद अब दूसरों को दिखाना बन गया है।

करवा चौथ, जो प्रेम और समर्पण का प्रतीक था, अब 'सेल्फी विद सासू मां' और 'फास्टिंग फेस' जैसे ट्रेंड्स में बदल गया है। पूजा की थाली से ज्यादा ध्यान इस बात पर होता है कि तस्वीर में चांद कैसा दिखेगा। एक समय था जब महिलाएं परंपरा और श्रद्धा के भाव से सजती थीं, अब साड़ी पहनने का मकसद ब्रांड को टैग करना हो गया है।

होली, जो रंगों और उल्लास का पर्व थी, अब 'फिल्टर होली' बन चुकी है। लोग रंगों से नहीं, कैमरे से डरते हैं। 'कपड़े खराब हो जाएंगे, फोटो खराब आएगी'- यह सोच अब आम हो गई है। तस्वीरें रंगीन हैं, पर रिश्ते बेरंग। यह सिर्फ एक त्योहार की कहानी नहीं है। ईद, क्रिसमस, नवरात्र- हर पर्व अब एक जैसी डिजिटल दौड़ में बदल चुका है। हर धर्म का उत्सव अब 'फोटो अवसर' बन गया है। मस्जिद, गिरजाघर, मंदिर-सबके सामने खिंचती तस्वीरें, कैप्शन के साथ तैयार होती थालियां, लेकिन भीतर का भाव कहां खो गया? यह बदलाव सिर्फ बाहरी नहीं है। यह हमारी भावनात्मक बनावट को बदल रहा है। अब लोग पूजा से पहले फोन निकालते हैं, आरती लाइव होती है, लेकिन मन ऑफलाइन होता है। दान अब निजी नहीं, इंस्टाग्राम स्टोरी का विषय है। आस्था अब अंतर से नहीं, इंटरनेट से जुड़ी है। त्योहारों का मूल उद्देश्य था- रुकना, जुड़ना, महसूस करना। अब वह बदल गया है। सजना, पोस्ट करना, भूल जाना। त्योहार अब स्मृति नहीं, प्रदर्शन बन गए हैं। लोगों को अब याद नहीं रहता कि दीपावली क्यों मनाई जाती है, बस इतना याद रहता है कि उस दिन क्या पोस्ट करना है।



बाजार भी इस प्रवृत्ति को भुना रहा है। हर पर्व पर 'सेल्फ़ी कॉर्नर', 'डिजिटल पंडाल', 'फोटो जोन' की बाढ़ आ जाती है। पूजा की थाली से ज्यादा महत्व उसकी पैकेजिंग का हो गया है। त्योहार अब आध्यात्मिक नहीं, ब्रांडेड इवेंट बन गए हैं। इस डिजिटल होड़ में हम भूल गए हैं कि त्योहार मन के होते हैं, मंच के नहीं। यह एक भाव था, कोई ब्रॉडकास्ट नहीं। आज जरूरत है कैमरा नीचे रखकर एक-दूसरे की आंखों में देखना सीखने की। दीया अंधेरे के लिए जलाया जाए, फोटो के लिए नहीं।

त्योहार तब लौटेंगे जब हम दिखाना छोड़कर महसूस करना शुरू करेंगे। जब सोशल मीडिया की 'लाइक' से ज्यादा अपनों की मुस्कान जरूरी होगी। तभी त्योहार फिर से आत्मा का उत्सव बनेंगे और समाज फिर से जुड़ेगा।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# रेवड़ी संस्कृति या विकास की ठोस बुनियाद : बिहार की राजनीति किस दिशा में जाएगी?



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं

राजनीति और चुनावी संघर्षों की दुनिया में अक्सर दो विचारधाराएं टकराती हैं- एक, जो दीर्घकालिक योजनाओं, बुनियादी ढांचे और समावेशी विकास पर जोर देती है, और दूसरी, जो तात्कालिक लाभ, मुफ्त सुविधाओं और 'रेवड़ी कल्चर' पर केंद्रित होती है। बिहार जैसे राज्य में, जहां गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक असमानताएं लंबे समय से राजनीति को दिशा देती रही हैं, यह टकराव और अधिक तीव्र हो गया है।

'रेवड़ी कल्चर' उस राजनीतिक प्रवृत्ति को कहा जाता है, जिसमें चुनावों के समय मतदाताओं को मुफ्त लाभ जैसे राशन, नकद, सब्सिडी, गैजेट्स आदि देने की घोषणाएं की जाती हैं। यह केवल वादों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वास्तविक वितरण और नकद हस्तांतरण तक भी जाता है। गरीब और असुरक्षित मतदाता इस तरह की तात्कालिक राहतों के प्रति अधिक आकर्षित होते हैं, जिससे यह रणनीति राजनीतिक दलों के लिए बेहद प्रभावी हो जाती है।

बिहार में यह प्रवृत्ति और भी गहरी है। राज्य की सीमित राजस्व क्षमता, केंद्र पर वित्तीय निर्भरता और बुनियादी ढांचे में असमानता ने मतदाताओं को तात्कालिक लाभ की ओर झुका दिया है। हालांकि, राज्य सरकार ने सड़क, जल, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में काम किया है, परंतु इन प्रयासों की पहुँच सीमित रही है।

चुनाव के समय 'रेवड़ी घोषणाएं' एक आम रणनीति बन चुकी हैं। सत्तारूढ़ दल महिला नकदी सहायता जैसी योजनाओं के सहारे समर्थन जुटा रहे हैं, वहीं विपक्ष घर-घर नौकरी जैसे बड़े वादों के साथ मैदान में है। ये वादे मतदाताओं को लुभाते जरूर हैं, पर इनकी व्यावहारिकता और वित्तीय स्थिरता पर सवाल खड़े होते हैं।

रेवड़ी कल्चर के कई दुष्परिणाम हैं। सबसे बड़ा खतरा राज्य के बजट पर पड़ने वाले दबाव का है। जब संसाधन उपभोग-उन्मुख योजनाओं में खर्च हो जाते हैं, तब शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और रोजगार जैसी विकासपरक नीतियों के लिए फंड कम पड़ जाता है। इससे दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि और सामाजिक सशक्तिकरण बाधित होता है। साथ ही, मुफ्त योजनाएं लोगों की भागीदारी और आत्मनिर्भरता को भी कमजोर कर सकती हैं।




सुप्रीम कोर्ट ने भी इस प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा है कि मुफ्त घोषणाएं चुनावी रणनीति हो सकती हैं, लेकिन इन्हें टिकाऊ नीति के रूप में नहीं देखा जा सकता। बिहार चुनाव 2025 में रेवड़ी राजनीति अधिक आक्रामक रूप में सामने आ रही है, लेकिन साथ ही, पार्टियां यह दिखाने की भी कोशिश कर रही हैं कि वे विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे संकेत मिलता है कि चुनाव में दोनों धारणाएं-मुफ्त लाभ और विकास साथ-साथ चल रही हैं।

फिर भी सवाल यही है कि क्या मतदाता तात्कालिक लाभ को वरीयता देंगे या दीर्घकालिक विकास को प्राथमिकता देंगे? यदि गरीबी की स्थिति गंभीर है, तो रेवड़ी घोषणाएं निर्णायक हो सकती हैं, लेकिन यदि जनता जागरूक होकर दीर्घकालिक सोच अपनाती है, तो विकास की राजनीति को मज़बूती मिल सकती है। राजनीतिक दलों को चाहिए कि वे केवल उन्हीं मुफ्त योजनाओं की घोषणा करें जो वित्तीय रूप से व्यवहार्य हों और वास्तव में जरूरतमंदों को लक्षित करें।

साथ ही, विकास योजनाओं पर निरंतर निवेश, पारदर्शिता और जवाबदेही कायम रखनी चाहिए। बिहार की सियासी लड़ाई अब केवल वोटों की नहीं, बल्कि 'विकास और तात्कालिक राहत के बीच संतुलन खोजने की चुनौती' भी बन चुकी है। अब यह जनता पर निर्भर है कि वह किसे अपना भविष्य सौंपती है-रेवड़ी बांटने वालों को या विकास का रास्ता दिखाने वालों को।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# आपदा राशि के नाम पर सरकार कर रही भेदभाव: दिलीप ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकाघाट मंडल की मासिक बैठक स्थानीय विधायक दिलीप ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें विधायक दिलीप ठाकुर ने कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक चर्चा की एवं भविष्य की रणनीति का प्रारूप तैयार किया और एकजुटता का पाठ पढ़ाया। विधायक दिलीप ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान मोदी सरकार की जीएसटी दरों में कमी लाने पर जहां आम जनमानस का जीवन सुलभ हुआ है वही व्यवसायियों को भी जटिल वाणिज्यिक समस्याओं से निजात मिली है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वह जीएसटी के लाभ से जनता को अवगत करवाएं। इसके साथ ही उन्होंने भारी बरसात के कारण हुए लोगों के नुकसान का मुआवजा शीघ्र पात्र लोगों को देने की सरकार से मांग की तथा कड़ा संदेश दिया कि आपदा प्रभावितों का चयन राजनीतिक आधार पर ना हो। उसके साथ ही उन्होंने प्रदेश सरकार पर तंज करते हुए कहा कि सरकाघाट विधानसभा की सड़कों की हालत अब भी दयनीय है, जबकि प्रदेश सरकार सड़कों को सही करने का झूठा दावा कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया जो उन्होंने 15 अगस्त पर घोषणाएं की हैं उनको भी अति शीघ्र अमल में लाया जाए।



### कांग्रेस नेता के भाई के निधन पर जताया शोक

**विधायक** दिलीप ठाकुर ने सरकाघाट कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी पवन ठाकुर के बड़े भाई की निधन और गहरा शोक जताया और शोक संतृप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्ति की।

# पंप हाउस की बिजली की सर्विस तार फिर हुई चोरी, गांवों में पानी का संकट

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत भाम्बला के रोपा ठाठर, चलाह और बन लुहारडी आदि गांवों में पिछले 10 दिनों से पेयजल की आपूर्ति न होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भाम्बला पंचायत के उपप्रधान रमेश ठाकुर व ग्रामीणों रामलाल जगदीश चंद, प्रदीप कुमार, नानक चंद, संजय कुमार, भूमि सिंह, चेत सिंह, बंटी, संतोष कुमार, लालू राम, बख्शी राम, रमेश कुमार वर्मा, हंस राज आदि का कहना है कि इन स्थानों पर पेयजल की आपूर्ति न होने से लोगों को दूर स्थित बावड़ियों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि 10 दिनों से यह समस्या पैदा हुई है और नलों में पानी न आने से उन्हें पीने के पानी से लेकर अन्य घरेलू कामकाज को निपटाने में परेशानी हो रही है। जो लोग सक्षम हैं, वे निजी टैंकरों से पानी खरीदकर अपना काम चला रहे हैं, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। गरीब और आम लोग नलों से पानी आने की आस में बैठे हैं, लेकिन उन्हें कई दिनों तक एक बूंद भी पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जन स्वास्थ्य एवं सिंचाई पेयजल विभाग ने इस पंप हाउस पर रात को कोई भी चौकीदार या पंप ऑपरेटर की नियुक्ति नहीं की है, जिसके कारण इस पंप हाउस में जो खड्ड के किनारे स्थित है वहां से चोर इस पंप हाउस की बिजली की सर्विस तार को चौथी बार काटकर ले गए। जब बिजली की तार काट दी जाती है तो 15-20 दिन तक पानी की सप्लाई नहीं आती।

ग्रामीणों की मांग है कि इस पंप हाउस पर रात को कोई चौकीदार नियुक्त करें जब लोग अधिकारी वर्ग से इस बारे में शिकायत करते हैं, तो उनका जवाब होता है कि अभी तार नहीं आई है। जब तार आएगी तो तार डालकर पानी चालू कर दिया जाएगा। इस समस्या के समाधान को लेकर जल शक्ति विभाग के अधिकारी भी कुछ कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। ग्रामीणों नें जल शक्ति विभाग तथा मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस समस्या से निजात दिलाने के लिए इस पंप हाउस पर रात को चौकीदार या पंप ऑपरेटर नियुक्त करें, ताकि यहां से हो रही बिजली की तार की चोरी को रोका जा सके।



विभाग की लेटलतीफी ग्रामीणों पर भारी, पीने के पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे लोग।

### नई सर्विस तार लगाई स्टोरेज टैंक में इक्ट्ठा किया जा रहा पानी

जल शक्ति विभाग बलद्वाड़ा के सहायक अभियंता दीपक वर्मा ने कहा कि पंप हाउस की सर्विस तार चोरी होने से यह समस्या उत्पन्न हुई है। नई सर्विस तार लगा दी गई है, स्टोरेज टैंक में पानी इकट्ठा किया जा रहा है। सुबह तक लोगों को पीने का पानी उपलब्ध करवा दिया जाएगा।

# संजीव पुरी को विज्ञान अध्यापक संघ जिला मंडी की जिम्मेदारी



**विनोद जसवाल, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** हिमाचल प्रदेश विज्ञान अध्यापक संघ की जिला स्तरीय बैठक महासचिव प्रदेश कमेटी भीम सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हई। पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंगरोटू के परिसर में आयोजित इस बैठक में जिला मंडी के सभी खंडों के पदाधिकारियों सहित लगभग 120 विज्ञान अध्यापक शामिल हुए। बैठक में विज्ञान अध्यापकों की समस्याओं पर चर्चा कर उन्हें सरकार के समक्ष उठाने का निर्णय लिया। साथ ही संघ के जिला अध्यक्ष के चुनाव करवाने का भी निर्णय लिया, जिस पर सभी ने सहमति दी। जिला अध्यक्ष की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रदेश कमेटी महासचिव भीम सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आरंभ की गई, जिसमें उपस्थित सभी विज्ञान अध्यापकों ने संजीव पुरी विज्ञान अध्यापक माध्यमिक पाठशाला नलसर को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी। संजीव पुरी ने सभी उपस्थित विज्ञान अध्यापकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी खंडों के पदाधिकारियों को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे और विज्ञान अध्यापकों की जो भी समस्याएं मौजूदा समय में चल रही है उनको चिन्हित करके ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव व शिक्षा निदेशक के समक्ष समाधान के लिए प्रेषित करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### आज मंडी जिला में एक दिवसीय प्रवास पर सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मंडी जिला के बल्ह विधानसभा क्षेत्र में 14 अक्टूबर को एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, नेरचौक पहुंचकर कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का शुभारंभ करेंगे। इनमें राज्य दाई प्रशिक्षण केंद्र, व्यापक स्तनपान प्रबंधन केंद्र, पोषण पुनर्वास केंद्र तथा एंडोस्कोपी सुविधा शामिल हैं। मुख्यमंत्री छात्रावास का भी शिलान्यास करेंगे और इसके बाद मेडिकल कॉलेज के वार्षिक समारोह 'आइरिस-2025' की अध्यक्षता करेंगे। समारोह के बाद मुख्यमंत्री शिमला के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने इस कार्यक्रम की जानकारी दी है।

### विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं को दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट में विधायक दलीप ठाकुर ने भाजपा मंडल की मासिक बैठक में देश के प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की शुरुआत की और सभी कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाई और कहा कि भारत में निर्मित सामान का ज्यादा से ज्यादा का उपयोग करेंगे और स्थानीय दुकानदारों से ज्यादा खरीदारी करेंगे। विधायक ने प्रदेश सरकार को जमकर कोसा। अभी भी प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क खोलने में नाकाम रही है। दिवाली को 5 दिन रह गए हैं और अभी सड़कें नहीं खुली हैं, सुनील कुमार ने विधायक की मौजूदगी में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की, बैठक में अध्यक्ष पवन ठाकुर, वासुदेव, संदीप, शिवम शर्मा, नीलम परमार, ख्याली राम, मीडिया प्रभारी विनय राणा आदि मौजूद थे।

### साइबर अपराध से बचने की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में सड़क सुरक्षा जागरूकता विषय की श्रृंखला के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने की। इस कार्यक्रम की शुरुआत सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली, नारा लेखन तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता से हुई, जिसमें एनसीसी, एनएसएस, रोवर-रेंजर सहित महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एएसआई अनिल कुमार, एलएचसी करण और एचक्यू मेहर सिंह उपस्थित रहे जबकि एसएचओ रजनीश ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। एएसआई अनिल कुमार और एलएचसी करण ने साइबर अधिनियम, साइबर अपराध तथा साइबर धोखाधड़ी जैसे फर्जी कॉल, नकली ओटीपी आदि से बचने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी।

### आईटीआई सुंदरनगर में लगा अप्रेंटिसशिप मेला

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सुंदरनगर में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि इंजीनियर रविंद्र बनयाल, सीनियर स्केल प्रधानाचार्य, राजकीय आईटीआई ग्रेड-ए मंडी एवं अप्रेंटिसशिप एडवाइजर जिला मंडी ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि इस मेले का उद्देश्य आईटीआई के अभ्यर्थियों को अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के प्रति प्रेरित करना और उन्हें इसके लाभों एवं प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि अप्रेंटिसशिप युवाओं को उद्योगों के व्यावहारिक अनुभव से जोड़ती है जिससे वे आत्मनिर्भर बनते हैं।

### खाद की कीमत बढ़ने से किसान खफा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीताराम वर्मा, राज्य महासचिव रोशन लाल शर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान गुरदास सेन, उप प्रधान देवी रूप सैनी, बल्ह इकाई के सचिव कृष्ण चंद्र और प्रदेश कानूनी सलाहकार भगत राम ने संयुक्त बयान में कहा है कि पीएम धन-धान्य योजना के अंतर्गत दलहन के विकास के लिए 24000 करोड़ की राशि जारी की है दूसरी तरफ खाद 12-32-16 की बोरी के दाम एकमुश्त 400 बढ़ाकर किसानों की कमर तोड़ दी है। इससे पहले भी यूरिया की बोरी 50 किलो से घटकर 45 किलो कर दी गई। उन्होंने कहा कि किसान गेहूं व आलू की बिजाई में 12-32-16 का उपयोग करते हैं। ऐसे में दाम बढ़ने से किसान आहत है। डॉक्टर वर्मा ने कहा कि हिमाचल सरकार पंजाब हरियाणा से ज्यादा गेहूं धान का समर्थन मूल्य दे रही है।

### रियांशी ने हिमाचल में झटका 16वां स्थान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** स्थानीय पाठशाला लॉर्ड कान्वेंट स्कूल सरकाघाट छठी कक्षा की छात्रा रियांशी ने एस्पायर इंस्टीट्यूट के द्वारा आयोजित %ब्रेन ऑफ हिमाचल% में शानदार प्रदर्शन किया है। रियांशी ने पूरे हिमाचल में 16वां स्थान हासिल किया। रियांशी की इस महान उपलब्धि पर एस्पायर कोचिंग इंस्टिट्यूट प्रियांशी को शिमला यूनिवर्सिटी के सभागार में सम्मानित किया। स्कूल प्रधानाचार्य सपना ठाकुर ने बताया प्रियांशी बहुत ही होनहार छात्रा है और हमेशा स्कूल की हर गतिविधि में भाग लेती है। स्कूल प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह बरारी ने बताया कि पूरे हिमाचल में 20,000 बच्चों में से 16वां स्थान प्राप्त करना स्कूल व सरकाघाट के लिए बहुत ही गर्व की बात है जिसके लिए उन्होंने प्रियांशी को बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 220 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य परामर्श का लाभ

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सर्वोदय जन कल्याण समिति चोलथरा के तत्वावधान में सोमवार को एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्त्री रोग, नेत्र रोग और सामान्य चिकित्सा के विशेषज्ञ डॉक्टर चंडीगढ़ से आमंत्रित किए गए थे। समिति के प्रधान परजीत ठाकुर (सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य) ने जानकारी दी कि लगभग 220 मरीजों ने विभिन्न बीमारियों के लिए ओपीडी सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में कई मरीजों को मोतियाबिंद व अन्य नेत्र रोगों के लिए ऑपरेशन की सलाह दी गई। समिति ने यह निर्णय लिया है कि ऑपरेशन के इच्छुक मरीजों के लिए चंडीगढ़ तक आने-जाने की सुविधा भी समिति ही उपलब्ध कराएगी। इस मौके पर समिति के सदस्यों कै. ओमकार सिंह, डिंपल, सतीश, जगदीश, दलीप ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### मंडी में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) द्वारा वल्लभ डिग्री कॉलेज मंडी में भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय की ईएसडीपी योजना के अंतर्गत उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम (ईएपी) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 110 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ईएपी का उद्देश्य उद्यमिता और आज के समय में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता और समझ पैदा करना था। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज प्रिंसिपल संजीव कुमार के वक्तव्य से हुई जिन्होंने युवाओं को रोजगार लेने के बदले रोजगार देने वाले बनने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य वक्ता के रूप में एनएसआईसी मुख्य प्रबंधक लोकश भाटिया ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कार्यक्रम उद्यमिता के महत्त्व, संभावनाओं और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

# नाले की समस्या को लेकर हिमालय एजुकेशन के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमालय एजुकेशन सोसाइटी सरकाघाट के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में सोमवार 13 सितंबर को एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा तथा नगर परिषद सरकाघाट के अध्यक्ष कश्मीर सिंह से मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को हिमालयन पब्लिक स्कूल सरकाघाट के सामने बहने वाले नाले से पैदा होने वाली गंदी बदबू और कई बीमारियों की समस्याओं से अवगत करवाया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि नाले में बहने वाली गंदगी के कारण स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कई तरह के दुष्प्रभावों का सामना करना पड़ता है। गर्मी और बरसात के दिनों में तो नाले में बहुत ही भयंकर बदबू और मच्छरों का प्रकोप रहता है। स्वच्छ वातावरण न होने के कारण बच्चों की पढ़ाई और शारीरिक क्षमता में अनेक बाधाएं आती हैं। प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम और नगर परिषद अधिकारियों से मांग कि नाले को ढकने के उचित उपाय किए जाएं। इस प्रतिनिधिमंडल में हिमालय स्कूल सरकाघाट की प्रधानाचार्या प्रेमलता डोगरा, कमेटी के अध्यक्ष रमेश कुमार, महासचिव रणजीत सिंह, सहसचिव पूजा, दीपिका शर्मा तथा मनीष ठाकुर सम्मिलित रहे। एसडीएम स्वाति डोगरा ने आश्वासन दिया कि नगर परिषद अधिकारी व सदस्यों से मिलकर समस्या के समाधान हेतु उचित कदम उठाए जाएंगे।

# जोगिंद्रनगर शहरी क्षेत्र में आतिशबाजी व पटाखे बेचने पर पाबंदी: मनीश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** आगामी दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए जोगिंद्रनगर शहरी क्षेत्र में प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थान को छोड़कर अन्य स्थानों पर आतिशबाजी व पटाखे बेचने पर पूर्ण पाबंदी लगा दी है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत एक आदेश जारी करते हुए एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि जोगिंद्रनगर बाजार में चिन्हित स्थल पुराने मेला मैदान को छोड़कर शहर में आतिशबाजी एवं पटाखों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि जोगिंद्रनगर स्थित पुराने मेला मैदान रीतु रंग मंच में ही लाईसेंस प्राप्त कर पटाखे व आतिशबाजी बेचने की अनुमति रहेगी। इसके लिए संबंधित विक्रेता तमाम औपचारिकताएं पूर्ण कर 18 अक्तूबर को दोपहर 12 बजे तक एसडीएम कार्यालय से लाईसेंस प्राप्त कर सकता है। इसके अतिरिक्त बिना अनुमति एवं चिन्हित स्थान को छोड़कर कोई व्यक्ति आतिशबाजी व पटाखे इत्यादि शहर में विक्रय करता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# कुलपति ने आयुर्वेद के प्रति जनजागरण का दिया संदेश

## अभिलाषी विवि अस्पताल के आयुर्वेद इंटर्न चिकित्सार्थियों से किया संवाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अभिलाषी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने विश्वविद्यालय अस्पताल का दौरा किया तथा बीएएमएस के इंटर्न चिकित्सार्थियों से संवाद स्थापित किया। इस संवाद के दौरान प्रो. चौधरी ने रोगियों की देखभाल में इंटर्न छात्रों की तत्परता और लगन की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. राकेश एवं नर्स ललिता की उपस्थिति में उन्होंने रोगी उपचार का एक प्रायोगिक प्रदर्शन (डेमो) भी दिया। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि रोगियों से संवाद स्थानीय बोली अथवा हिंदी भाषा में करें, जिससे रोगियों का मनोबल बढ़े और वे सहजता से अपने रोग का विवरण साझा कर सकें।

कुलपति प्रो. चौधरी ने इंटर्न छात्रों को प्रेरित किया कि वे जनसाधारण को आयुर्वेद को अपनी उपचार पद्धति के रूप में अपनाने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि अभिलाषी विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संकाय द्वारा समय-समय पर आयोजित स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से छात्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों से सीधे संवाद करना चाहिए। इससे न केवल व्यावहारिक अनुभव बढ़ेगा बल्कि जनस्वास्थ्य एवं आयुर्वेद के प्रसार को भी बल मिलेगा। कुलपति की इस औचक भेंट ने छात्रों में नया उत्साह एवं आत्मविश्वास भर दिया। यह भेंट विश्वविद्यालय की जन-समर्पित आयुर्वेदिक शिक्षा और सेवा भावना के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण सिद्ध हुई।

प्रो. चौधरी ने विवि के संपूर्ण नेतृत्व के प्रति अपना आभार व्यक्त किया, विशेष रूप से कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी, प्रति-कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी, चेयरपर्सन (जीईएस) डॉ. नर्वदा अभिलाषी, वाइस चेयरपर्सन (एईएस) डॉ. प्रोमिला अभिलाषी तथा सचिव नरेंद्र कुमार के प्रति। उन्होंने अभिलाषी अस्पताल, चैलचौक में आधुनिक एवं अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने में उनके दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की, जिससे छात्रों एवं आस-पास के समुदाय को आयुर्वेद चिकित्सा को उसके वास्तविक स्वरूप में सीखने और अनुभव करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।



अभिलाषी विवि अस्पताल में कुलपति प्रो. एचके चौधरी बीएएमएस इंटर्न चिकित्सार्थियों के साथ संवाद करते हुए। साथ में उपस्थित चिकित्सक व स्टाफ सदस्य।

# भत्तों का पुनर्निर्धारण न होने पर बिफरे कर्मचारी, दिवाली से पहले मांगा डीए और एरियर

**भगत सिंह गुलेरिया, अनंत ज्ञान, मंडी।** प्रदेश में कर्मचारियों के भत्तों का पुनर्निर्धारण वर्ष 2012 के बाद नहीं हुआ है जबकि महंगाई और जीवन-निर्वाह की लागत में कई गुणा वृद्धि हुई है। यही नहीं कर्मचारियों का पिछले 2 सालों का डीए भी देय चल रहा है। ऐसे में कर्मचारियों द्वारा राज्य सरकार से बजट भाषण में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप तत्काल अधिसूचना जारी करने की मांग उठाई जाने लगी है। सरकार द्वारा भत्तों को पुन: निर्धारित करने के लिए कमेटी का गठन कर कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को भी शामिल करने की मांग उठाई जाने लगी है। एचआरए न्यूनतम 2,500 प्रति माह करने की वकालत हो रही है क्योंकि यह पंजाब सहित अन्य राज्यों में बेसिक पे का 10%, 20%, और 30% तक दिया जा रहा है। कन्वेयंस भत्ता न्यूनतम 2,000 प्रति माह देने और डीए तथा पे एरियर का भुगतान दिवाली से पहले करने बारे बजट भाषण में मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा के अनूरूप मांग कर्मचारियों द्वारा उठाई जा रही है। कर्मचारियों का यह भी मत है कि वेतन और डीए समय-समय पर संशोधित किए जाते हैं इसलिए भत्तों का भी वर्तमान महंगाई और जीवन-निर्वाह की वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप संशोधन करना अत्यंत आवश्यक है। राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से इस विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो महासंघ राज्यव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# अक्षायनि शर्मा ने स्वर्ण, अर्नव सिंह रावत ने जीता रजत पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

फायर फॉर गोल्ड शूटिंग अकादमी मंडी के होनहार शूटरों ने 9वीं हिमाचल प्रदेश राज्य अंतर्स्कूली शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 10 अक्तूबर से 13 अक्तूबर तक शिमला में आयोजित की गई थी, जिसमें .177 पीप साइट एयर राइफल (गैर रजिस्ट्रेड) सब यूथ महिला वर्ग में शूटर अक्षायनि शर्मा ने 400 में से 385 अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इससे पहले भी अक्षायनि शर्मा ने कुछ माह पूर्व आयोजित हिमाचल ओपन राज्य राइफल शूटिंग स्पर्धा 2025 में एक रजत व एक कांस्य पदक जीता था तथा डीएवी जिला शूटिंग प्रतियोगिता 2025 में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। अब अक्षायनि शर्मा अखिल भारतीय कुमार सुरेंद्रा अंतर्स्कूली शूटिंग स्पर्धा में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसी प्रतियोगिता में फायर फॉर गोल्ड शूटिंग अकादमी मंडी के ही एक अन्य प्रतिभावान शूटर अर्नव सिंह रावत ने .177 पीप साइट एयर राइफल (अंतरराष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ) सब यूथ पुरुष वर्ग में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अर्नव ने इससे पूर्व डीएवी जिला शूटिंग स्पर्धा 2025 में स्वर्ण पदक भी जीता था और अब वे भी अखिल भारतीय कुमार सुरेंद्रा अंतर्स्कूली शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इन उपलब्धियों के पीछे फायर फॉर गोल्ड शूटिंग अकादमी मंडी के प्रशिक्षक मुनीश गुलेरिया का मार्गदर्शन है। कोच स्वयं भी वर्ष 2010 की शूटिंग स्पर्धा में अनेक पदक जीत चुके हैं व वर्तमान में अपनी अकादमी में आधुनिक शूटिंग प्रणाली व उन्नत तकनीकों से युवा निशानेबाजों को प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार कर रहे हैं।



- फायर फॉर गोल्ड शूटिंग अकादमी मंडी के शूटरों ने शूटिंग स्पर्धा में लहराया परचम

# धर्मपुर में भाजपा ने आयोजित की 'आत्मनिर्भर भारत' पर कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भाजता धर्मपुर मंडल की ओर से आज स्थानीय सभा भवन में 'आत्मनिर्भर भारत' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अजय राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अपने संबोधन में अजय राणा ने केंद्र सरकार की नीतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत ने हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं चाहे वह आर्थिक सुधार हो, तकनीकी नवाचार हो या वैश्विक मंच पर भारत की साख बढ़ाने की बात हो। आज पूरा विश्व भारत की ताकत को स्वीकार कर रहा है। पूर्व भाजपा प्रत्याशी रजत ठाकुर ने इस अवसर पर 'लोकल फॉर वोकल' की अवधारणा पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान का मूल उद्देश्य देश के स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देना है ताकि भारत आत्मनिर्भर बन सके और रोजगार के नए अवसर पैदा हों।

- प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अजय रहे मुख्यातिथि
- केंद्र सरकार की नीतियों पर की विस्तृत चर्चा

# रोहित ठाकुर बने भाजयुमो जंजैहली मंडल के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सराज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जंजैहली मंडल में भाजयुमो ने रोहित ठाकुर को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर रोहित ठाकुर ने अपनी नियुक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा के जिलाध्यक्ष निहाल चंद, जंजैहली मंडल अध्यक्ष भीष्म ठाकुर, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगराज डोगरा तथा पार्टी के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी व संगठन ने जो विश्वास उनके ऊपर जताया है, वे उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में संगठन की मजबूती और युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्य करेंगे। रोहित ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा और युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस सरकार को कटघरे में खड़ा किया जाएगा।

**टूर्नामेंट** तीन दिवसीय राज्यस्तरीय अंडर-19 प्रतियोगिता का सुंदरनगर में समापन

# बॉक्सिंग में मंडी जिला की टीम चैंपियन



राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीम को मुख्यातिथि बाबू राम कौंडल ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिला की टीम ने बॉक्सिंग में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। तीन दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर-19 बॉक्सिंग व रैसलिंग प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुंदरनगर में सोमवार को संपन्न हो गई। प्रतियोगिता के समापन समारोह में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ मंडी के अध्यक्ष बाबू राम कौंडल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। आयोजकों ने मुख्यातिथि को टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने प्रतियोगिता के आयोजकों को 5100 रुपये की राशि भेंट की। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 250 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता की बॉक्सिंग में प्रथम स्थान जिला मंडी ने प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान शिमला को मिला। वहीं रैसलिंग में कांगड़ा ने प्रथम स्थान जबकि मंडी और सोलन संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के समापन पर के संयोजक एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल सुंदरनगर के प्रधानाचार्य एल आर भारद्वाज प्रतियोगिता में एचपीएसएसए, डीएसएसएसए के पदाधिकारी, एडीपीओ जिला मुख्यालय, हिमाचल प्रदेश के डीपी एवं पीटीआई सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

### खो-खो, कबड्डी में द्रंग-1 बना विजेता

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में सोमवार को अंडर-14 छात्राओं की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में जिला मंडी की कुल 947 छात्राओं ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में उपनिदेशक यशवीर धीमान ने विजेता छात्राओं को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। बैडमिंटन में चौंतड़ा-1 विजेता और गोपालपुर ब्लॉक उपविजेता रही। खो-खो में द्रंग-1 विजेता और चौंतडा-1 उपविजेता बनी। वॉलीबाल में द्रंग-2 विजेता और बकस्याड़ ब्लॉक उपविजेता रही। कबड्डी में द्रंग-1 विजेता और सदर मंडी उपविजेता बनी। जूडो में बल्ह ब्लॉक विजेता और रेसलिंग में सल्वहन ब्लॉक विजेता रही। ऑल ओवर ट्रॉफी और मार्च पास की ट्रॉफी भी इस प्रतियोगिता में द्रंग-1 के नाम रही।

# जोगिंद्रनगर में वॉलीबाल टूर्नामेंट में 16 टीमों ने दिखाया दमखम



शक्ति युवक मंडल कौंसल का वॉलीबाल टूर्नामेंट उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** शक्ति युवक मंडल कौंसल द्वारा आयोजित वॉलीबाल टूर्नामेंट का समापन समारोह बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया और खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन व आपसी सौहार्द का शानदार प्रदर्शन किया।

समापन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कौंसल-खुद्दर के प्रतिनिधि, महिला मंडल की सदस्याएं, जोगिंद्रनगर विकास मंच के सदस्य सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी संजीव शर्मा ने कहा कि शक्ति युवक मंडल कौंसल जैसे संगठन युवाओं को खेलों के माध्यम से एकता और सहयोग का संदेश देते हैं। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं।

विजेता टीमों को सम्मानित किया गया और संस्था की ओर से आयोजकों को 7,100 रुपए की राशि भी प्रदान की गई। संस्था के संस्थापक केके सकलानी कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए, लेकिन उन्होंने सभी खिलाड़ियों और आयोजकों को शुभकामनाएं भेजी हैं। इस आयोजन ने स्थानीय युवाओं को प्रेरित करते हुए खेल के माध्यम से सामुदायिक एकता का संदेश दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर

**अनंत ज्ञान, जोल।** खंड शिक्षा कार्यालय जोल के तहत पीएम श्री राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला हारसा में सोमवार को तंबाकू नशा निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र मुख्य शिक्षक सुभाष चंद ने की, जिसमें हारसा के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाषण, स्लोगन लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने नशे के दुष्परिणामों पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। कार्यक्रम में खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अश्मील मोहम्मद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ खंड शिक्षा कार्यालय जोल के लिपिक विनोद मनकोटिया और संजीव कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों से सामान्य ज्ञान और शैक्षणिक स्तर के प्रश्न पूछे, जिनके उत्तर बच्चों ने आत्मविश्वास से दिए। कार्यक्रम के अंत में अश्मील मोहम्मद ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किए और नशा निवारण पर अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए। कार्यक्रम में रीना कुमारी, निशा कुमारी, राजीव कुमार, कश्मीर सिंह और सुरेंद्र कुमारी भी मौजूद रहे।

### आवारा पशुओं की समस्या जस की तस : नवदीप

**अनंत ज्ञान, ऊना।** महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा बंगाणा ब्लॉक अध्यक्ष नवदीप महे ने सोमवार को बयान जारी कर प्रदेश सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में शराब की हर बोतल पर 10 रुपये का गौ उपकर लिया जाता है, जिसका उद्देश्य दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाना और गौवंश कल्याण बताया गया है। लेकिन हकीकत यह है कि प्रदेश में आवारा पशुओं की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। नवदीप महे ने कहा कि हिमाचल में रोजाना आवारा मवेशियों के कारण सड़क हादसे हो रहे हैं, जिनमें लोगों की जान जा रही है। हाल ही में एक पंजाबी गायक की भी मृत्यु इसी कारण हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रदेश में करीब 9,000 गायें सड़कों पर लावारिस घूम रही हैं और इन्हें रखने के लिए पर्याप्त शेल्टर नहीं हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो जनता को सड़कों पर उतरकर बड़ा प्रदर्शन करना पड़ेगा।

### एनडीआरएफ ने छात्रों को सिखाया आपदा प्रबंधन

**अनंत ज्ञान, अंब।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरफ) के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के 220 छात्राएं तथा 140 छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया, जिसमें उन्हें प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़ व आग से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। एनडीआरएफ टीम ने छात्रों को आपदा के समय में त्वरित गति से रेस्क्यू करने और प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने के बारे में भी प्रशिक्षण दिया। इस दौरान छात्रों को लाइफ जैकेट व अन्य उपकरणों का उपयोग करने का तरीका भी सिखाया गया। एनडीआरएफ टीम के निरीक्षक सुजीत मिश्रा ने कहा कि आपदाएं कभी भी और कहीं भी आ सकती हैं, इसलिए हमें तैयार रहना चाहिए। उन्होंने छात्रों को आपदा प्रबंधन के महत्व के बारे में भी बताया और उन्हें आपदा के समय में सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक करना और उन्हें आपदा के समय में सुरक्षित रहने के तरीके सिखाना था।

### टीबी जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ऊना डॉ. संजीव वर्मा की अध्यक्षता में क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में सनराइज एनजीओ के सहयोग से एचआईवी/एड्स और टीबी जागरूकता संबंधी हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. संजीव वर्मा ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को एचआईवी, एड्स एवं क्षय रोग (टीबी) के प्रति जागरूक करना और उन्हें इस मुहिम से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि यह हस्ताक्षर अभियान हिमाचल प्रदेश में जिला ऊना से पहली बार शुरू किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों को शामिल किया जाएगा ताकि युवाओं सहित अधिकतम लोगों तक जन-जागरूकता का संदेश पहुंचाया जा सके। डॉ. वर्मा ने जिला के नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और समाज को इन बीमारियों के प्रति जागरूक बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विशाल ठाकुर ने जानकारी दी कि जिला ऊना में 1,01,321 की संवेदनशील आबादी को चिन्हित किया गया था, जिसमें से लगभग सभी लोगों की टीबी जांच पूरी कर ली गई है। इसके अतिरिक्त, लगभग 60 हजार लोगों के टीबी की जांच के लिए एक्स-रे भी कर लिए गए हैं।

### कांग्रेस को हिमाचलवासियों की चिंता नहीं : अरुण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश हाल की भीषण प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है, जहां बाढ़, भूस्खलन और भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। हजारों परिवार बेघर हो गए, लेकिन इस संकट में जब जनता को अपने नेताओं से सहानुभूति की सबसे अधिक जरूरत थी, कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व, विशेषकर गांधी परिवार, पूरी तरह नदारद रहा। न राहुल गांधी आए, न प्रियंका गांधी, न ही कोई ठोस राहत घोषणा हुई। राहुल गांधी जहां पंजाब का दौरा कर आए, वहीं हिमाचल को नजरअंदाज कर दिया। उनके हिमाचल दौरे केवल छुट्टियों तक सीमित रह गए हैं। भाजपा नेताओं ने जहां राहत कार्यों में भाग लिया, वहीं कांग्रेस की निष्क्रियता से जनता में रोष है। यह संवेदनहीनता कांग्रेस की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े करती है। अब हिमाचल की जनता ऐसी राजनीति को बर्दाश्त नहीं करेगी जो केवल वोट की चिंता करे।

### समाज सेवा, नेतृत्व व जागरूकता का मिला संदेश

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान, लठियानी।** उपमंडल बंगाणा की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय विशेष शिविर भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक कुलदीप कुमार, प्रधानाचार्य योगराज भारद्वाज और बीरबल सुमन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मार्च पास्ट से हुई, जिसमें स्वयंसेवियों ने अनुशासित कदमताल करते हुए सलामी दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य, गीत और लोकनाट्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार और प्रधानाचार्य सुरेश चौधरी ने अतिथियों का स्वागत किया और एनएसएस की भूमिका को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि कुलदीप कुमार ने विद्यार्थियों से सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। समापन पर स्वयंसेवियों को सम्मानित किया गया। समारोह में स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान संतोष परमार समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी ने कार्यक्रम अधिकारी को बधाई दी।

# चिंतपूर्णी मंदिर ट्रस्ट पर श्रद्धालुओं के धन के दुरुपयोग का आरोप

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**



चिंतपूर्णी में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व ट्रस्टी।

चिंतपूर्णी मंदिर ट्रस्ट पर श्रद्धालुओं के धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है।

पूर्व ट्रस्टियों ने चिंतपूर्णी में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि मंदिर न्यास की बैठक में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के लिए एक करोड़ रुपए स्वीकृत करना क्या उचित है, जबकि श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए बने धन का उपयोग बाहर किया जा रहा है। मंदिर न्यास ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के लिए एक करोड़ रुपए रेड क्रॉस सोसायटी ऊना के लिए, उप कोष में सोलर लाइट के लिए, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लैब के लिए, गिंडपुर मलौन में डंगे के लिए स्वीकृत किए हैं। पूर्व ट्रस्टियों का कहना है कि यह धन श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए नहीं है, बल्कि इसका उपयोग बाहर किया जा रहा है। पूर्व ट्रस्टियों ने आरोप लगाया है कि मंदिर न्यास ने करोड़ों रुपए चिंतपूर्णी से बाहर खर्च किए हैं, जहां श्रद्धालुओं का कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं से संबंधित विकास कार्यों की अनदेखी का भी आरोप लगाया है। पूर्व ट्रस्टियों ने मांग की है कि मंदिर के धन का उपयोग श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए किया जाए, न कि बाहर के कार्यों के लिए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने मंदिर के पैसे का दुरुपयोग किया तो वे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। चिंतपूर्णी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए कई विकास कार्य करने की आवश्यकता है, जैसे कि अस्पताल रोड की खस्ता हालत सुधारना, भरवाईं समनौली बाईपास की मरम्मत करना, और पुराना बस अड्डा में सड़क के खड्डे भरना। पूर्व ट्रस्टियों का कहना है कि इन कार्यों के लिए धन होने के बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## अध्यापकों ने कुठेड़ा जसवाला स्कूल में बांटे शूज व वर्दियां

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजवार।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाल कुठेड़ा जसवाला में स्टाफ के द्वारा जरूरतमंद बच्चों को शूज व वर्दियां प्रधानाचार्य मनोज शर्मा के नेतृत्व में वितरित की गईं। इससे पूर्व समस्त स्टाफ सदस्यों के सहयोग से स्कूल के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को कॉपियां, पेन, किताबें व अन्य पठन पाठन सामग्री भी वितरित की जा चुकी हैं। इस अवसर पर प्रवक्ता सूरज प्रकाश हांडा ने बताया कि स्कूल में कुछ जरूरतमंद छात्राओं की सालाना फीस भी प्राध्यापकों द्वारा दी जाती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अच्छी शिक्षा देने के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को एक अच्छा नागरिक बनाया जाए इस ओर समस्त अध्यापकों के पूरे प्रयास रहते हैं। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान विकास कुमार ने स्कूल के समस्त स्टाफ की इन नेक कार्यों के लिए प्रशंसा की है व एसएमसी प्रधान ने बताया की कुठेड़ा जसवाला स्कूल शिक्षा व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में क्षेत्र में अग्रणी स्कूलों में सम्मलित हो चुका है तथा निजी स्कूलों से भी बच्चे आकर कुठेड़ा जसवाला स्कूल में दाखिले ले रहे हैं। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## पत्रकारों की मान्यता जिला स्तर पर सौंपी जाए : जोगिंद्र

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** हिमाचल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंद्र देव आर्य ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि पत्रकारों की मान्यता संबंधी शक्तियां निदेशक जनसंपर्क के बजाय जिला लोक संपर्क अधिकारियों (डीपीआरओ) को सौंपी जाएं। उन्होंने तर्क दिया कि जिला स्तर के अधिकारी पत्रकारों के कार्य, योगदान और गतिविधियों से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े होते हैं, जिससे वे पात्रता निर्धारण और मूल्यांकन में अधिक सक्षम होते हैं।

आर्य ने कहा कि मौजूदा व्यवस्था में पत्रकारों को मान्यता के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता है और कई बार सभी दस्तावेज़ पूर्ण होने के बावजूद फाइलें निदेशालय स्तर पर अटक जाती हैं। इससे पत्रकारों में असंतोष और हताशा की भावना बढ़ रही है। यदि यह प्रक्रिया जिला स्तर पर की जाए, तो यह अधिक पारदर्शी, त्वरित और व्यावहारिक सिद्ध हो सकती है। उन्होंने पत्रकारों की अन्य समस्याओं पर भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया। हाल ही में राज्य और जिला स्तरीय विश्राम गृहों के शुल्कों में बढ़ोतरी को लेकर उन्होंने कहा कि इससे पत्रकारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। पहले जहां मामूली शुल्क पर ठहरने की सुविधा थी, वहीं अब बढ़े हुए किराए के कारण पत्रकारों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने मांग की कि ये शुल्क पूर्ववत या न्यूनतम दरों पर निर्धारित किए जाएं। आर्य ने पत्रकार कल्याण कोष की स्थापना और जिला स्तर पर उपसमितियों के गठन की भी मांग की, ताकि आपात स्थिति में जरूरतमंद पत्रकारों को त्वरित राहत दी जा सके। डिजिटल पत्रकारिता की बढ़ती भूमिका को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि डिजिटल मीडिया पत्रकारों के लिए भी स्पष्ट नीति, मान्यता, और सुविधाएं तय की जाएं। साथ ही पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण शिविर, सुरक्षा बीमा, और सेवानिवृत्त पत्रकारों के लिए पेंशन योजना लागू करने का सुझाव भी दिया। आर्य ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं और उनके हितों की रक्षा करना सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार पत्रकारों की समस्याओं का गंभीरता से समाधान करेगी।

## स्वदेशी अभियान राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम : सुमित



नगर पंचायत अंब के अंतर्गत अंबेडकर भवन में भाजपा चिंतपूर्णी अपर मंडल की बैठक।

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** नगर पंचायत अंब के अंतर्गत अंबेडकर भवन में सोमवार को भाजपा चिंतपूर्णी अपर मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाओ आत्मनिर्भर भारत बनाओ अभियान को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। प्रदेश भाजपा सचिव सुमित शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी अभियान राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार का आह्वान किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी महीनों में स्वदेशी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें नुक्कड़ सभाएं, सोशल मीडिया कैंपेन और स्थानीय कारीगरों को मंच देने जैसी गतिविधियां होंगी। बैठक में बलबीर सिंह, रवींद्र द्विवेदी, सुनीता धीमान, इंदु धीमान, विवेक शर्मा सहित कई भाजपा पदाधिकारी व सामाजिक संगठन शामिल रहे।

## कांग्रेस सरकार चुनावों से भाग रही : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



देवेंद्र कुमार भुट्टो के साथ अन्य भाजपा पदाधिकारी।

कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने राज्य की सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि पंचायती राज चुनावों में हार के डर से कांग्रेस सरकार डिजास्टर का बहाना बनाकर चुनाव टालने की साजिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का सामना करने से भागना सरकार की हताशा और विफलता को दर्शाता है। भुट्टो ने आरोप लगाया कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की कई सड़कें आज भी बंद हैं, लेकिन सरकार की कोई संवेदनशीलता नहीं है। पूर्व विधायक ने लोक निर्माण विभाग (लोकनिवि) मंडल बंगाणा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग ने करीब 2.66 करोड़ रुपए के गलत टेंडर जारी किए हैं, जिससे मौजूदा विधायक के करीबियों को फायदा पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि यह भ्रष्टाचार का साफ उदाहरण है और भाजपा सरकार बनने पर इन टेंडरों की गहन जांच करवाई जाएगी। उन्होंने जल शक्ति विभाग और लोकनिवि में ठेकेदारों की सांठगांठ से चल रहे भ्रष्टाचार की भी आलोचना की और कहा कि जनता के पैसों की बंदरबांट की जा रही है। भाजपा सरकार आने पर सभी फाइलें खोली जाएंगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। भुट्टो ने कुटलैहड़ के मौजूदा विधायक पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि वे 15 करोड़ की पेयजल योजना को लेकर जनता से झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मार्च 2023 में उन्होंने अपनी विधायक निधि से तर्कवाल पेयजल योजना के लिए 15 करोड़ और जोगी पंगा-झंबर सड़क के लिए 10 करोड़ रुपये स्वीकृत किए थे। आज कांग्रेस उन्हीं योजनाओं को अपनी उपलब्धि बताकर जनता को गुमराह कर रही है। भुट्टो ने सुक्खू सरकार पर निर्माण सामग्री के दाम बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे प्रदेश में विकास कार्य ठप हो गए हैं और एजेंसियों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है।

## शमशेर सिंह ने माता रानी का शुकराना अदा किया

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** शमशेर सिंह पिंडर कलां मोगा निवासी ने रविवार शाम को माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में दंडवत होकर हाजिरी भरी। इस श्रद्धालु की माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में गहरी आस्था है। बीते सितंबर महीने की 4 तारीख को शमशेर सिंह पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब उनके घर की छत गिर गई। हालांकि, परिवार अलर्ट था और सभी सुरक्षित बाहर निकल आए।

शमशेर सिंह ने जीवन दान के लिए धन्यवाद किया और माता रानी से प्रार्थना की कि अगर उनके घर की छत ठंड होने से पहले बन जाए, तो वह माता रानी के दरबार में दंडवत होकर आएंगे। माता रानी की कृपा से गांव के ही एक व्यक्ति हरमन ने परिवार की मदद की और शमशेर सिंह के घर की छत डल गई। इसके बाद, शमशेर सिंह माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरने पहुंचे और माता रानी का शुकराना अदा किया। इस भक्त की भक्ति और माता की कृपा की कहानी को सुनकर माता के दरबार में आने वाले भक्तों का माता के प्रति विश्वास और बढ़ रहा है। माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में शमशेर सिंह की दंडवत प्रार्थना और माता रानी की कृपा से प्रभावित होकर अन्य भक्त भी माता के प्रति अपनी आस्था व्यक्त कर रहे हैं।

## स्कूल के प्रांगण के आसपास सफाई की

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** पीएम श्री वीरेंद्र गौतम मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बाल संतोषगढ़ में एनएसएस के सात दिवसीय कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में कपिल ड्राइविंग स्कूल के चेयरमैन व एमडी इंजीनियर कपिल देव ने शिरकत की। मुख्यातिथि ने उपस्थित सभी स्वयंसेवियों को यातायात नियमों का पालन करने और समाज में नशे जैसी अन्य बुराइयों से दूर रहने का पाठ भी पढ़ाया। एनएसएस स्वयंसेवी ने स्थानीय विद्यालय के प्रांगण के आसपास सफाई की। इस अवसर पर विद्यालय के एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर अनुपमा और प्रवीण, प्रवक्ता राजेश शर्मा, अंजू कुमारी, मोनिका शर्मा, सरिता, अजय कुमार, प्रकाश चंद, टीजीटी मनोहर लाल, वंदना, शीतल, दीपाली, माधुरी, आरिफ मोहम्मद, ऋषि व एसएमसी अध्यक्ष अवनीत सैनी, अन्य शिक्षक और गैर शिक्षक मौजूद रहे।

## 30 किसान बागवानी प्रशिक्षण के लिए सिद्धपुर रवाना

**अनंत ज्ञान, ऊना**



प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी।

किसानों की आय में वृद्धि और आधुनिक बागवानी तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बागवानी विभाग, जिला ऊना द्वारा किसानों के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर 13 से 17 अक्तूबर 2025 तक इंडो-इजराइल बागवानी उत्कृष्टता केंद्र, सिद्धपुर (जिला मंडी) में आयोजित होगा।

बागवानी विभाग ऊना के उप-निदेशक डॉ. केके भारद्वाज ने सभी किसानों को उन्हें सफल प्रशिक्षण की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण दल का नेतृत्व बागवानी विकास अधिकारी डॉ. कविता कर रही हैं। जिला ऊना की भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियां विभिन्न फलदार फसलों की खेती के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। जिले में आम, सिट्रस फलों, ड्रैगन फ्रूट, अनार, अमरूद, पपीता, जापानी फल, आड़ू, प्लम और नाशपाती जैसी फसलों की सफलतापूर्वक खेती की जा सकती है। फल फसलों की इन संभावनाओं को देखते हुए केंद्र प्रायोजित एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है ताकि किसान उत्कृष्टता केंद्र के विशेषज्ञों से नई बागवानी तकनीकें सीखकर अपने खेतों में उन्हें लागू कर सकें। डॉ भारद्वाज ने बताया कि विभाग द्वारा किसानों को ड्रैगन फ्रूट, एवोकाडो और जापानी फल जैसी उच्च आय देने वाली फसलों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है, जिससे फसलों में विविधता और किसानों की आमदनी दोनों में वृद्धि होगी। राज्य सरकार ने बागवानी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं का लाभ उठाकर किसान न केवल आत्मनिर्भर बन सकते हैं, बल्कि अपनी आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बागवानी विकास से जुड़ी अधिकांश योजनाएं अब ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जिनका लाभ किसान घर बैठे उठा सकते हैं। उन्होंने जिले के किसानों से अपील की कि वे अपने निकटतम बागवानी अधिकारी से संपर्क स्थापित कर विभाग की विभिन्न योजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ उठा सकते हैं।

## छात्रों को प्राकृतिक व मानवजनित आपदाओं के बारे में दी जानकारी

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**



**बड़ूही।** उपमंडल अंब के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टकारला में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित सुबह की प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य अनिल कुमार बख्शी ने छात्रों को विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के बारे में जानकारी दी तथा उन्हें आपदा के समय सतर्कता एवं बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्य बख्शी ने अपने संबोधन में कहा कि आपदाओं से होने वाली जानमाल की हानि को कम करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यक तैयारी और जागरूकता रखनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि भूकंप, बाढ़, अग्निकांड जैसी आपदाओं के समय घबराने की बजाय सुरक्षित स्थान पर पहुंचने और दूसरों की मदद करने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में मॉक ड्रिल (मॉक ड्रिल) भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों को भूकंप के दौरान क्या करें और क्या न करें का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य विद्यार्थियों में त्वरित प्रतिक्रिया और आत्मरक्षा के प्रति समझ विकसित करना रहा। इस अवसर पर विद्यालय आपदा प्रबंधन इंचार्ज मनीष कुमार, सभी अध्यापकगण तथा विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का समापन आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता की शपथ के साथ किया गया।

**अध्यक्षता** डीसी ने कहा, तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 को बनाएं जन आंदोलन, हर विभाग निभाए जिम्मेदारी

# ऊना को तंबाकू मुक्त जिला बनाने की मुहिम तेज

**अनंत ज्ञान, ऊना**



जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी ऊना जतिन लाल व साथ हैं अन्य अधिकारी।

डीसी जतिन लाल ने ऊना जिले को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए हर विभाग से जिम्मेदारी निभाने को कहा है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी विभागों से समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

सोमवार को जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में जिले में 9 अक्तूबर से आरंभ 60 दिवसीय तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0' के तहत जागरूकता गतिविधियां की समीक्षा के साथ आगे की रणनीति तय की गई। उपायुक्त ने कहा कि ऊना जिला प्रशासन का लक्ष्य इस अभियान को एक जन जागरूकता आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना है, ताकि नई पीढ़ी तंबाकू के दुष्प्रभावों से मुक्त एक स्वस्थ जीवन जी सके। उपायुक्त ने कहा कि यह केवल स्वास्थ्य विभाग का नहीं, बल्कि पूरे समाज का साझा मिशन है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, ग्रामीण विकास, पंचायत, नगर निकाय, आयुष, जनसंपर्क विभाग समेत अन्य विभा और एनजीओ तथा युवा संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया, ताकि यह मुहिम एक जन आंदोलन का रूप ले। उपायुक्त ने कहा कि तंबाकू सेवन असमय मृत्यु और बीमारियों का एक प्रमुख कारण है। इसकी शुरुआत अक्सर कम उम्र में ही हो जाती है, इसलिए युवाओं को जागरूक करना और उन्हें नशे से दूर रखना अभियान का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने इस पर विशेष फोकस करने को कहा। डीसी ने शिक्षण संस्थानों को भी पूर्णतः तंबाकू मुक्त बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित हो कि शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद न बिकें। इसके अलावा पंचायतों में तंबाकू मुक्त गांव बनाने की दिशा में ठोस प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि पंचायत घरों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता बैनर और सूचना पट्ट लगाए जाएं ताकि संदेश घर-घर तक पहुंचे। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मदद से ग्राम स्तर पर जन जागरूकता अभियान को गति देने को कहा। वहीं, पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि सीओटीपीए-2003 और पीईसीए-2019 के तहत प्रवर्तन सुनिश्चित करे। उन्होंने प्रत्येक मीडिया माध्यम का उपयोग कर तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के संदेश के प्रचार-प्रसार को और प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाने को कहा। जतिन लाल ने निर्देश दिए कि जिले में किसी भी बार या रेस्तरां में नियमों का उल्लंघन कर हुक्का परोसने की शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही हिमाचल प्रदेश तंबाकू उत्पाद नियंत्रण अधिनियम, 2016 और खुली सिगरेट एवं बीड़ी की बिक्री निषेध अधिनियम, 2016 को अक्षरशः लागू किया जाए। इन बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके वर्मा, तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला अधिकारी डॉ. अंकित चौधरी, नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस नरेंद्र कुमार, जिला कल्याण अधिकारी आवास पंडित सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रोमांचक रहा फाइनल क्रिकेट मैच, सदाशिव तलमेहड़ा ने धुसाड़ा को हराकर जीती ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**



जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम के साथ आयोजक।

चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की कोटला कलां क्रिकेट क्लब की ओर से जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला भर से लगभग 24 टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के तौर पर चिंतपूर्णी भाजपा मंडल एससी मोर्चा के पूर्व महामंत्री रामपाल ने शिरकत की। इस मौके पर उनके साथ पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष संदीप शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। रामपाल ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से खिलाड़ियों में छिपी प्रतिभा उभरकर सामने आती हैं। प्रतियोगिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि क्लब की ओर से करवाई जा रहे कार्य बहुत ही सराहनीय हैं। प्रतियोगिता फाइनल मैच बहुत ही रोमांचक रहा। फाइनल में सदाशिव तलमेहड़ा की टीम और धुसाड़ा की टीम पहुंची। पहले पारी खेलते हुए सदा शिव की टीम ने पांच ओवर में 88 रन बनाए। वहीं, धुसाड़ा की टीम 83 रन बनाकर पांच रन से हार गई। बेस्ट बल्लेबाज और बेस्ट बॉलर करण राजपूत ललडी और मैन ऑफ द सीरीज कैंडी ललडी को चुना गया। विजेता व उपविजेता रही टीमों को मुख्यातिथि इंजीनियर रामपाल ने नवाजा। विजेता रही टीम सदा शिव को 15 हजार रुपए एवं ट्रॉफी और उपविजेता धुसाड़ा की टीम को 11 हजार रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। क्लब के सदस्यों ने मेहमानों और मुख्यातिथि इंजीनियर रामपाल व विशेषातिथि एडवोकेट संदीप शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका धन्यवाद किया। वहीं, फाइनल मैच के ट्रॉफी जीतने के दौरान सदा शिव टीम के कैप्टन अभिषेक डोगरा ने कहा कि क्रिकेट एक टीम नहीं गेम है। डोगरा ने कहा कि सदा शिव टीम ने 2025 का तीसरा टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है।

# नौकरी की तलाश कर रहे युवा 15 को आएं कुल्लू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के लिए खुशखबरी है। कुल्लू में 15 अक्तूबर को रोजगार मेले (कैंपस साक्षात्कार) का आयोजन होने जा रहा है।

यह बात क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी एवं मेला प्रभारी अक्षय कुमार ने सोमवार को कुल्लू में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के जो युवा नौकरी की तलाश कर रहे उनके लिए यह अच्छा अवसर है। उन्होंने बताया कि यह रोजगार मेला 15 अक्तूबर को कुल्लू के रथ मैदान में सुबह 09 से शाम चार बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में देशभर की 30 नामी कंपनियां युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों में 1500 से अधिक विभिन्न पद भरे जाएंगे, जिनमें स्किल्ड, सेमी-स्किल्ड एवं अनस्किल्ड श्रेणियों के पद शामिल हैं।



रोजगार मेले के आयोजन को लेकर जानकारी देते हुए क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार।

मेले में भाग लेने वाली कंपनियां मुख्य रूप से पर्यटन, ऑटोमोबाइल, फार्मासिस्ट, सिक्योरिटी, आतिथ्य एवं औद्योगिक क्षेत्रों से होंगी। उन्होंने बताया कि मेला युवाओं को अपनी योग्यता और कौशल के अनुसार रोजगार प्राप्त करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि रोजगार अवसरों के साथ-साथ युवाओं को मार्गदर्शन एवं परामर्श (काउंसलिंग) भी प्रदान की जाएगी, ताकि वे रोजगार की दिशा में सही निर्णय ले सकें। उन्होंने कहा कि 10वीं पास से लेकर एमबीए पास युवा युवतियों को नौकरी का अवसर प्रदान होगा। उन्होंने प्रदेश के युवाओं से इस रोजगार मेले में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिये जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू के दूरभाष नंबर 01902-222522 या deo-kul-hp@nic.in पर संपर्क कर सकते हैं।

# बंजार से जलोड़ी जोत तक बस सेवा का ट्रायल रहा सफल

अनंत ज्ञान, बंजार। कुल्लू की उपायुक्त तोरुल एस. रवीश ने बताया कि जिले की सभी मुख्य सड़कों पर बस सेवा आरंभ हो गई है। उन्होंने बताया कि सोमवार को बंजार से जलोड़ी जोत तक बस सेवा का ट्रायल सोमवार को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। अब इस मार्ग पर नियमित बस सेवा शीघ्र आरंभ कर दी जाएगी। यह सेवा शुरू होने से बंजार घाटी और जीबी, घियागी,सोझा, क्षेत्र के लोगों को यातायात की बड़ी सुविधा पुनः आरम्भ हो गई। उन्होंने बताया कि एनएच 305 ओट –बंजार–जलोड़ी जोत मार्ग पर बस संचालन के लिए सड़क मार्ग को सुचारू करने का कार्य लोक निर्माण विभाग तथा राष्ट्रीय उच्च मार्ग के अधिकारी और कर्मचारी युद्ध स्तर पर कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई संपर्क मार्गों को छोटे वाहनों के लिए पहले ही खोल दिया गया है और अब बड़े वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए क्लियरेंस कार्य तथा मलबा हटाने का कार्य तेज़ी से जारी है।उपायुक्त ने बताया कि बंजार से गुशैणी तक भी बस सेवा पुनः कल से सुचारू रूप से आरंभ कर दिया जायेगा, जिससे तीर्थन घाटी क्षेत्र के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं, कल से कुल्लू, बंजार से रामपुर तक की बस सेवा भी शुरू कर दी जाएगी, जिससे बंजार उपमंडल और शिमला ज़ोन के बीच संपर्क और अधिक सुलभ हो जाएगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और परिवहन विभाग का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि बस सेवाओं के पुनः आरंभ होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों, किसानों और आम जनता को आवागमन में अत्यधिक सुविधा मिलेगी।

# रोहतांग दर्रा के दीदार को अभी पर्यटकों को करना होगा इंतजार

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

केलांग/मनाली। पर्यटन नगरी मनाली का प्रसिद्ध एवं पर्यटकों की सबसे पसंदीदा सैरगाह रोहतांग दर्रे का दीदार करने के लिए पर्यटकों को अभी और इंतजार करना पड़ सकता है।



हालांकि, बीआरओ की टीम यहां यातायात बहाल करने के लिए दिन रात एक किए हुए हैं, लेकिन अभी बहाली के लिए थोड़ा इंतजार और करना होगा। बर्फबारी से बंद रोहतांग दर्रा अब धीरे धीरे पर्यटकों के लिए बहाल होने लगा है। सोमवार को पर्यटकों को मनाली से 44 किमी दूर मढ़ी से ऊपर बंता मोड़ तक भेजा। पर्यटकों को हालांकि दर्रे के दीदार को अभी इंतजार करना होगा, लेकिन बड़े दिनों बाद रोहतांग के निकटवर्ती पर्यटन स्थल मढ़ी में पर्यटकों ने दस्तक दे दी है। आज पहले दिन 15 डीजल व 9 पेट्रोल इंजन कुल 24 वाहन परमिट लेकर मढ़ी पहुंचे। बीआरओ ने हालांकि दर्रे तक बर्फ हटा ली है रोहतांग से कोकसर तक सड़क बहाल होने के बाद ही प्रशासन पर्यटकों को रोहतांग भेजेगा। पर्यटन कारोबारी जगदीश, रवि व राजू ने बताया कि कुल्लू मनाली में हुए ताजा हिमपात के बाद दिवाली पर पर्यटन कारोबार के गति पकड़ने की उम्मीद है। हालांकि अभी सप्ताहांत में ही चहलपहल दिख रही है लेकिन आने वाले दिनों में पर्यटकों की आमद बढ़ेगी। मढ़ी के पर्यटन कारोबारी सुंदर ठाकुर व पूर्ण ठाकुर ने बताया कि धीरे धीरे रौनक बढ़ने लगी है। उन्होंने बताया कि सोमवार को कुछ एक पर्यटक वाहन मढ़ी पहुंचे। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने उन्होंने रविवार को रोहतांग दर्रे का दौरा किया। उन्होंने बताया कि रोहतांग से कोकसर के बीच सड़क बहाल होने के बाद ही पर्यटकों को रोहतांग जाने की अनुमति दी जाएगी। उधर, लाहुल घाटी में पर्यटकों की चहलकदमी धीरे धीरे बढ़ने से अब पर्यटन कारोबार की उम्मीद पर्यटन कारोबारियों को जगने लगी है।

# दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत विशेष न्यायाधीश) प्रकाश चंद राणा की अदालत ने एक अभियुक्त को नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 1 लाख के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोषी को 2 वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी कुलभूषण गौतम ने बताया कि न्यायालय ने अभियुक्त को भारतीय दंड संहिता की धारा 376क्तथा 506 के तहत दोषी ठहराया है। धारा 506 के तहत उसे 2 वर्ष के कठोर कारावास और ₹10,000 रुपये जुर्माने की भी सजा दी गई है इसके अतिरिक्त अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि पीन उत्पीड़न/अन्य अपराधों की महिला पीड़ितों के लिए मुआवजा योजना-2018 के तहत, पॉक्सो अधिनियम की धारा 33(8) और पॉक्सो नियम 2020 के नियम 9 को ध्यान में रखते हुए, 30 दिनों के भीतर पीड़ित बच्ची को 5 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए। मामले के अनुसार, वर्ष 2019 में पीड़ित बच्ची की माँ ने पुलिस में शिकायत दी थी कि आरोपी, जो रिश्ते में बच्ची का चाचा (पिता का चचेरा भाई) है, ने उसके साथ गलत कार्य किया। जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर चालान न्यायालय में पेश किया। अभियोजन पक्ष ने आरोप सिद्ध करने के लिए 11 गवाहों के बयान दर्ज करवाए, जिसके आधार पर न्यायालय ने यह फैसला सुनाया।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रो. श्याम लाल को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। श्याम संगीत सम्मेलन समिति कुल्लू द्वारा सूत्रधार कला संगम कुल्लू के सभागार में प्रो. श्याम लाल ठाकुर की 15 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रो. श्याम लाल ठाकुर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस कार्यक्रम में बाला जॉनसन प्रबंध निदेशक तारा इंटरनेशनल स्कूल रायसन ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। श्याम संगीत सम्मेलन समिति के अध्यक्ष डॉ. सुरत ठाकुर द्वारा मुख्यातिथि को कुल्लवी परंपरा अनुसार सम्मानित किया गया इस अवसर पर श्याम संगीत सम्मेलन समिति के अध्यक्ष डॉ. सुरत ठाकुर ने अपने स्वागत भाषण में आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया और प्रो. श्याम लाल ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डाला और उन्होंने कहा कि गुरु की चार पीढ़ियां अब तक निरंतर शिक्षा दीक्षा ग्रहण कर रहे हैं और वर्तमान में सूत्रधार संगीत अकादमी के प्राचार्य पं. विद्यासागर की देखरेख में यह सिलसिला चला हुआ है तथा इसको आगे बढ़ाने के लिए सूत्रधार कला संगम का सदैव योगदान रहा है। इस कार्यक्रम में सूत्रधार संगीत अकादमी के कलाकारों द्वारा गीत-संगीत की शानदार प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें अर्पिता, प्रिया, अनुष्का, निशांत गौतम, संजय, लक्ष्मी, क्षितिज, जीवन बुडाल व खुशबू भारद्वाज द्वारा बेहतरीन प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का मंच संचालन सुंदर श्याम महंत द्वारा बखूबी निभाया गया। इस कार्यक्रम में सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि सूत्रधार कला संगम के अंतर्गत कला संस्कृति के संरक्षण संवर्धन सहित समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत हैं और निरंतर रूप से यहां सूत्रधार संगीत व नृत्य अकादमी के साथ-साथ विविध विधाओं का आयोजन भी किया जाता रहता है। इस अवसर पर श्याम संगीत सम्मेलन समिति के अध्यक्ष डॉ. सुरत ठाकुर, जया जॉनसन, धीरा जॉनसन, मथान, मंजू, विद्या, संगीता आचार्य, प्रीति नेगी, नीलो सूद, गिरिराज, निशांत गौतम, कैप्टेन रणधीर सिंह सल्हुरिया, सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष दिनेश सेन, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोगिंदर सिंह, भण्डार प्रभारी तिलक राज चौधरी, सचिव मंजू शर्मा, विशेष आमंत्रित सदस्य सुंदर श्याम महंत व पं. विद्या सागर, आमंत्रित सदस्य जीवन बुडाल व संजय तथा प्रबंधक उत्तम चंद उपस्थित रहे।

### राजस्व अधिकारी संघ ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।कुल्लू के तहसीलदार के साथ मारपीट व अभद्रता मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। अब कुल्लू सहित पूरे प्रदेशभर में तहसीलदार व नायब तहसीलदार पेन डाउन स्ट्राइक पर चले गए हैं। 2 दिन तक प्रदेश के सभी राजस्व अधिकारी पेन डाउन स्ट्राइक पर रहेंगे। साथ ही कुल्लू मैजिस्ट्रेट के साथ मारपीट मामले में सख्त कार्रवाई न होने पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। वहीं, सोमवार को कुल्लू में हिमाचल प्रदेश राजस्व अधिकारी संघ ने डीसी कुल्लू को ज्ञापन सौंपकर तहसीलदार कुल्लू के साथ मारपीट व अभद्रता मामले में सख्त कार्रवाई की मांग रखी। सनद रहे कि अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट के तौर पर सेवाएं दे रहे तहसीलदार को घसीटने और अभद्रता की गई थी। इस मामले में हिमाचल प्रदेश राजस्व अधिकारी संघ ने कड़ा संज्ञान लिया है। मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से नाराज संघ ने पेन डाउन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है जिसके तहत सोमवार व मंगलवार को प्रदेश की तमाम तहसीलों में राजस्व अधिकारी पेन डाउन पर हैं। ऐसे में पेन डाउन स्ट्राइक के पहले दिन सोमवार को कुल्लू में संबंधित राजस्व कार्य प्रभावित हुए जिससे लोगों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ी।

### खिड़की से बाहर निकलने पर किया चालान

अनंत ज्ञान ब्यूरो केलांग। खांगसर गांव (केलांग, लाहुल-स्पीति) के पास चलती गाड़ी की खिड़की से बाहर निकले जिस व्यक्ति का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था पुलिस ने उस व्यक्ति के वाहन का चालान किया है। एसपी लाहुल स्पीति शिवानी मेहला ने कहा कि लाहुल घाटी में घूमने आ रहे पर्यटकों का स्वागत है। उन्होंने पर्यटकों से आग्रह किया कि वो लापरवाही न दिखाकर जिम्मेदारी दिखाएं। उन्होंने कहा कि जांच में यह खतरनाक ड्राइविंग पाई गई है। वाहन एचआर 22ए एक्स 2718 के खिलाफ धारा 184 मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया गया है।

# रामशीला व इनर अखाड़ा क्षेत्र में आज बिजली रहेगी बाधित

अनंत ज्ञान बिजली बंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जिला मुख्यालय कुल्लू के रामशीला व इनर अखाड़ा बाजार में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कुल्लू उपमंडल नंबर-1, हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड कुल्लू की ओर से जारी जानकारी के अनुसार 11/0.445 केवी, 250 केवीए सब-स्टेशन रामशीला तथा 250 केवीए सब-स्टेशन अंदरला अखाड़ा की एलटी लाइनों की मरम्मत व आवश्यक रख-रखाव कार्य 14 अक्तूबर (मंगलवार) को प्रातः 9 से सायं 6 बजे तक किए जाएंगे। इस दौरान रामशीला, कुल्लू वैली स्कूल, लक्ष्मी नारायण मंदिर, चैतन्य क्लीनिक व आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# जिला कुल्लू भाजपा के सभी मोर्चों ने किया कार्यकारिणी का गठन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

भारतीय जनता पार्टी, जिला कुल्लू द्वारा गठित अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, किसान मोर्चा, महिला मोर्चा और युवा मोर्चा ने अपनी-अपनी जिला कार्यकारिणी और मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियां कर दी हैं। सभी मोर्चों की यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह टीमें पार्टी की संगठनात्मक मजबूती और जन-जागरण के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करेंगी। अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष गंगा सिंह, मंडल अध्यक्ष नगर सुभाष कोशल, मनाली सुरेश कश्यप, कुल्लू देवेंद्र, भुंतर मोहनलाल, पार्वती तीरथ राम, बजौरा संदीप कुमार, सैंज मोहित, मंगलौर भूपेंद्र, बंजार पूर्ण चंद, आनी अनंत राम आजाद, निरमंड भूपेंद्र सिंह, दलाश होशियार सिंह। जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष रामदास, करमचंद, रूम सिंह, सोहनलाल राठी, महामंत्री परसराम चौहान, गिरधर, कोषाध्यक्ष जयचंद, सचिव काहन चंद जोशी, देवी राम, वीर सिंह, राकेश कुमार, रमेश कुमार, कार्यालय सचिव गिरू राम, मीडिया प्रभारी रीना, प्रवक्ता संजय कुमार, आईटी संयोजक विनोद नाग, आईटी सह संयोजक ठाकुरदास, सोशल मीडिया संयोजक सुरेंद्र नेगी, रूपलाल, पूर्ण चंद, प्रेम कुमार, सेस राम, कार्यकारिणी सदस्य कर्मचंद, तेजराम, पूर्ण, रामशरण, प्रकाश लंबर, अविशांत नेगी, सुरेंद्र सिंह, अमरचंद। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष चंद्रा प्रधान, मंडल अध्यक्ष नगर रघुवीर सिंह, मनाली संजीव बौद्ध, कुल्लू सोनम दावा, भुंतर तेनजिन बौद्ध, पार्वती प्रताप चंद, बजौरा - मंगल चंद, आनी विजय बौद्ध, निरमंड देवराज नेगी। जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष विवेक नेगी, चंद्रकांत नेगी, सुनील नेगी, भजन दास, महामंत्री भगवान दास, लुदर चंद, कोषाध्यक्ष, सोमदेव नेगी, सचिव दौरजे गयालसन, दोरजे बौद्ध, सुशीला ठाकुर, केसंग बौद्ध, राजेश, मीडिया प्रभारी शिवा नोरबू, प्रवक्ता जिंगमे वांगयाल, आईटी संयोजक विनायक, सोशल मीडिया संयोजक मनीषा बौद्ध, सुशील वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य ओम राज नेगी, सोनम, श्यामचंद, रामनाथ, शामिल बौद्ध, छेरिंग डोलमा, मनोज बौद्ध, निशांत बौद्ध, प्रताप शास्त्री, राहुल नेगी, चंद्र सेन, दारा बौद्ध, केदार सिंह नेगी। किसान मोर्चा के अध्यक्ष दूनी चंद, मंडल अध्यक्ष मनाली सुशील कुमार, नगर प्रकाश ठाकुर, कुल्लू मनीराम, भुंतर फतेह सिंह राणा, पार्वती प्रताप सिंह, बजौरा एलु राम नेगी, मंगलौर यज्ञ चंद, सैंज तारचंद, बंजार टेकचंद, आनी श्याम, दलाश संदीप, निरमंड जगदीश। जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष प्रेम ठाकुर, शेर सिंह नेगी, ढाले राम, भोला दत्त, महामंत्री प्रवीण कुमार, मदन वर्मा, सचिव प्रदीप जमवाल, शिशुपाल, सुभाष चौहान, सुनील वर्मा, धर्मचंद, कोषाध्यक्ष अजीत सिंह पठानिया, कार्यालय सचिव रजत जमवाल, प्रवक्ता यशपाल सिंह, आईटी संयोजक पुष्पा ठाकुर, सोशल मीडिया प्रभारी बुद्ध राम, मीडिया प्रभारी देवी राम, कार्यकारिणी सदस्य वेद राम, कमल राज, हीरालाल, प्रवीण कायंथ, यशपाल, सोहन नेगी, धनवंती देवी, राजकुमार, सुनील कुमार, जगमोहन, नेत्र सिंह, दीवान चंद। महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नगर मीना ठाकुर, मनाली हेमा ठाकुर, कुल्लू चेतना शर्मा, भुंतर हेमा शर्मा, पार्वती कमला देवी, बजौरा चेतन्या ठाकुर, सैंज लता देवी, मंगलौर जयावती, बंजार लता देवी, आनी लता ठाकुर, दलाश चंद्रकांता ठाकुर, निरमंड कमला वर्मा आदि चुने।

## भविष्य की रणनीति

जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने कहा कि सभी मोर्चों के पदाधिकारी संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ गांव-गांव जाकर जनसंपर्क करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता सेवा, संगठन और समर्पण की भावना से कार्य करेगा और आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूती प्रदान करेगा।

## युवा मोर्चा के अध्यक्ष बने दिग्विजय आनंद

युवा मोर्चा के अध्यक्ष दिग्विजय आनंद, मंडल अध्यक्ष नगर शुभम चौहान, मनाली अमित सेन, कुल्लू कुशाल ठाकुर, भुंतर अतुल शर्मा, बजौरा धर्मेंद्र सिंह, सैंज प्रवीण ठाकुर, मंगलौर हेमंत ठाकुर, बंजार हरीश ठाकुर, आनी भजन सिंह, दलाश संदीप चौहान, निरमंड दलजीत सिंह ठाकुर। जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, डाबे राम, पीतांबर ठाकुर, भूपेंद्र शर्मा, महामंत्री धर्मपाल, रमेश बिष्ट, सचिव रोनीत ठाकुर, धाणशू राम, सुभाष ठाकुर, राजीव ठाकुर, चेत ठाकुर, कोषाध्यक्ष नितेश कालिया, कार्यालय सचिव सार्थक, प्रवक्ता विपिन ठाकुर, सहप्रवक्ता - केहर सिंह, मीडिया प्रभारी सुशांत जमवाल, आईटी संयोजक मोहनीश ठाकुर, सह-संयोजक शुभम सेठी सोशल मीडिया प्रभारी वंश ठाकुर सह प्रभारी ईशान ठाकुर को चुना गया।

# नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया जागरूक

अनंत ज्ञान, मनाली

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सौजन्य से आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर समर्थ 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय जन जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को नगर विकास खंड के मनाली मालरोड टैक्सी स्टैंड व पतलीकूहल में आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें मनत कला मंच कुल्लू के कलाकारों द्वारा गीतों और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आपदा प्रबंधन संबंधित जानकारियां लोगों को मुहैया करवाई गई, भूकंपरोधी मकान बनाने के बारे ,आपदाओं के समय लोगों को क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, भूकंप, भूस्खलन, आग के समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए आदि के बारे में मंच के कलाकारों द्वारा लोकगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जानकारी दी गई। मंच के कलाकारों में नवनीत भारद्वाज, खूब राम, अशोक, गोपाल, डिंपल, चंपा, आशा शर्मा, मान चंद, आलिशा ने कुल्लवी नाटीओं व जानकारी ही



मनाली में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए कलाकार।

बचाव नाटक के माध्यम से लोगों को बताया कि हमारी हिमालयन श्रृंखला अति संवेदनशील जोन 5 के अंतर्गत आती है, इसलिए हमें हमेशा सतर्क रहना चाहिए, हमें आपदाओं से संबंधित ज्यादा से ज्यादा जानकारियां इकट्ठी करनी चाहिए और इन जानकारियों को अपने परिवार, बच्चों, बुजुर्गों के साथ भी साझा करना चाहिए, ताकि आपदा के समय सभी की जानों को बचाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान लोगों को भूकंप आने पर झुको, ढको व पकड़ो की रणनीति अपनाने के बारे में भी विस्तार से समझाया, ताकि लोगों की जिंदगियों को बचाया जा सके। उन्होंने आग लगने पर रुको, झुको व लुढको की रणनीति पर भी जानकारी दी, जिससे कि आग लगने की दशा में बचाव किया जा सके। उन्होंने सुरक्षित भूकंपरोधी भवन निर्माण पर जोर देते हुए लोगों को भवन निर्माण करने से पूर्व उचित वास्तुकार से भवन के नक्शे, इसके निर्माण व निर्माण संबंधित सामग्री बारे पूर्ण जानकारी दी। इस दौरान मनाली टैक्सी यूनियन के प्रधान राजकमल ठाकुर, इंचार्ज प्रेम चंद, अन्य ऑपरेटर, मनाली होटल एसोसिएशन के सदस्य, शिकायत निवारण कमेटी सदस्य बालक राम मनाली के साथ सैकड़ों लोगों ने भरपूर जानकारियां हासिल की।

# केलांग में परियोजना सलाहकार समिति की बैठक आज, जगत सिंह नेगी करेंगे अध्यक्षता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना लाहौल के तहत परियोजना सलाहकार समिति की मासिक बैठक मंगलवार को प्रातः 11 बजे उपायुक्त कार्यालय, केलांग के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की जाएगी।

इसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश के राजस्व, जनजातीय विकास एवं उद्यान मंत्री जगत सिंह नेगी करेंगे। बैठक में जिले के जनजातीय विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की जाएगी। बैठक में निम्नलिखित एजेंडा पर विचार किया जाएगा। जनजातीय विकास योजना के अंतर्गत 30 जून, 2025 तक बजट एवं व्यय की समीक्षा एवं विश्लेषण। वर्ष 2025-26 के लिए विकास मुख्य जन सहयोग कार्यक्रम और न्यूक्लियस बजट के अंतर्गत प्रस्तावित योजनाओं की स्वीकृति। वर्ष 2025-26 के तहत स्वीकृत योजनाओं की पश्चात अनुमोदन। अध्यक्ष की सहमति से अन्य आवश्यक विषय जो बैठक में शामिल किए जाएंगे। यह बैठक 13 अक्तूबर से 20 अक्तूबर 2025 तक चल रहे माननीय मंत्री जगत सिंह नेगी के जनजातीय क्षेत्रों के प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की जा रही है।

समिति में सदस्य महत्वपूर्ण स्थानीय जन प्रतिनिधि, जनजातीय सलाहकार परिषद के सदस्य, जिला परिषद के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, और रेजिमेंट कमांडर भी सम्मिलित होंगे। सभी कार्यालयाध्यक्ष, विभाग प्रमुख एवं सम्बंधित अधिकारी से आग्रह है कि निर्धारित दिनांक व समय पर बैठक में पूर्ण नेतृत्व के साथ उपस्थित हों ताकि जिले के जनजातीय विकास कार्यक्रमों के सुचारू संचालन एवं आगामी योजनाओं की प्रभावी रूप से योजना बनाई जा सके।

# चरानग में नेपाली मूल के व्यक्ति की गिरने से मौत

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। ग्राम पंचायत हलाण-1 के गांव चरानग में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बगीचे में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। थाना पतलीकूहल से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत प्रधान ने पुलिस को दूरभाष द्वारा सूचना दी कि गांव चरानग में एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही पतलीकूहल पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पाया गया कि नेपाली मूल का एक व्यक्ति सड़क से करीब 25-30 फुट नीचे बगीचे में गिरा हुआ था। व्यक्ति को बाहर निकालकर, जब मौके पर मौजूद लोगों की उपस्थिति में जांच की गई, तो वह मृत पाया गया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी मृतक को पहचानने से इंकार किया। शव पर गिरने के कारण चोटों और खरोंचों के निशान पाए गए हैं। मृतक का शव पहचान के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के शव गृह में सुरक्षित रखा गया है। पोस्टमार्टम करवाकर रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगामी कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी। प्रारंभिक जांच के अनुसार व्यक्ति की मृत्यु गिरने से हुई प्रतीत हो रही है।

# रायसन स्कूल में आदित्य ठाकुर व धनेश्वरी चुने बेस्ट वॉलिंटियर्स



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायसन में एनसीसी स्वयंसेवक व अन्य गणमान्य लोग।

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायसन में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन मुख्यातिथि प्रधानाचार्य हंसराज आचार्य के द्वारा किया गया।

इस शिविर में विद्यालय के 51 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी भेद राम ठाकुर ने बताया के इस शिविर के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों को व्यक्ति स्रोत के रूप में बुलाया गया, जिन्होंने स्वयंसेवियों को अपने-अपने अनुभवों से लाभान्वित करवाया। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने जागरूकता रैलियां निकालीं तथा विद्यालय के आस पास के रास्तों को साफ-सफाई की और स्कूल कैंपस को भी सुंदर बनाया। शिविर के दौरान सर्वोत्तम गतिविधियों के लिए आदित्य ठाकुर तथा धनेश्वरी को बेस्ट वॉलंटियर चुना गया। भेद राम ठाकुर ने बताया कि समापन समारोह में विशेषातिथि के रूप में गोपी चंद डोगरा उपप्रधानाचार्य, राजेंद्र प्रवक्ता अंग्रेजी, बलदेव कृष्ण प्रवक्ता राजनीतिक शास्त्र, सुरेश कुमार प्रवक्ता कंप्यूटर साइंस तथा सहयोगी कार्यक्रम अधिकारी राधा भी उपस्थित रहीं। समापन समारोह के दौरान स्वयंसेवियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इसमें मुख्य आकर्षण स्वयंसेवियों द्वारा प्रस्तुत की गई कुल्लवी नाटी रही। अंत में मुख्यातिथि ने सभी स्वयंसेवियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और राष्ट्रीय सेवा योजना का झंडा उतार कर शिविर के समापन की विधिवत घोषणा की।

आयोजन | केलांग में मनाया अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस

# समुदाय के बीच फैलाएं जागरूकता: डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर सोमवार को एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन समर्थ अभियान के अंतर्गत जिले के संग्रहालय सभागार में भव्य रूप से किया गया।

डॉ. सौरव गुप्ता एवं तन्मय गुप्ता ने इस कार्यशाला में जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य भूकंप प्रतिरोधी घरों के निर्माण हेतु सुरक्षित और आधुनिक निर्माण प्रथाओं को बढ़ावा देना था, जिससे जिले में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की क्षमता को सुदृढ़ किया जा सके। इस कार्यक्रम में उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। यह कार्यशाला न केवल आपदा जोखिम न्यूनीकरण के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने में सहायक रही, बल्कि जिले की आपदा प्रबंधन क्षमताओं को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित होगी। कार्यशाला में स्थानीय निर्माण विशेषज्ञों, इंजीनियरों, सरकारी अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और समुदाय के अन्य सदस्यों ने भाग लिया। डीसी ने इस अवसर पर ने अपने संबोधन में आपदा जोखिम न्यूनीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला और समुदाय के बीच जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने समर्थ 2025 अभियान की उपलब्धियों और आने वाले लक्ष्यों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर, किरण भड़ाना ने जिले में हाल ही में आई आपदाओं के दौरान असाधारण कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और महिला मंडलों, स्वयंसेवकों को प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किए। इन पुरस्कारों ने उनकी निष्ठा, साहस और समर्पण को सम्मानित किया, जो आपदा प्रबंधन में प्रेरणास्रोत हैं।





केलांग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर मुख्यातिथि के साथ अन्य गणमान्य।

## पंचायत त्वरित प्रतिक्रिया टीमों का किया औपचारिक शुभारंभ

कार्यक्रम के महत्वपूर्ण अंग के रूप में पंचायत त्वरित प्रतिक्रिया टीमों का भी औपचारिक शुभारंभ किया गया। ये टीमें ग्रामीण स्तर पर आपदा के दौरान त्वरित और प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित की गई हैं। इस पहल से ग्रामीण पंचायतों में आपदा तैयारी एवं प्रतिक्रिया प्रणाली को और मजबूत बनाने की उम्मीद है।

## सुरक्षा मानकों के प्रति किया जागरूक

कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने भूकंपरोधी घरों के डिजाइन, टिकाऊ और गुणवत्ता युक्त निर्माण सामग्री, तथा सुरक्षित निर्माण तकनीकों से संबंधित विस्तृत सत्र प्रस्तुत किए। तकनीकी और व्यावहारिक दोनों पक्षों को शामिल करते हुए, प्रतिभागियों को आधुनिक निर्माण विधियों और सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक किया गया।

# पंचायतीराज संस्थाओं की मतदाता सूचियों का प्रारूप जारी, 17 तक आपत्तियां आमंत्रित

अनंत ज्ञान, आनी

- 1 अक्तूबर, 2007 या उससे पहले जन्मे युवा वोटर लिस्ट में हो सकते हैं शामिल
- हर नागरिक सूची की जांच अवश्य करें : बीडीओ आनी

राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश द्वारा पंचायतीराज संस्थाओं की ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों का प्रारूप 8 अक्तूबर को जारी कर दिया गया है।

यह सूचियां आम जनता के निरीक्षण के लिए ग्राम पंचायत कार्यालयों और खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) आनी के कार्यालय में उपलब्ध करवा दी गई हैं। बीडीओ आनी विद्या चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, गलत प्रविष्टियों को सुधारने या अपात्र व्यक्तियों के नामों पर आपत्ति दर्ज करवाने की अवधि 8 अक्तूबर से 17 अक्तूबर तक निर्धारित की गई है। इच्छुक व्यक्ति ग्राम पंचायत सचिव से संपर्क कर निर्धारित प्रपत्र (फॉर्म 2, 3, 4) निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए अर्हता तिथि 1 अक्तूबर निर्धारित की गई है। जिन युवाओं की आयु 1 अक्तूबर, 2025 तक 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, अर्थात जिनका जन्म 1 अक्तूबर 2007 या उससे पहले हुआ है, वे मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के पात्र हैं। इसके लिए जन्मतिथि प्रमाण पत्र (दसवीं का प्रमाण पत्र या जन्म प्रमाण पत्र) और वैध निवास प्रमाण पत्र (आधार कार्ड या स्थायी निवासी प्रमाण पत्र) आवश्यक होंगे। सभी दस्तावेज 18 अक्तूबर तक संबंधित पंचायत कार्यालय या बीडीओ आनी के कार्यालय में जमा करवाए जा सकते हैं। बीडीओ चौहान ने यह भी कहा कि लोकसभा या विधानसभा की मतदाता सूचियां व पंचायतों की मतदाता सूचियां अलग-अलग होती हैं इसलिए प्रत्येक नागरिक से आग्रह है कि वे अपनी पंचायत कार्यालय में जाकर मतदाता सूची की जांच करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदान से वंचित न रह जाए। किसी भी जानकारी के लिए पंचायत निरीक्षक से मोबाइल नंबर 98161-93730 और उपनिरीक्षक से 70183-90152 पर संपर्क किया जा सकता है।

न्यूज ब्रीफ

## 14 ग्राम चिट्टे के साथ भाई-बहन गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर पुलिस लगातार नशा तस्करों के खिलाफ सख्त अभियान चला रही है। इसी कड़ी में पुलिस थाना माजरा की टीम ने एक महिला और उसके भाई को नशे के कारोबार में संलिप्त पाते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 14 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम गश्त के दौरान जब पौंटिका फैक्टरी पुरुवाला क्षेत्र में मौजूद थी, तभी टीम को सूचना मिली कि फुरकाना पत्नी अदरीश निवासी भगवानपुर (पोस्ट ऑफिस पुरुवाला, तहसील पांवटा साहिब) अपने भाई आसिफ पुत्र समीम निवासी खिज़राबाद (जिला यमुनानगर, हरियाणा) के साथ मिलकर किराये के मकान में नशा बेचने का कार्य कर रही है। सूचना के आधार पर की गई तलाशी के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों से 14 ग्राम स्मैक (चिट्टा) बरामद किया। मौके पर ही दोनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक सिरमौर ने बताया कि दोनों आरोपियों को 14 अक्तूबर तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## रोहित ठाकुर 15 व 16 को सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 15 व 16 अक्तूबर को सोलन जिले के प्रवास पर होंगे। रोहित ठाकुर 15 अक्तूबर को सायं 5.30 बजे पाईनग्रोव स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्यातिथि होंगे। शिक्षा मंत्री 16 अक्तूबर को प्रातः 10 बजे पाइनग्रोव स्कूल के 34वें वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि होंगे।

## 24 विद्यार्थी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे दम

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडियाघाट के 24 विद्यार्थी राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इनमें से 11 स्टूडेंट्स अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता में जूडो बॉक्सिंग ताइक्वांडो कुराश में जिलास्तर पर विजय रहे तथा राज्य स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे और अंडर -14 स्टूडेंट्स में भी 13 विद्यार्थी जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में जूडो, बॉक्सिंग, कुश्ती में विजय रहे। यह सभी विद्यार्थी भी अब राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। अंडर-19 छात्राओं ने जिला स्तर पर बॉक्सिंग में विजेता ट्रॉफी तथा ताइक्वांडो व जूडो में उपविजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। अंडर-14 छात्राओं ने जिला स्तर पर जूडो में विजेता तथा कुश्ती में उप-विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। साथ ही अंडर-14 छात्रों ने बॉक्सिंग व जूडो में उपविजेता ट्रॉफियां हासिल की। राज्य स्तरीय अंडर 19 में आस्था, अर्चित, श्रुतिका, तमन्ना, समृद्धि, रौनक, प्रियंका, आकृति, सोनाक्षी। अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स लक्ष्मी, सोनाक्षी, किंजल, स्मृति, नव्या, सोनाक्षी चौहान, अंकुश, अंशित, प्रतीक, अशित कुमार, वंश शर्मा, ध्रुव, विनीत। प्रधानाचार्य भाग सिंह ने सभी बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं दीं साथ ही डीपी बीलम ठाकुर तथा पीटीआई अनिल बनियाल को इस जीत का श्रेय दिया। एसएमसी अध्यक्ष विक्रम ठाकुर ने भी सभी बच्चों को बधाई दी।

## आज से पटाखों की बिक्री के लिए जारी होंगे लाइसेंस

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** एसडीएम पांवटा साहिब गुंजित सिंह चीमा की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय पांवटा साहिब के सभागार में दिवाली पर्व को सुरक्षात्मक एवं सुविधाजनक रूप से मनाए जाने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विस्तृत चर्चा की गई, ताकि दिवाली के अवसर पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। इस दौरान आतिशबाजी की बिक्री के सम्बन्ध में अस्थायी स्टाल लगाने हेतु जगह के चयन बारे भी चर्चा की गई, जिसमें पूर्व की भांति इस वर्ष भी पुलिस ग्राउंड पांवटा साहिब को पटाखों का अस्थाई स्टाल लगाने हेतु चिन्हित किया गया। गुंजित चीमा ने जानकारी देते हुए बताया कि दिवाली पर्व के अवसर पर पांवटा साहिब में 14 अक्तूबर से पटाखों की बिक्री के लिए एसडीएम कार्यालय पांवटा साहिब द्वारा लाइसेंस जारी किए जाएंगे।

## बीमा पॉलिसी की अनिवार्यता समझाई

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डिग्री कॉलेज सोलन के रोड सेफ्टी क्लब और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन के सहयोग से एक विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता एच.एस. ठाकुर, मुख्य विधिक सहायता रक्षा अधिवक्ता, ने मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम, 2022 के प्रावधान, दावों की समय सीमा, मुआवजा राशि वृद्धि, नियम उल्लंघन पर दंड और पुलिस की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बीमा पॉलिसी की अनिवार्यता और पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने की प्रक्रिया भी समझाई। विद्यार्थियों के प्रश्नों का भी उन्होंने संतोषजनक उत्तर दिए। कार्यक्रम का सफल संचालन रोड सेफ्टी क्लब की सदस्य डॉ. आलिशा चौहान ने किया। प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली, संयोजक डॉ. मुकेश कुमार शर्मा, शिक्षक एवं लगभग 300 स्टूडेंट्स उपस्थित थे। प्राचार्य ने इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक और सूचनाप्रद बताया।

## पोस्ट मेकिंग में प्रीति कुमारी रही प्रथम

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** डिग्री कॉलेज कंडाघाट में डिजास्टर मैनेजमेंट कमेटी ने सोमवार को इंटरनेशनल डिजास्टर रिस्क रिडक्शन डे के मौके पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए बेहतरीन पोस्टर्स बनाएं। निर्णायक मंडल के डॉ हरिंद्र लाल और डॉ शीतल ने इन्हें कला व नवाचार की कसौटी पर आंका। इस आधार पर प्रीति कुमारी बी कॉम तृतीय वर्ष ने पहला, वंदना बी कॉम प्रथम वर्ष ने दूसरा और किरण बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मदन लाल मनकोटिया ने इस मौके पर कहा कि विद्यार्थियों को ऐसी गतिविधियों बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि प्राकृतिक आपदा से बचने के तरीके जन-जन तक पहुंचाने में अपनी भागीदारी निभाए।

## सोलन को तंबाकू मुक्त जिला बनाने का लक्ष्य

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि सोलन को तंबाकू मुक्त जिला बनाना और युवाओं को नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना जिला प्रशासन का लक्ष्य है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित तंबाकू मुक्त युवा अभियान-3.0 8 दिसंबर 2025 तक चलेगा। उन्होंने जिला स्तरीय कार्य बल को कोटपा अधिनियम, 2003 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान, तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन, नाबालिगों को विक्रय और शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास तम्बाकू बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध का पालन कड़ाई से करने के निर्देश दिए। अधिनियम उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक ने बताया कि रैली, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और वीडियो प्रचार से युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। जिले के अन्य अधिकारियों सहित हर्ड विभागीय अधिकारी भी इस अभियान में सक्रिय हैं।

## आपातकालीन किट व संपर्क नंबरों की जानकारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन ने 'समर्थ-2025' कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को आपदाओं के प्रति जागरूक करना और जान-माल के नुकसान को कम कर सुरक्षित, सक्षम तथा आपदा-रोधी हिमाचल का निर्माण करना बताया। राहुल जैन ने यह बात जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सोलन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस 'समर्थ-2025' कार्यक्रम में कही। यह कार्यक्रम 1 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य प्रदेश एवं जिले के लोगों को आपदाओं के खतरों से बचाव और समाधान के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि आपदा के नुकसान को कम करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। सुरक्षित भवन निर्माण और खतरों को पहचान कर उनके प्रभाव को कम करना आवश्यक है। आपातकालीन किट में सूखा भोजन, दवाएं, टॉर्च और पानी रखना चाहिए ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में तैयार रहा जा सके। आपात स्थिति में सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1077 और 1070 पर संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोलन के अनुदेशक लखविंदर ने सुरक्षित भवन निर्माण पर जानकारी दी। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी रमेश शर्मा, महिला मंडल, स्कूली छात्र तथा अन्य प्रतिभागी मौजूद थे।

## धुंधन स्कूल में आपदाओं के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंधन में अंतराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस 'समर्थ 2025' पर प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। वरिष्ठ प्रवक्ता महेन्द्र पाल कौंडल ने प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के बारे में जानकारी दी। निबंध लेखन प्रतियोगिता भी संपन्न हुई। विद्यालय ने जिला स्तरीय खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें कई विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त हुए। प्रदेश स्तरीय विज्ञान परीक्षा में छात्र भुवनेश्वर ठाकुर ने 32वां स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य ने आपदा-प्रतिरोधी भवन निर्माण और प्रशासन सहयोग पर जोर दिया। सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चंबाघाट रेलवे फाटक का मामला रेलवे मंत्रालय के समक्ष उठाएंगे सांसद कश्यप

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



फाइल फोटो।

**सोलन।** विश्व धरोहर कालका-शिमला रेलवे लाइन के चंबाघाट रेलवे फाटक को बंद करने की अधिसूचना के मामले को अब सांसद सुरेश कश्यप रेलवे मंत्रालय के समक्ष उठाएंगे।फाटक को पूर्ण रूप से बंद के निर्णय के खिलाफ स्थानीय लोग लामबंद हुए हैं।

इसको लेकर संघर्ष समिति कोर्ट की शरण में जाने की तैयारी में है। इस बीच सांसद सुरेश कश्यप ने रविवार देर शाम प्रभावित लोगों से बात की। सांसद ने लोगों को आश्वासन दिया कि फाटक को बंद नहीं होने दिया जाएगा। इस मामले को रेलवे मंत्रालय के समक्ष रखकर वस्तुस्थिति से भी अवगत करवाया जाएगा। इस मौके पर भाजपा सोलन मंडल के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता और भाजपा नेता डॉ राजेश कश्यप सहित पार्षदों ने भी सांसद से मुलाकात कर रेलवे फाटक को बंद करने की अधिसूचना वापस लेने की मांग की। इससे पहले प्रशासन ने भी इस मामले को रेलवे और एनएचएआई के समक्ष उठाने का निर्णय लिया है। बता दें कि 25 सितंबर को इस मामले में स्थानीय लोगों ने अपनी आपत्तियां दर्ज करवा कर फाटक को बंद करने के निर्णय का कड़ा विरोध किया था।

जिला प्रशासन ने इससे जुड़े तथ्य को रेलवे के अधिकारियों के समक्ष उठाने का निर्णय लिया है। प्रशासन का मानना है कि रेलवे फाटक को बंद करना तर्कसंगत नहीं होगा क्योंकि इससे स्थानीय लोगों को कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। फोर लाइन से वाहनों की स्पीड काफी अधिक होती है ऐसे में फाटक बंद होने के बाद यदि स्थानीय लोग फ्लाईओवर से जाकर डायवर्जन लेते हैं तो इससे वाहन दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाएगी। साथ ही सोलन के ओल्ड बस स्टैंड सोलन तक डायरेक्ट कनेक्टिविटी भी बंद होगी। इससे नौकरीपेशा, स्कूली छात्रों और किसानों को सोलन शहर पहुंचने में दिक्क़ते पेश आएगी। इसी तरह चंबाघाट स्थित शमशान घाट रेलवे फाटक बंद होने से डीआरएम कृषि विभाग सहित कृषि विभाग तक पहुंचना भी मुश्किल होगा। इससे पड़ग पंचायत सहित बुरुरी और सलोगड़ा के ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले वाहनों फ्लाईओवर में एंट्री और एग्जिट करना भी जोखिम भरा होगा। स्थानीय लोगों के विरोध के बाद अब भाजपा और कांग्रेस के पार्षद भी फाटक बंद करने के विरोध में उतर आए हैं।

> **चंबाघाट** रेलवे फाटक को बंद नहीं होने जाएगा। लोगों की मांग को देखते हुए इस मामले को रेलवे मंत्रालय के समक्ष रखा जाएगा। रेलवे फाटक को बंद करने का निर्णय तर्क संगत नहीं लग रहा है। ऐसे में इससे जनहित में बंद नहीं किया जाएगा।
> **सुरेश कश्यप, सांसद, शिमला।**

### एनएचएआई पर गुमराह करने का आरोप

**संघर्ष** समिति की अगुवाई कर रहे अधिवक्ता नीरज भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश सरकार व प्रशासन ने इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों को गुमराह कर जनसुनवाई के बिना ही फाटक को बंद करने की अधिसूचना जारी कर दी। उन्होंने ने तर्क दिया गया कि रेलवे फाटक आजादी के समय से ही लगा है। आज तक यहां एक भी एक्सीडेंट नहीं हुआ। फोरलेन बनने से चम्बाघाट में फ्लाईओवर बनने से बाहरी वाहन फाटक से होकर नहीं जाते, लेकिन सोलन शहर, सलोगड़ा, ब्रुरी और पड़ग गांव के लोग फाटक को क्रॉस करके वाहनों की आवाजाही करते हैं। यदि फाटक बंद होता है तो चम्बाघाट और पड़ग निवासियों को घर पहुंचने के लिए फ्लाई ओवर से होकर करीब एक किलोमीटर का सफर करना पड़ेगा। स्कूली बच्चों और दुकानदारों को दिक्क्तों का सामना करना पड़ेगा। फाटक बंद होने से श्मशानघाट की सड़क भी सोलन की तरफ से बंद हो जाएगी।

# सोलन में 42 लोगों से भरी निजी बस दुर्घटनाग्रस्त, 11 महिलाएं घायल

**अनंत ज्ञान, अर्की**



रामशहर क्षेत्र के लोहारघाट पंचायत के चहलवाना गांव में एक निजी बस के पटलने से 11 महिलाएं घायल हो गई हैं। घायलों को बिलासपुर स्थित एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बस में बिलासपुर के नम्होल तहसील के कोटल गांव के लोग सवार थे। यह सभी लोग निजी बस करके चहलवाना अपने रिश्तेदार के घर में शादी समारोह में आ रहे थे।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर के कोटला गांव से 42 लोग एक निजी बस (एचपी 67-2854) में सवार हो कर चहलवाना गांव आ रहे थे। जैसे ही बस चहलवाना गांव पहुंची और चालक साइड में बस को लगा रहा था। इस बीच अचानक बस पलट गई और बस के टायर ऊपर हो गए। बस जैसे ही पलटी तो चहलवाना गांव के लोग एकत्रित हो गए और घायलों को बस के बाहर निकालने में जुट गए। अधकिंश लोग खिड़कियों मे से बाहर आ गए थे। इस निजी बस में 42 लोग सवार थे। और यह भी चलवाना के बालकिशन के घर जाने वाले थे। लेकिन इससे पहले ही बस गिर गई। 11 महिलाओं को चोटें आई हैं। जिन्हें निजी वाहनों से उपचार के लिए बिलासपुर स्थित एम्स अस्पताल पहुंचाया गया।

### ये हुए घायल

**पिंकी** देवी, राम वती पत्नी जगदीश, रमीला देवी पत्नी छोटा राम, जगनी देवी पत्नी दया लाल, राम प्यारी पत्नी सुखदेव, सीमा देवी पत्नी सुच्चा सिंह, मीरा देवी पत्नी कुलदीप, कौशल्या देवी पत्नी प्रेम लाल, कौशल्या देवी पत्नी वासुदेव, निक्की देवी, पत्नी जड्डू राम, सपना देवी पत्नी संजय शामिल है। एएसपी अशोक वर्मा ने बताया कि पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने के जुर्म में मामला दर्ज किया गया है। सभी घालय एम्स में उपचाराधीन हैं।

## पुरुष ओपन कबड्डी में सेंडी क्लब नालागढ़ विजेता और बड़ोंग सोलन रहा उपविजेता



साधुपुल दुर्गा भवन के तीन दिवसीय मेले के समापन पर मुख्यातिथि सांसद सुरेश कश्यप।

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल के साधुपुल दुर्गा भवन का तीन दिवसीय मेला संपन्न हो गया है। इसके समापन मौके पर शिमला लोकसभा सीट सांसद सुरेश कश्यप बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मेले हमारी हिमाचली संस्कृति की पहचान और धरोहर हैं इसे हमें संजोए रखना है।

उन्होंने मेला कमेटी के प्रधान पवन ठाकुर और स्थानीय पंचायत की मांग पर मेले के आयोजन स्थल में शौचालय और ड्रेसिंग रूम निर्माण के लिए तीन लाख देने और कंडाघाट चायल सड़क मार्ग को चौड़ा करने का ऐलान किया। मेले में पुरुष ओपन कबड्डी में सेंडी क्लब नालागढ़ की टीम विजेता व बड़ोंग सोलन की टीम उपविजेता रही। महिला कबड्डी और रस्सा कस्सी में सेवन स्टार सिरमौर की टीम विजयी रही। महिला कबड्डी में उपविजेता चायल की टीम रही। महिला रस्सा कस्सी में कल्होग बी दूसरे और ओंरी गांव की टीम तीसरे स्थान पर रही। पुरुष वर्ग अंडर-16 कबड्डी में शोघी की टीम विजेता और वीवीएन कल्होग की टीम उप-विजेता रही। मेला कमेटी ने पुरुष ओपन कबड्डी विजेता टीम को 31 हजार, उपविजेता 25 हजार, महिला कबड्डी विजेता को 21 हजार, उपविजेता को 15 हजार, पुरुष अंडर 16 विजेता टीम को 21 हजार, उपविजेता 15 हजार की नकद राशि पुरस्कार में दी।

## माजरा पंचायत में विकास कार्य के नाम पर घोटाला

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** माजरा पंचायत में निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार का मामला गंभीर रूप लेता जा रहा है। पंचायत क्षेत्र में हो रहे गली निर्माण कार्यों में अवैध खनन से प्राप्त बजरी, रेत और पत्थरों का प्रयोग किया जा रहा है, जबकि रिकॉर्ड में इन्हें वैध क्रेशर से खरीदी गई सामग्री दिखाया गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यह पूरा काम प्रधान, तकनीकी सहायक और प्रधान पति की देखरेख में किया जा रहा है। यही इस भ्रष्टाचार का मुख्य कारण माना जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि तकनीकी सहायक द्वारा कार्यों की निगरानी के नाम पर ठेकेदारों से मिलीभगत कर घटिया सामग्री लगाई जा रही है और प्रधान की जेब गरम की जा रही है। गांव के लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन मौके पर जाकर जांच करे तो सारा भ्रष्टाचार सामने आ जाएगा। पंचायत फंड से करोड़ों रुपए खर्च दिखाए जा रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर काम की गुणवत्ता बेहद खराब है।

## रैंप योजना से एमएसएमई क्षेत्र में नवाचार विकास को मिलेगी नई गति: सुरेंद्र ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सोलन**



हिमाचल प्रदेश उद्योग विभाग कि ओर से जिले के सोलन में रेजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस (आरएएमपी) योजना के तहत जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई ) क्षेत्र की प्रगति, नवाचार व प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने में सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम प्रदर्शन को उन्नत व तीव्र करने का कार्यक्रम रैंप (आरएएमपी) योजना की भूमिका पर चर्चा की गई। योजना के बारे में जानकारी देते हुए महाप्रबंधक औद्योगिक विभाग सोलन सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि उद्योग विभाग की ओर से केंद्र की रैंप योजना में छोटे उद्यमियों के लिए क्लस्टर योजना के तहत क्लस्टर बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विश्व बैंक द्वारा संचालित यह योजना एमएसएमई मंत्रालय की सबसे महत्वपूर्ण सुधार आधारित पहल है। इसके साथ ही गिफ्ट व स्पाइस योजना के बारे में भी प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में अशोक कुमार गौतम, डेवलपमेंट एंड फेसिलिटेशन ऑफिसर भारत सरकार(डीएफओ) ने भारत सरकार की ओर से एमएसएमई के विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे उद्यम पंजीकरण करवाया जा सकता है। रैंप योजना का उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र की वित्तीय स्थिरता, तकनीकी सशक्तिकरण और बाजार पहुंच को बढ़ाना है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदेश सरकार के माध्यम से सभी उद्यमी उठा सकते हैं।

## पूजा बेदी ने छात्रों से की प्रेरणादायक बातचीत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अभिनेत्री और लॉरेंस स्कूल सनावर की पूर्व छात्रा पूजा बेदी ने हाल ही में स्कूल का दौरा किया, जहाँ उन्होंने अपने छात्र जीवन की पुरानी यादें ताज़ा कीं और वर्तमान विद्यार्थियों से प्रेरणादायक संवाद किया। उन्होंने अपने स्कूल के दिनों की कहानियाँ साझा करते हुए छात्रों को अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल प्रशासन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उपप्रधानाचार्य रवि कुमार और बर्सर मेहक सिंह ने उनके दौरे को सफल और यादगार बनाने में विशेष भूमिका निभाई। इस अवसर पर पूजा बेदी ने स्कूल में हो रहे आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास स्कूल की विरासत को बनाए रखते हुए आधुनिक सुविधाओं के साथ संतुलन स्थापित करता है। उनका यह दौरा न केवल छात्रों के लिए प्रेरणादायक रहा, बल्कि स्कूल और पूर्व छात्रों के बीच संबंधों को भी और मजबूत बनाने का माध्यम बना।

## पटवारी-कानूनगो महासंघ ने डीसी के समक्ष रखी मांगें

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** नवगठित जिला पटवारी-कानूनगो महासंघ सोलन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सोमवार को जिलाधीश मनमोहन शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उपायुक्त सोलन के साथ अतिरिक्त उपायुक्त, जिला राजस्व अधिकारी, सदर कानूनगो व अन्य राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में एक औपचारिक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान महासंघ प्रतिनिधियों ने फील्ड स्तर पर आने वाली विभिन्न समस्याओं व मांगों पर विस्तार से चर्चा की। महासंघ ने डीसी से त्रैमासिक बैठक आयोजित करने, असुरक्षित पटवार व कानूनगो कार्यालयों की स्थिति में सुधार लाने तथा राजस्व फील्ड कर्मचारियों को अन्य विभागों के समान आवास भत्ता देने की मांग रखी। बैठक में महासंघ के जिला प्रधान सुमित ठाकुर, रितु शर्मा, कृष्ण प्रकाश सहित अन्य पटवारी व कानूनगो उपस्थित रहे।

## सड़क बनाने के लिए कांग्रेस नेता ने कटवाए 400 हरे पेड़

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** सिरमौर जिले के उपमंडल मुख्यालय संगड़ाह तथा साथ लगते शिल्ला जंगल में गैरकानूनी रूप से सड़क निर्माण के लिए 400 के करीब पेड़ गिरने की शिकायत स्थानीय महिला कमलेश देवी ने एसडीएम संगड़ाह, डीएफओ रेणुका जी, डीसी सिरमौर, प्रदेश सरकार व राज्यपाल को भेजी है।

शिकायत पत्र की प्रति जारी करते हुए पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि गत 29 व 30 सितंबर को शिकायत भेजी गई। इस शिकायत पर अब तक संबंधित विभागों के स्थानीय कर्मचारियों ने कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की। शिकायतकर्ता के अनुसार बान के जंगल में एक कांग्रेस नेता व प्रभावशाली शख्स द्वारा बनवाई गई दो किलोमीटर के करीब इस सड़क के शुरुआती हिस्से पर पंचायत का भी बजट भी खर्च करवाया गया है, जबकि इस अनावश्यक सड़क के साथ कोई

**कमलेश ने मुख्यमंत्री और राज्यपाल को भेजी शिकायत**

भी गांव अथवा 5 से 6 घरों वाली बस्ती भी नहीं लगती। उन्होंने कहा कि उनके पास सड़क के कुछ वीडियो भी मौजूद हैं और शिकायत के साथ निर्माणाधीन सड़क की फोटो भी भेजी गई है। शिकायत पत्र में उन्होंने नियमों की अनदेखी कर कांग्रेस नेता पर करीब 30 लाख रुपए प्रति बीघा शामलात भूमि बेचने के भी आरोप लगाए। पंचायत सचिव लेख राज ने बताया कि पंचायत की ओर से करीब दो लाख की लागत से बिना पेड़ों वाली जमीन पर केवल 250 मीटर के करीब सड़क बनाई गई है। इसके आगे सड़क संभवत खुद जमीन के मालिक द्वारा बनाई गई हो। वन विभाग के बीओ संगड़ाह ने कहा कि डीएफओ के निर्देशानुसार मामले की जांच की जा रही है और पटवारी से जमीन की रिपोर्ट आना बाकी है।

## ग्रामीण प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना हम सबका दायित्व : संजय अवस्थी

**अनंत ज्ञान, सोलन**



अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान कर हम श्रेष्ठ युवाओं का चयन कर सकते हैं।

संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रोहांज जलाना के राहु ग्राम में मेला समिति राहू व नेहरू युवा क्लब राहू के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नवरंग ग्रामीण प्रतिभा मेले के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि नवरंग ग्रामीण प्रतिभा जैसे आयोजन नियमित अंतराल पर किए जाने चाहिए। इससे विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिवान ग्रामीण युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने आयोजकों को प्रतिभा मेला के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। संजय अवस्थी ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए नई योजनाएं कार्यान्वित कर रही है। राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना के विभिन्न घटकों में युवाओं के लिए अनेक अवसर है। संजय अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री के संवेदनशील नेतृत्व में किसानों, बागवानों व पशुपालकों की आर्थिकी में बढोतरी के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए गए है। गाय व भैंस के दूध के न्यूनतम अधिकतम मूल्य में आशातीत वृद्धि की गई है। इस निर्णय से न केवल पशुपालकों को उनके श्रम का उचित मूल्य मिलेगी, बल्कि आर्थिकी में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में दूध के न्यूनतम अधिकतम मूल्य को और अधिक वृद्धि करने पर विचार किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि गत कुछ दिवस मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा दूध प्रोत्साहन योजन तथा परिवहन अनुदान योजना अर्की विधानसभा क्षेत्र से आरंभ की गई है।

उन्होंने कहा कि पशुपालकों को इन योजनाओं से प्रति वर्ष 18.24 करोड़ रुपए के वित्तीय लाभ प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि किसानों व पशुपालकों की आय में वृद्धि के लिए प्रदेश सरकार भविष्य में और बेहतर योजनाएं आरम्भ करेंगे। उन्होंने युवाओं को अधिक से अधिक खेलों में भाग लेने तथा नशे से दूर रहने का आग्रह किया। संजय अवस्थी ने नेहरू युवक क्लब राहू को ओपन जिम निर्माण के बनाने के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने, महिला मण्डल राहू को सामग्री विक्रय के लिए 21 हजार रुपए तथा क्षेत्र में चार बेंच लगवाने की घोषणा की।

**समारोह** डॉ. शांडिल ने ग्राम पंचायत सन्होल में लगभग 19 लाख रुपए के किए लोकार्पण

# मेले, उत्सव व त्योहार हमारी सभ्यता के परिचायक

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय व अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि मेले, उत्सव व त्योहार हमारी सभ्यता के परिचायक हैं। डॉ. शांडिल सोलन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सन्होल के मतीवल में दो दिवसीय मेला श्री विजेश्वर महाराज के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

स्वास्थ्य मंत्री ने इससे पूर्व श्री विजेश्वर महाराज मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा प्रदेशवासियों के सुखी जीवन व समृद्धि की कामना की। डॉ. शांडिल ने ग्राम पंचायत सन्होल के गांव क्यार में 5 लाख रुपए से निर्मित क्यार से राजकीय प्राथमिक विद्यालय टटूल तक एम्बुलेंस मार्ग, कोटीखुर्द गांव के वार्ड नंबर 5 में लगभग 6 लाख रुपए से निर्मित सामुदायिक भवन तथा मतीवल में लगभग 7.75 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक सभागार का लोकार्पण



श्री विजेश्वर महाराज के दौरान विकास कार्य का उद्घाटन करते मंत्री कर्नल शांडिल।

किया। उन्होंने कहा कि मेले युवाओं को संस्कृति और परंपराओं से अवगत करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारी समृद्ध संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं का संस्कृति और परम्पराओं से रू-ब-रू होना आवश्यक है। संस्कृति व परंपराओं का ज्ञान न केवल युवाओं को सही दिशा दिखाने में अहम हैं। वहीं, उन्हें नशे से दूर रहने में भी आवश्यक है। स्वास्थ्य मंत्री ने युवाओं को अपने मानसिक व शारीरिक विकास पर ध्यान केंद्रीत करने को कहा। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बढ़-चढ़ भाग लें। खेल न केवल शारीरिक तौर पर हमें स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक तौर पर एकाग्र भी बनाते हैं। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए जहां विभिन्न कल्याकारी योजनाएं आरंभ की जा रही हैं। वहीं, चिकित्सा संस्थानों में रिक्त पड़े पदों को भी भरा जा रहा है। डॉ. शांडिल ने टटूल क्यार से राजकीय प्राथमिक विद्यालय टटूल तक एंबुलैंस मार्ग के संपूर्ण निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रुपए, सामुदायिक भवन विजेश्वर महाराज मंदिर मतीवल के लिए 5 लाख रुपए, कोटी से अमृत सरोवर तक सड़क निर्माण के लिए 2 लाख रुपए, महिला मण्डल मतीवल में सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपए तथा मेला समिति को ऐच्छिक निधि से 11 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सभी विकास संबंधी मांगों को चरणबद्ध आधार पर पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर कुश्ती व अन्य खेलों का आयोजन भी किया गया। ग्राम पंचायत सन्होल की प्रधान कुसुम लता, ग्राम पंचायत नौणी के प्रधान मदन हिमाचली, ग्राम पंचायत सन्होल के उपप्रधान राकेश शर्मा, सेवानिवृत्त कर्नल संजय शांडिल, मेला समिति के प्रधान जगदीप ठाकुर, कांग्रेस नेता सुशांत ठाकुर, आशु ठाकुर, अंकुर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित रंजन तलवार, खण्ड विकास अधिकारी रमेश शर्मा गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय ग्रामीण इस अवसर पर उपस्थित थे।

## क्लस्टर प्रणाली के विरोध में प्राथमिक शिक्षकों ने हर्षवर्धन चौहान और सोलंकी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, सोलन**



हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा क्लस्टर प्रणाली में किए गए प्रस्तावित बदलावों के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ, जिला सिरमौर, ने रोष व्यक्त किया है। संघ ने अपनी गंभीर चिंताओं को उठाते हुए संसदीय कार्य व उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और स्थानीय विधायक अजय सोलंकी को एक ज्ञापन सौंपा और दोनों नेताओं ने शिक्षकों को आश्वासन दिया कि वे इस विषय पर मुख्यमंत्री सुक्खू से बात करेंगे और समाधान का प्रयास करेंगे।

प्राथमिक शिक्षकों का तर्क है कि वर्तमान में केंद्रीय मुख्य शिक्षक के अधीन प्राथमिक स्तर के क्लस्टर बहुत बेहतर कार्य कर रहे हैं, इसलिए उन्हें बिना किसी कारण प्रिंसिपल के अधीन करना अव्यवस्था पैदा करेगा। संघ का कहना है कि इसी प्राथमिक शिक्षा की बदौलत हिमाचल आज 'असर' सर्वे में तीसरे स्थान पर है और 100 फीसदी साक्षर राज्य बनने का गौरव मिला है। शिक्षकों ने चिंता जताई कि पहाड़ी राज्य हिमाचल में यह बदलाव भौगोलिक रूप से कारगर नहीं होगा और इसके कारण केंद्रीय मुख्य शिक्षक व खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी जैसे पद समाप्त हो जाएंगे, जिससे प्राथमिक अध्यापकों की पदोन्नति पर असर पड़ेगा। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का हवाला देते हुए कहा कि नीति में क्लस्टर को मजबूत करने व कक्षावार अध्यापक नियुक्त करने की बात कही गई थी। संघ ने कहा कि एक प्राथमिक अध्यापक का आठ कक्षाओं को पढ़ाना अपने आप में बड़ी समस्या है। इससे सरकारी स्कूलों पर अभिभावकों का विश्वास उठ रहा है। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री जल्द हस्तक्षेप कर क्लस्टर प्रणाली के नए आदेशों को वापस लें। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांग पूरी नहीं होती हैं, तो जल्द ही जिला और राज्य स्तर पर रोष प्रदर्शन किया जाएगा।




## न्यूज ब्रीफ

### परीक्षा के लिए कोचिंग कार्यक्रम 30 से

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक के यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर कॉम्पिटिटिव एग्जामिनेशन (यूसीईसी) द्वारा यूजीसी-नेट/जेआरएफ दिसंबर 2025 परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग कार्यक्रम 30 अक्तूबर से प्रारंभ किया जाएगा। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 29 अक्तूबर तक पंजीकरण कर सकते हैं।

### आज बिजली संबंधी शिकायतों की होगी सुनवाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम सर्कल फोरम पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन व सदस्य मंच की कार्रवाई आज पंचकूला में की जाएगी। इस दौरान केवल पंचकूला जिले के उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।

### एमडीयू ने परीक्षा परिणाम जारी किया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक ने मई 2025 में आयोजित एमएससी गणित सीडीओई तथा एमएससी गणित सीडीओई ऑनलाइन मोड के तीसरे सेमेस्टर की री अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### बाढ़ राहत के लिए चैरिटी को दिए 31 लाख

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब मंडी बोर्ड सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ, जो कि पंजाब मंडी बोर्ड के 2,700 से अधिक पेंशनभोगियों का पंजीकृत संगठन है। संघ ने अपने 450 सक्रिय व्हाट्सएप सदस्यों के नेटवर्क के माध्यम से सामूहिक रूप से 33 लाख से अधिक की राशि एकत्र की, ताकि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को सहयोग दिया जा सके। धनराशि के पारदर्शी और सार्थक उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए एक 11 सदस्यीय समिति का गठन किया गया, जिसने प्रभावित इलाकों की स्थिति का जायजा लेकर विश्वसनीय संगठनों की पहचान की। आंतरिक विचार-विमर्श के बाद समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 31 लाख की राशि ग्लोबल सिख चैरिटी को दी जाए।

# गुरु परंपरा से प्रेरित होकर सेवा भाव से सर्व समाज के कल्याण के कार्य कर रही सरकार : नायब सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सोमवार को ग्लोबल पंजाबी एसोसिएशन की ओर से प्रतिष्ठित शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके प्रेरणादायी नेतृत्व, सामाजिक सौहार्द के प्रति प्रतिबद्धता और हरियाणा के सिख समुदाय के कल्याण के लिए किए गए सतत प्रयासों की सराहना स्वरूप प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ के सेक्टर 18 स्थित टैगोर थियेटर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्री गुरु तेग बहादुर जी को नमन करते हुए कहा कि आज का यह अवसर मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायी और हृदयस्पर्शी है। जब हम हिंद की चादर नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर आधारित पुस्तक के विमोचन के साक्षी बने हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ग्लोबल पंजाबी एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक डॉ. इकबाल सिंह लालपुरा द्वारा लिखित हिंदी पुस्तक तिलक जंजू का राखा का विमोचन किया। यह पुस्तक




सिखों के नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, यात्राओं और अद्वितीय सर्वोच्च बलिदान का गहन शोधपूर्ण वृत्तांत है।

श्री गुरु तेग बहादुर जी ने मानवता की रक्षा और धर्म की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के इतिहास में श्री गुरु तेग बहादुर जी, एक ऐसा नाम हैं, जिन्होंने मानवता की रक्षा और धर्म की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए। जिस समय भारत में औरंगजेब का शासन था और हालात इतने नाजुक थे कि गुरु गद्दी पर बैठना शहंशाह से शत्रुता मोल लेना था। ऐसे संकट के समय में श्री गुरु तेग बहादुर जी ने निर्भीकता का परिचय देते हुए गुरु पद पर सेवा करना स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब औरंगजेब अपने जोर-जुल्म के बल पर हिंदुओं को मुसलमान बनाने पर तुला था। उसने हिंदुओं के मंदिर ध्वस्त कर देने के आदेश जारी किए और नए मंदिरों के निर्माण पर पाबंदी लगा दी। जब कश्मीरी पंडितों को इस अन्याय का सामना करना पड़ा तो वे अपने धर्म की रक्षा के लिए श्री गुरु तेग बहादुर जी की शरण में आए। उनकी व्यथा सुनकर गुरु जी ने कहा कि यदि कोई महापुरुष अपना बलिदान दे तभी आपका धर्म बच सकता है। यह सुनकर 9 वर्ष के बालक गोबिंद राय (श्री गुरु गोबिंद सिंह जी) ने कहा कि 'पिता जी, आपसे बड़ा महापुरुष और कौन हो सकता है। आप अपना ही बलिदान क्यों नहीं देते।

## बैंक एम्पैनलमेंट नीति में किया संशोधन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य में सरकारी लेनदेन का काम करनेवाले बैंकों की एम्पैनलमेंट (पैनल में शामिल करने) संबंधी नीति में महत्वपूर्णबदलाव किए हैं। मुख्य सचिव श्री अनुरागरस्तोगी,जिनके पास वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का दायित्व भी है,द्वारा इस सम्बन्ध में संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। संशोधित नीति के अनुसार,वित्त विभाग ने उन बैंकों (छोटे वित्तीय बैंकों को छोड़कर) के लिए 50 करोड़ रुपये की जमा सीमा समाप्त कर दी है, जिन्हेंपहली बार राज्य सरकार के साथ एम्पैनल किया गया है। अब ऐसे बैंक राज्य सरकार के साथपहले से एम्पैनल अन्य बैंकों के समान माने जाएंगे। स्मॉल फाइनेंस बैंकों केलिए,किसी एक विभाग और किसी एक बैंक के साथ अनुमत जमा सीमा को 25 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये कर दिया गया है।पिछले परिपत्र में वर्णित अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी। वर्तमान में कुल 28बैंक राज्य सरकार के साथ सरकारी लेनदेन हेतु एम्पैनल किए गए हैं।

# जापान दौरा निवेश की दृष्टि से रहा अत्यंत सफल : राव नरबीर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के साथ हाल ही में संपन्न हुआ जापान दौरा निवेश की दृष्टि से अत्यंत सफल रहा है। इस दौरान लगभग पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के लिए कई प्रमुख जापानी कंपनियों के साथ 10 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह दौरा हरियाणा में कृषि और पर्यावरणीय क्षेत्रों में एक नए युग की शुरुआत करेगा।

राव नरबीर सिंह ने कहा कि जापान की सबसे बड़ी विशेषता उसकी वचनबद्धता और कार्यसंस्कृति है, वहां की कंपनियां जो वायदा करती हैं, उसे निर्धारित समय में पूरी निष्ठा से धरातल पर उतारती हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में जापानी निवेश का यह सिलसिला नया नहीं है। वर्ष 1980 में जब वे पहली बार मंत्री बने थे, तभी मारुति उद्योग लिमिटेड ने पुराना गुरुग्राम में अपनी पहली इकाई स्थापित की थी। आज प्रदेश में 500 से अधिक जापानी कंपनियां सक्रिय हैं, जो हरियाणा की औद्योगिक प्रगति में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि कुबोटा ट्रैक्टर कंपनी हरियाणा के कृषि विकास में अपनी अहम भूमिका निभाएगी, जबकि पर्यावरणीय क्षेत्र में ग्रीन एनर्जी, इलेक्ट्रिक वाहन, स्मार्ट मोबिलिटी, ग्रीन बिल्डिंग और सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से शहरों का विकास होगा और नागरिकों की जीवन गुणवत्ता में सुधार आएगा।

उन्होंने बताया कि जापान दौरे के दौरान एआईएसआईएन, एयर वाटर, टीएएसआई, नम्बूब, डेंसो, सोजित्ज, निसिन, कावाकिन, डाइकिन और टोप्पन जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ हुए समझौतों से हजारों युवाओं के लिए रोजगार सृजन के नए अवसर खुलेंगे। राव नरबीर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अपने वर्ष 2025-26 के बजट अभिभाषण में 10 नए इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) विकसित करने की घोषणा की थी, जिनमें से पांच को पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है। सरकार की योजना है कि इनमें से एक आईएमटी विशेष रूप से जापानी कंपनियों के सहयोग से विकसित की जाए।

## एशियाई युवा खेल : भारतीय दल का एमथ्रीएम फाउंडेशन व क्रीड़ा भारती ने किया अभिनंदन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

एमथ्रीएम फाउंडेशन ने क्रीड़ा भारती के सहयोग से रविवार को बहरीन में होने वाले आगामी एशियाई युवा खेल 2025 में भाग लेने वाले 357 सदस्यीय भारतीय दल के लिए अभिनंदन एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया।

नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में आयोजित यह समारोह भारत की युवा खेल प्रतिभाओं और उनके अदम्य साहस का एक जीवंत उत्सव था, क्योंकि ये वैश्विक मंच पर राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक वीडियो संदेश में दल को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। यह कार्यक्रम विजयी भव आंदोलन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जो मिशन 2036 के अनुरूप युवा एथलीटों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित एक प्रेरक पहल है। कार्यक्रम के दौरान, विजयी भव गान का भी आधिकारिक रूप से शुभारंभ किया गया, जिसने दर्शकों और एथलीटों में ऊर्जा भरी। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के खेल मंत्री गौरव गौतम, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य पीटी उषा, एमथ्रीएम फाउंडेशन की अध्यक्ष और ट्रस्टी डॉ. पायल कनोडिया, क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय महासचिव प्रसाद महंकर, क्रीड़ा भारती के अखिल भारतीय संयोजक रामानंद, ओलंपिक पदक विजेता और एशियाई युवा खेल के लिए भारतीय दल के मुख्य मिशन योगेश्वर दत्त और एमथ्रीएम फाउंडेशन की अध्यक्ष और प्रबंध ट्रस्टी डॉ. ऐश्वर्या भी उपस्थित थे। हरियाणा के खेल मंत्री गौरव ने कहा, मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने और प्रतिभाओं को निखारने के लिए राज्य की निरंतर प्रतिबद्धता पर जोर दिया जा रहा है।

# अधिगम परिणामों की सघन निगरानी के निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव, एच राजेश प्रसाद, आईएएस ने आज स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों, नीतियों के क्रियान्वयन और चल रहे शैक्षिक सुधारों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर शिक्षा सचिव, सुश्री प्रेरणा पुरी, आईएएस और निदेशक, स्कूल शिक्षा, श्री हरसुहिंदर पाल सिंह बराड़, आईएएस ने साक्षरता, अवसंरचना, नवाचार तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन से संबंधित प्रगति पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

मुख्य सचिव ने विभाग के स्कूल अवसंरचना सुदृढ़ीकरण तथा प्रशासनिक प्रणाली में सुधार के प्रयासों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने विभाग को सभी चल रहे परियोजनाओं को समय पर पूरा



करने और विशेष रूप से अधिगम परिणामों की प्रभावी निगरानी पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने विद्यालयों में बालिकाओं के तुलनात्मक रूप से कम नामांकन पर चिंता व्यक्त की और विभाग को सामुदायिक जागरूकता और पहुंच कार्यक्रमों को और सशक्त करने के निर्देश दिए, ताकि शिक्षा में बालिकाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने शिक्षकों के रिक्त पद शीघ्र भरने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे शिक्षण प्रक्रिया की निरंतरता और गुणवत्तापूर्ण अधिगम बना रहे। जैसे-जैसे दीपावली का त्यौहार निकट आ रहा है, यूटी चंडीगढ़ स्वास्थ्य विभाग ने शहर भर में बड़े पैमाने पर निरीक्षण अभियान प्रारंभ किया है, ताकि त्योहारी खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस पहल का उद्देश्य खाद्य मिलावट को रोकना है, विशेषकर मिठाइयों और अन्य लोकप्रिय त्योहारी व्यंजनों में।

## डॉ. नीरज इमर्जिंग स्टार इन रीनल ट्रांसप्लांट एक्सीलेंस से नवाजे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अल्केमिस्ट हॉस्पिटल, पंचकूला में यूरोलॉजी के एसोसिएट डायरेक्टर एंड चीफ किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन, डॉ. नीरज गोयल, को नई दिल्ली में स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन 2025 के दौरान रीनल ट्रांसप्लांट एक्सीलेंस में 'इमर्जिंग स्टार इन रीनल ट्रांसप्लांट एक्सीलेंस' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार इस रीजन से किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन के लिए पहली ऐसी राष्ट्रीय मान्यता है। डॉ गोयल को रीजन में किडनी ट्रांसप्लांटेशन कार्यक्रम की स्थापना और उसे आगे बढ़ाने में उनके अग्रणी प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। अपने करियर के दौरान, डॉ गोयल ने 1000 से अधिक किडनी ट्रांसप्लांटेशन किए हैं।

## देश-विदेश

### गाजा में हमास और डोगमूश कबीले के लड़ाकों में झड़प

# हमास लीडर के बेटे समेत 64 की मौत

**एजेंसी, गाजा सिटी**

**गाजा** सिटी में हमास और डोगमूश कबीले के बीच हुई झड़प में 64 लोग मारे गए हैं। इनमें 52 डोगमूश और 12 हमास लड़ाके शामिल हैं। हमास के टेलीग्राम चैनल के मुताबिक हमास के सीनियर अधिकारी बासेम नैम का बेटा भी झड़प में मारा गया। दु

झड़प में एक फिलिस्तीनी पत्रकार की भी गोली लगने से मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हिंसा उस समय भड़की जब हमास के लड़ाकों ने सब्रा इलाके में कबीले के ठिकानों पर हमला किया। डोगमूश कबीले ने आरोप लगाया कि हमास ने सीजफायर का फायदा उठाकर उन्हें निशाना बनाया। हमास ने चेतावनी दी है कि जो मिलिशिया में और अपराधी खूनखराबे में शामिल नहीं हैं, वे अगले रविवार तक आत्मसमर्पण कर सकते हैं, अन्यथा उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी। डोगमूश नाम की उत्पत्ति तुर्किश मूल की बताई जाती है। इसका मतलब होता है-तुर्किये में जन्म हुआ। कहा जाता है कि डोगमूश कबीला 20वीं सदी की शुरुआत में पलायन कर गाजा पहुंचा था। यह कबीला गाजा सिटी के सब्रा और तेल अल-हवा में बसा हुआ है। डोगमूश गाजा के बड़े घरानों में गिना जाता है। डोगमूश पर अलकायदा के करीबी होने का आरोप लगता है। इस कबीले पर ब्रिटिश पत्रकार एलन जॉनस्टन और इजराइली कैदी गिलाश शालिद के अपहरण में शामिल होने का आरोप है। (अनंत ज्ञान)

# हमास ने 20 इसराइली बंधक किए रिहा इसराइल भी 250 फिलिस्तीनी कैदी छोड़ेगा

**एजेंसी, गाजा**

**हमास** ने सभी 20 इसराइली बंधकों को रिहा कर दिया है। इन्हें 7 और 13 के दो बैच में छोड़ा गया। हमास ने इन्हें रिहा कर रेडक्रॉस को सौंपा। इसके बाद इसराइली सेना के हवाले किया गया। सभी बंधक इसराइल पहुंच चुके हैं। हमास के पास अब कोई भी जिंदा इसराइली बंधक नहीं है।



हमास 28 इसराइली शवों को भी सौंपेगा। इसके बदले में इसराइल भी 250 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इसराइली सेना ने कहा कि इसके लिए जरूरी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इसराइल पहुंचे हैं। खुद बेंजामिन नेतन्याहू उन्हें रिसीव करने बेन गुरियन एयरपोर्ट पहुंचे। (अनंत ज्ञान)

# केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी बोले मैं इस्तीफा देना चाहता हूं

**एजेंसी, कुन्नूर।** केंद्रीय मंत्री और केरल के त्रिशूर से भाजपा सांसद सुरेश गोपी ने पद से इस्तीफा देने की इच्छा जताई है। उन्होंने रविवार को कन्नूर में एक कार्यक्रम में कहा कि मैं अपना एक्टिंग करियर दोबारा शुरू करना चाहता हूं, मुझे ज्यादा इनकम की जरूरत है, मंत्री बनने के बाद मेरी कमाई पूरी तरह से रुक गई है। गोपी ने कहा कि मैंने कभी मंत्री बनने की प्रार्थना नहीं की, चुनावों से एक दिन पहले भी मैंने पत्रकारों से कहा था कि मैं मंत्री नहीं बनना चाहता, मैं अपने सिनेमा में बना रहना चाहता हूं। मेरी जगह राज्यसभा सांसद सी. सदानंदन मास्टर को केंद्रीय मंत्री बनाया जाए। गोपी ने कहा कि केरल से पहला भाजपा सांसद होने के कारण पार्टी ने मुझे मंत्री बनाने का फैसला लिया। गोपी वर्तमान में केंद्र में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री और पर्यटन मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## रेलवे ने दिवाली-छठ पूजा पर 30 लाख बर्थ बढ़ाईं

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने दिवाली और छठ पूजा पर घर जाने वाले यात्रियों को तोहफा दिया है। अब इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन पर टिकट बुक करवाते समय कोच 'रिग्रेट' (बुकिंग बंद) का स्टेटस नहीं दिखेगा। रेलवे ने करीब 30 लाख बर्थ बढ़ा दी हैं। टिकटों की बढ़ती मांग को देखते हुए उत्तर रेलवे ने उन ट्रेनों में कोच बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जहां 'रिग्रेट' स्टेटस मिलने की संभावना है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया, स्टेटस 'रिग्रेट' को लेकर पायलट प्रोजेक्ट चल रहा है। रेलवे अधिकारी के मुताबिक, इसका फिलहाल अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। कहीं-कहीं टिकट बुकिंग में परेशानी हो रही है, जिस पर काम हो रहा है। ट्रेनों में 3000 अतिरिक्त कोच जोड़े गए हैं, जिसकी संख्या यात्रियों की भीड़ को देखते हुए बढ़ाया भी जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

## ताजमहल में साउथ गेट के पास लगी आग

**एजेंसी, आगरा।** आगरा के विश्वप्रसिद्ध ताजमहल से आग की घटना सामने आई है। दरअसल ताजमहल के साउथ गेट के पास अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई, जिससे धुएं के गुब्बार उठने लगे। इस घटना से वहां मौजूद पर्यटक कुछ देर के लिए डर गए। हालांकि तुरंत पावर कंपनी को सूचित कर बिजली सप्लाई को बंद किया गया और स्थिति पर काबू पाया गया। इस दौरान ताजमहल की संरचना को कोई नुकसान नहीं हुआ है। (अनंत ज्ञान)

## ममता बनर्जी ने भूटान से मांगा मुआवजा

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को उत्तर बंगाल में आई बाढ़ के लिए पड़ोसी देश भूटान को जिम्मेदार ठहराते हुए मुआवजे की मांग की है। उन्होंने दावा किया कि भूटान से आने वाली पानी के कारण उत्तर बंगाल के कई जिलों में बाढ़ आई और व्यापक नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री बनर्जी उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के नागराकाटा क्षेत्र में राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा के लिए पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि भूटान से पानी आने के कारण हमें भारी नुकसान उठाना पड़ा है। हम चाहते हैं कि वे इसका मुआवजा दें। (अनंत ज्ञान)

## शिवसेना यूबीटी नेता संजय अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र के शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत की सोमवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई और उन्हें तत्काल भांडुप स्थित फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल संजय राउत की हालत स्थिर है। संजय परकार वार्ता के बाद असहज महसूस करने लगे। इसके बाद तत्काल उनको फोर्टिस अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। (अनंत ज्ञान)

## दक्षिण अफ्रीका में सड़क हादसे में 42 लोग मरे

**एजेंसी, प्रिटोरिया।** दक्षिण अफ्रीका के उत्तर में एक पर्वतीय क्षेत्र में हुई बस दुर्घटना में कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने सोमवार को इस हादसे के बारे में जानकारी दी है। दुर्घटना राजधानी प्रिटोरिया से लगभग 400 किलोमीटर उत्तर में लुई ट्रिचर्ड शहर के पास हा राजमार्ग पर हुई है। सड़क यातायात प्रबंधन निगम के प्रवक्ता साइमन जवाने ने पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान में पुलिस फायरिंग में 250 की मौत का दावा

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में गाजा पीस प्लान को समर्थन देने के खिलाफ पिछले पांच दिनों से प्रदर्शन जारी है। पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टी तहरीक-ए-लब्बैक ने दावा किया है कि पुलिस की फायरिंग में अब तक उनके 250 से ज्यादा कार्यकर्ता और नेता मारे गए हैं, जबकि 1,500 से अधिक घायल हुए हैं।

**गाजा पीस डील के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे, 1500 लोग घायल**

दरअसल, पाकिस्तान सरकार ने ट्रम्प के पीस प्लान का समर्थन किया है। इसे लेकर कई पार्टियां नाराज हैं। टीएलपी चीफ साद हुसैन रिजवी विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने सरकार विरोधी, गाजा समर्थक और इजराइल विरोधी अभियान के तहत लाहौर से इस्लामाबाद तक लंबा मार्च



किया। मार्च के दौरान रिजवी को भी 3 गोली लगी है। पार्टी के प्रवक्ता के मुताबिक, रिजवी की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें पास के एक मेडिकल सेंटर ले जाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना कहां हुई या कितने लोग मरे हैं, इस बारे में अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। टीएलपी प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तानी पंजाब के कई हिस्सों में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और झड़पें जारी हैं। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका के पोर्टलैंड में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन

**एजेंसी, पोर्टलैंड**

**ट्रंप** प्रशासन के खिलाफ अमेरिका के पोर्टलैंड में लोगों ने अनोखा विरोध किया। सैकड़ों लोग बिना कपड़ों या बेहद कम कपड़ों में साइकिल लेकर सड़कों पर उतर आए। बारिश और ठंड के बीच यह रैली 'वर्ल्ड नेकेड बाइक राइड' के तहत निकाली गई। यह सालाना राइड आमतौर पर गर्मियों में होती है, लेकिन इस बार इसे ट्रंप के नेशनल गार्ड भेजने फैसले के विरोध में निकाला गया। ट्रंप ने विरोध प्रदर्शनों को शांत करने के लिए नेशनल गार्ड भेजने की बात कही थी। रैली में शामिल 51 साल की जेनीन किंग ने कहा कि हम नहीं चाहते कि हमारे शहर में सैनिक आएं, यह पोर्टलैंड का तरीका है, विरोध जताने का।

**लोगों ने बिना कपड़ों के साइकिल रैली निकाली**

साइकिल सवार (इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट) दफ्तर तक पहुंचे। ठंड और बारिश के बावजूद कई लोग बिना कपड़ों के साइकिल चलाते दिखे। पोर्टलैंड में 2004 से हर साल यह नेकेड बाइक राइड होती है और अब यह शहर की पहचान बन चुकी है। (अनंत ज्ञान)

# शिक्षा कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं बननी चाहिए : राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने कहा कि शिक्षा की शुरुआत जिज्ञासा और खुलकर सोचने से होती है। हमें ऐसा माहौल चाहिए, जहां बच्चे बिना किसी डर या दबाव के सवाल पूछ सकें। शिक्षा कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं होनी चाहिए, क्योंकि यह स्वतंत्रता की असली नींव है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को सीखने और सोचने की आजादी मिलनी चाहिए। ये केवल अमीर या कुछ लोगों तक सीमित न रहे। भारत को लोकतांत्रिक माहौल में आगे बढ़ने वाली एक नई मैन्युफैक्चरिंग व्यवस्था बनानी होगी। इसके लिए अमेरिका या पेरू जैसे देशों के साथ साझेदारी फायदेमंद हो सकती है। कांग्रेस ने एक्स पर राहुल गांधी के दक्षिण अमेरिकी देश पेरू की पॉन्टिफिकल कैथोलिक यूनिवर्सिटी और चिली यूनिवर्सिटी में छात्रों के साथ हुई बातचीत का 12 मिनट 19 सेकेंड का वीडियो शेयर किया। इसमें शिक्षा, लोकतंत्र और दुनिया की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा हुई। दरअसल, राहुल गांधी पिछले दिनों 10 दिन की दक्षिण अमेरिकी देशों कोलंबिया, ब्राजील, पेरू और चिली की यात्रा पर थे। उन्होंने कई यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रमों शामिल होकर भारत और विश्व की राजनीति, शिक्षा समेत दूसरे मुद्दों पर चर्चा की। (अनंत ज्ञान)

# एनसीबी की बड़ी कार्रवाई, 50 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त

**एजेंसी, बेंगलुरु**

**नारकोटिक्स** कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक श्रीलंकाई सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर 50 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध ड्रग्स जब्त की है। जब्त किए गए मादक पदार्थ में 45.4 किलोग्राम हाइड्रो गांजा और 6 किलोग्राम साइलोसाइबिन मशरूम शामिल हैं।

एनसीबी, बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई, काफी समय से थाईलैंड से हाइड्रोपोनिक गांजा की तस्करी में शामिल ड्रग कार्टेल के बारे में खुफिया जानकारी जुटा रही थी। एनसीबी ने कहा कि एक प्रयास के



तहत कोलंबो से बेंगलुरु आ रहे दो लोगों को रोका गया और उनके पास से 31.4 किलोग्राम हाइड्रो गांजा और 4 किलोग्राम साइलोसाइबिन मशरूम जब्त किए गए। उनसे पूछताछ में पता चला कि उनका हैंडलर, जो एक श्रीलंकाई है, बाद की एक उड़ान से आ रहा है, जिस पर इस श्रीलंकाई हैंडलर को भी पहचान कर ली गई और उसे 14 किलोग्राम हाइड्रो गांजा और 2 किलोग्राम साइलोसाइबिन मशरूम के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। जब्त की गई ड्रग्स को खाने के लगभग 250 डिब्बों में छिपाया गया था, जिन्हें पता न चल सके, इसके लिए वैक्यूम सील कर दिया गया था। एजेंसी ने बताया कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान और उन्हें पकड़ने के लिए आगे की जांच जारी है। एनसीबी ने कहा कि हाइड्रोपोनिक गांजा अपने उच्च मनोवैज्ञानिक प्रभाव के कारण एक विशिष्ट पार्टी ड्रग बन गया है, और कई युवा थाईलैंड से इस प्रतिबंधित पदार्थ को लाने के लिए ख्वाहर बनने को तैयार हैं। (अनंत ज्ञान)

# द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने के रोडमैप पर सहमत हुए भारत-कनाडा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और कनाडा सोमवार को द्विपक्षीय संबंधों को दोबारा मजबूती देने के लिए रोडमैप पर सहमत हुए हैं। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की वार्ता के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि मौजूदा वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के संदर्भ में एक मजबूत और लचीला भारत-कनाडा द्विपक्षीय संबंध आवश्यक है। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने सोमवार को अपनी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद के साथ दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं की वार्ता के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि दोनों देशों ने संबंधों को दोबारा गति देने के लिए पहले कुछ कदम उठाए थे। अब दोनों पक्षों ने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति आपसी सम्मान, कानून के शासन और संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता के आधार पर भारत-कनाडा संबंधों के लिए एक नए रोडमैप पर आम सहमति बनाई है। इसके तहत दोनों देश आज की आर्थिक वास्तविकताओं और अपने देश की रणनीतिक प्राथमिकताओं से प्रेरित द्विपक्षीय व्यापार और निवेश पर मंत्रिस्तरीय चर्चा शीघ्र ही शुरू करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### हम 20 रन पीछे रह गए : मजूमदार

**एजेंसी, विशाखापट्टनम।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला वनडे विश्व कप का अपना सर्वोच्च स्कोर 330 रन बनाने के बावजूद तीन विकेट से मिली हार के बाद भारतीय टीम के कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि अच्छी शुरूआत के साथ बेहतर 'फिनिश' भी जरूरी है और मेजबान टीम 20 रन पीछे रह गई। स्मृति मंधाना (80) और प्रतिका रावल (75 ) के बीच पहले विकेट के लिये 155 रन की साझेदारी की मदद से भारत ने गत चैम्पियन के खिलाफ 330 रन बनाये लेकिन आखिरी छह विकेट महज 36 रन पर गंवाने का खामियाजा भुगतना पड़ा। आस्ट्रेलिया ने कप्तान एलिसा हीली के 107 गेंद में 142 रन की मदद से भारत को छह गेंद बाकी रहते तीन विकेट से हरा दिया। (अनंत ज्ञान)

### एशेज टेस्ट में खेलने की संभावना कम: पैट

**एजेंसी, सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने संकेत दिया है कि इंग्लैंड के खिलाफ 21 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही एशेज सीरीज के पहले टेस्ट में उनके खेलने की संभावना कम है। कमिंस फिलहाल अपनी कमर की चोट से उबरने की प्रक्रिया में हैं और उन्होंने हाल ही में दौड़ना शुरू किया है। सितंबर की शुरुआत में कमिंस की कमर में लंबर बोन स्ट्रेस की समस्या सामने आई थी। तब से उन्होंने एक भी गेंद नहीं फेंकी है। वह आखिरी बार जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेले थे। सोमवार को सिडनी में फॉक्स क्रिकेट सीजन लॉन्च इवेंट में कमिंस ने कहा कि मैं कहूंगा कि पहले टेस्ट में खेलने की संभावना कम है। लेकिन अभी थोड़ा समय बाकी है। मैं आज दौड़ रहा हूं और हर दूसरे दिन रनिंग कर रहा हूं। अगले हफ्ते से बॉलिंग की तैयारी शुरू होगी। शायद दो हफ्तों में फिर से स्पाइक्स पहनकर नेट्स में उतरूं। टेस्ट खेलने के लिए शरीर को पूरी तरह तैयार करने में कम से कम एक महीने का समय चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### हमारी रणनीति रही कारगर : हीली



**एजेंसी, विशाखापट्टनम।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने खुलासा किया कि उनके बल्लेबाजों ने पिच से बाएं हाथ की स्पिनर चरणी को मिल रही मदद को देखते हुए भारतीय तेज गेंदबाजों को निशाना बनाया और कहा कि मेजबान टीम के सीमित गेंदबाजी विकल्पों ने भी उनके लिए चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को हासिल करना आसान बना दिया। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां महिला वनडे विश्व कप मैच में 331 रन के रिकार्ड लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए तीन विकेट से जीत हासिल की, जिसमें हीली ने 107 गेंदों पर 142 रन की शानदार पारी खेली। हीली और अन्य ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने भारत के तेज गेंदबाजों क्रांति गौड़ और अमनजोत कौर को निशाना बनाया जिससे भारतीय टीम प्रबंधन की पांच गेंदबाजों के साथ खेलने की रणनीति की नाकामी उजागर हो गई। गौड़ ने नौ ओवर में 73 रन जबकि कौर ने नौ ओवर में 68 रन दिए। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय खिलाड़ियों के साथ टकराव से बचें

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने अपनी राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को सलाह दी है कि वे मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों के साथ किसी भी तरह के टकराव से बचें और मंगलवार को मलेशिया के जोहर बाहरू में सुल्तान जोहोर कप मैच के दौरान सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें। पहलगाम में आतंकी हमले के मद्देनजर भारतीय क्रिकेट टीम ने हाल ही में संपन्न एशिया कप के मैचों के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था, जिसमें फाइनल भी शामिल था। इससे विवाद पैदा हो गया था और पाकिस्तान ने एशियाई क्रिकेट परिषद और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में विरोध दर्ज कराया था। (अनंत ज्ञान)

# श्रीलंका के खिलाफ अपनी लय बरकरार रखने उतरेगा न्यूजीलैंड

## श्रीलंका टीम अभी तक नहीं जीत पाई एक भी मैच, घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की होगी कोशिश

**एजेंसी, कोलंबो**

**पिछले** मैच में जीत से उत्साहित पूर्व चैंपियन न्यूजीलैंड मंगलवार को आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के अहम मैच में सह-मेजबान श्रीलंका से भिड़ेगा, तो उसकी कोशिश अपनी लय बरकरार रखना होगा।

दूसरी तरफ श्रीलंका अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाया है और उसकी टीम घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। न्यूजीलैंड की टीम 2000 की चैंपियन है, लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसे अपने पहले दो मैच में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बाद वह बांग्लादेश को हराकर अपना अभियान पटरी पर लाने में सफल रही। न्यूजीलैंड की टीम अभी अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। उसने तीन मैचों में दो अंक हासिल किए हैं और उसका नेट रन रेट -0.245 है, जिसे वे सुधारना चाहेंगे। कप्तान सोफी डिवाइन ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने तीन पारियों में 86.66 की औसत से रन बनाए हैं। उनकी संयमित पारी और पांचवें नंबर की बल्लेबाज ब्रुक हॉलिडे के दमदार प्रदर्शन ने बांग्लादेश के खिलाफ टीम को जीत दिलाने में मदद की। न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है, जो उसके लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। अनुभवी सूजी बेट्स, जॉर्जिया प्लिमर और अमेलिया केर को अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में संघर्ष करना पड़ा है, जिससे अधिकांश जिम्मेदारी डिवाइन के कंधों पर आ गई है। उन्हें अपनी लय हासिल करनी होगी और श्रीलंका के स्पिन आक्रमण के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा, विशेषकर उस पिच पर जिसमें टर्न मिलने की उम्मीद है। आर प्रेमदासा स्टेडियम में इस विश्व कप में अब तक चार मैच पूरे हो चुके हैं, जिसमें पहली पारी का औसत स्कोर 205 रन रहा है। स्पिनरों ने इस मैदान पर अपना दबदबा बनाया है और 41 विकेट लिए हैं जो तेज गेंदबाजों से 14 अधिक हैं। जहां तक श्रीलंका का सवाल है तो उसे सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए अब हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। चमारी अटापट्टू की अगुवाई वाली टीम के खाते में तीन मैचों में एक अंक है, जो गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच बारिश की भेंट चढ़ने के कारण है। वह केवल पाकिस्तान से आगे सातवें स्थान पर है। श्रीलंका की टीम बल्लेबाजी में अपनी कप्तान अटापट्टू पर बहुत अधिक निर्भर है और अगर उसे जीत हासिल करनी है तो उसके अन्य बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। श्रीलंका की टीम को क्षेत्ररक्षण में भी काफी सुधार करना होगा, क्योंकि पिछले मैचों में कई कैच छूटने और खराब फील्डिंग के कारण उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा है। (अनंत ज्ञान)

**संभावित टीमें**

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, देवमी विहंगा, पिउमी वाथसाला, इनोका राणावीरा, सुगंधिका कुमारी, उदेशिका प्रबोदानी, मल्की मदारा, अचिनी कुलसुरिया।

**न्यूजीलैंड:** सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, ईडन कार्सन, फ्लोरा डेवोनशायर, इज़ी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, ब्री इलिंग, पॉली इंगलिस, बेला जेम्स, मेली केर, जेस केर, रोज़मेरी मैयर, जॉर्जिया प्लिमर, ली ताहुहु।

आज दोपहर 3 बजे से मैच

# डेनमार्क ओपन : सात्विक-चिराग की नजरें सत्र के पहले खिताब पर

**एजेंसी, ओडेंसे**



**सात्विकसाईराज** रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 950,000 डॉलर इनामी डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में देश के अभियान की अगुवाई करते हुए अपने शानदार प्रदर्शन को खिताब में बदलने की कोशिश करेंगे।

इस छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी का पहला मुकाबला स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर ग्रिमली और मैथ्यू ग्रिमली से होगा। सात्विक और चिराग इस सत्र में भारत के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन अभी तक खिताब नहीं जीत पाए हैं। उन्होंने इस सत्र में हांगकांग और चाइना मास्टर्स सुपर 750 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। इस जोड़ी ने पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक भी जीता और कई अन्य टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई।

पुरुष एकल में विश्व के 28वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी और विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज लक्ष्य सेन का सामना आयरलैंड के नहत गुयेन से होगा। महिला एकल में युवा अनमोल खरब का सामना अपने पहले मुकाबले में इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा। पुरुष युगल में पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक का सामना पहले दौर में चीनी ताइपे के लियू कुआंग हेंग और यांग पो हान से होगा। महिला युगल में रुतपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा का मुकाबला स्कॉटलैंड की जूली मैकफर्सन और सियारा टोरेंस से, जबकि कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी का बुल्गारिया की गैब्रिएला और स्टेफनी स्टोएवा से होगा। मिश्रित युगल में मोहित और लक्षिता जगलान, रोहन कपूर और रुथविका शिवानी तथा ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ियां अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगी। (अनंत ज्ञान)

## एशेज से पहले भारत के खिलाफ खेलना महत्वपूर्ण : मिशेल मार्श

**एजेंसी, सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम के कप्तान मिशेल मार्श का मानना है कि विश्व की नंबर एक टीम भारत से मुकाबला इस साल के अंत में होने वाली एशेज श्रृंखला से पहले काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। ऑस्ट्रेलिया 19 अक्तूबर से शुरू होने वाले तीन एकदिवसीय मैचों के लिए भारत की मेजबानी करेगा, जिसके बाद पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेली जाएगी। मार्श 50 ओवरों के नियमित कप्तान और पीठ की चोट से उबर रहे पैट कमिंस की अनुपस्थिति में वनडे टीम का भी नेतृत्व करेंगे। फॉक्सस्पोर्ट्स डॉट कॉम डॉट एयू ने मार्श के हवाले से कहा कि 'हमारे सभी खिलाड़ी एशेज के लिए तैयारी कर रहे हैं, लेकिन सभी को भारत के खिलाफ खेलना पसंद है।' उन्होंने कहा, 'हमारे बीच शानदार प्रतिद्वंद्विता है और एक टीम के तौर पर हम उनके लिए बहुत सम्मान रखते हैं। मुझे लगता है कि एशेज सीरीज़ से पहले भारत के खिलाफ खेलने का यह बिल्कुल सही समय है। यह बहुत बड़ा मुकाबला होने वाला है।' एकदिवसीय श्रृंखला में रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी होगी। दोनों आखिरी बार फरवरी में भारत की तरफ से खेले थे। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे का दूसरा और तीसरा वनडे मैच 23 और 25 अक्तूबर को क्रमश: एडिलेड और सिडनी में खेले जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# शोरना अख्तर ने लगाई सबसे तेज फिफ्टी

## महिला वर्ल्ड कप: बांग्लादेश ने दिया 232 रन का टारगेट, साउथ अफ्रीका की मलाबा को मिले 2 विकेट

**एजेंसी, विशाखापट्टनम**



**महिला** वनडे वर्ल्ड कप के 14वें मैच में बांग्लादेश ने साउथ अफ्रीका को 233 रन का टारगेट दिया। डॉ. वायएस राजशेखर स्टेडियम में बांग्लादेश ने बैटिंग चुनी। टीम ने 50 ओवर बैटिंग कर 6 विकेट गंवाए और 232 रन बना लिए। टीम से शर्मिन अख्तर और शोरना अख्तर ने फिफ्टी लगाई। विशाखापट्टनम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी बांग्लादेश को ओपनर्स ने धीमी, लेकिन संभलकर शुरुआत दिलाई। फरगाना हक और रुबिया हैदर ने फिफ्टी पार्टनरशिप की। फरगाना 76 गेंद पर 30 और रुबिया 52 गेंद पर 25 रन बनाकर आउट हुईं। 73 रन पर 2 विकेट गंवाने के बाद शर्मिन अख्तर और कप्तान निगर सुल्ताना ने टीम को संभाला। दोनों ने टीम को 100 रन के पार पहुंचाया और 37वें ओवर में फिफ्टी पार्टनरशिप भी कर ली। सुल्ताना 32 रन बनाकर आउट हुईं और दोनों के बीच फिफ्टी पार्टनरशिप टूटी। 150 रन पर 3 विकेट गिर जाने के बाद शोरना अख्तर ने तेजी से रन बनाए। उनके सामने शर्मिन अख्तर 50, सोभना मोस्तारी 9 और राबेया खान खाता खोले बगैर आउट हो गईं। ऋतु मोनी ने 8 गेंद पर 19 और शोरना ने 35 गेंद पर 51 रन बनाकर टीम को 232 तक पहुंचा दिया। साउथ अफ्रीका के लिए नोन्कुलुलेको मलाबा ने 42 रन देकर 2 विकेट लिए। क्लो ट्रायोन और नदिन डी क्लर्क को 1-1 विकेट मिला। 2 बैटर्स रन आउट हुईं। वहीं मारिजान कैप, मसाबाता क्लास और तुमी सेखुखुने कोई विकेट नहीं ले सकीं। समाचार लिखे जाने तक साउथ अफ्रीका के 22.2 ओवर में 5 बल्लेबाज खोकर 79 बना लिए थे। (अनंत ज्ञान)

## जोशना ने जापान ओपन का खिताब जीता

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**भारत** की चोटी की स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को योकोहामा में जापान ओपन फाइनल में मिस्र की हया अली को चार गेम में हराकर अपना 11वां पीएसए टूर खिताब जीता।

विश्व की पूर्व नंबर 10 भारतीय महिला खिलाड़ी ने 15,000 अमेरिकी डॉलर इनामी चैलेंजर प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में तीसरी वरीयता प्राप्त मिस्र की खिलाड़ी को 38 मिनट में 11-5, 11-9, 6-11, 11-8 से हराया। इससे पहले विश्व रैंकिंग में 117वें स्थान पर काबिज चिनप्पा ने सेमीफाइनल में मिस्र की चौथी वरीयता प्राप्त राणा इस्माइल को 11-7, 11-1, 11-5 से हराया था।

इस बीच, मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के 29वें नंबर के खिलाड़ी अभय सिंह रविवार को रेडवुड सिटी (अमेरिका) में चल रहे 130,500 डॉलर इनामी पीएसए गोल्ड इवेंट सिलिकॉन वैली ओपन के राउंड ऑफ 16 के मैच में दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी और पांचवीं वरीयता प्राप्त फ्रांस के विक्टर क्रूइन से 4-11, 2-11, 1-11 से हार गए। (अनंत ज्ञान)

## कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी के लिए एचपीसीए टीम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बीसीसीआई कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी एलिट 2025-26 के लिए एचपीसीए ने अंडर-23 पुरुष टीम घोषित कर दी है। 18 सदस्यीय टीम की कमान बतौर कैप्टन मृदुल सरोच को सौंपी गई है। एचपीसीए टीम बिलासपुर में अपना पहला मैच 16 अक्तूबर से उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेलेगी। एचपीसीए सचिव अवनीश परमार ने बताया कि टीम में कैप्टन मृदुल सरोच, अनिकेत, प्रशांत कुमार, साहिल शर्मा, अजुल जसवाल, रिशित ठाकुर, प्रवल प्रताप, रितिक, दक्ष नारायण, सुशांत सिंह ठाकुर, चिराग शर्मा, आदित्य चौहान, कबीर सिंह, नमन वर्मा, वैभव काल्टा, अमनप्रीत, दीप सिंह व राघव अंगरा शामिल हैं। इसके अलवा सपोर्टिंग स्टाफ में अनुज पाल दास हेड कोच, गुरविंद्र सिंह बॉलिंग कोच, राहुल शर्मा फील्डिंग कोच, प्रताप सिंह फिजियो, निशांत चौहान ट्रेनर, निशांत शर्मा वीडियो एनालिस्ट, मेसर श्याम नरेश व साइड आर्म शिलेमन रोशन शामिल हैं। चार दिवसीय मुकाबलों में 16 से 19 अक्तूबर तक बिलासपुर में उत्तर प्रदेश के साथ, 26 से 29 अक्तूबर तक देहरादून में उत्तराखंड, 2 से 5 नवंबर तक बिलासपुर में चंडीगढ, 30 जनवरी से 2 फरवरी 2026 तक राजकोट में रेलवे, 6 से 9 फरवरी तक रायपुर में छत्तीसगढ़ और 13 से 16 फरवरी तक अमतर में कर्नाटक के खिलाफ मैच खेलेगी। (अनंत ज्ञान)

### रणजी ट्रॉफी के पहले दो मैचों के लिए बिहार की टीम की घोषित

# 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को बनाया बिहार रणजी टीम का उपकप्तान

**एजेंसी, पटना ( बिहार )**




बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) ने रविवार को रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन के पहले दो मैचों के लिए वरिष्ठ टीम की घोषणा कर दी। चयन समिति की बैठक के बाद 14 सदस्यीय टीम को अंतिम रूप दिया गया। टीम की कमान साकिबुल गनी को सौंपी गई है, जबकि वैभव सूर्यवंशी उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। बिहार क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हर्षवर्धन ने कहा कि यह टीम अनुभव और युवा जोश का शानदार मिश्रण है। हमें विश्वास है कि यह टीम रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करेगी।

वैभव ने हाल के दिनों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और यह बिहार में क्रिकेट प्रतिभा की गहराई को दर्शाता है। हमें भरोसा है कि यह टीम इस सीजन में मजबूत दावेदारी पेश करेगी। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे अंडर-19 वनडे में वैभव सूर्यवंशी ने मात्र 52 गेंदों में तूफानी शतक जमाया था। तब ही बीसीए अध्यक्ष ने कहा था कि यह युवा बल्लेबाज भविष्य में कई रिकॉर्ड तोड़ेगा। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) की ओर से खेलते हुए वैभव ने सात मैचों में 252 रन बनाए और वह इस सीजन के उभरते सितारों में से एक रहे। इसके अलावा, वैभव को इस वर्ष पटना में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात का भी अवसर मिला था। (अनंत ज्ञान)

**14 सदस्यीय टीम**

**पियूष** कुमार सिंह, भास्कर दुबे, साकिबुल गनी (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी (उपकप्तान), अर्नव किशोर, आयुष लोहुरुका, बिपिन सौरभ, अमोद यादव, नवाज खान, साकिब हुसैन, राघवेंद्र प्रताप सिंह, सचिन कुमार सिंह, हिमांशु सिंह, खालिद आलम और सचिन कुमार।

# रोहित और कोहली खेलें 2027 विश्व कप : शास्त्री

**एजेंसी, सिडनी**



**भारत** के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की 2027 वनडे वर्ल्ड कप में खेलने की उम्मीदें ' फॉर्म (लय), फिटनेस और जज्बा' पर निर्भर करती हैं और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी श्रृंखला इन पहलुओं की एक अहम परीक्षा होगी।

भारत के 2017 से 2021 तक कोच रहे 63 साल के शास्त्री ने कहा कि इन दोनों दिग्गजों को अपनी जगह पक्की करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन करना होगा। रोहित और कोहली को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। यह श्रृंखला 19 अक्तूबर से पर्थ में शुरू होगी। 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के मुताबिक शास्त्री ने 'काया स्पोर्ट्स' के 'समर ऑफ क्रिकेट लॉन्च इवेंट' में कहा, 'इसीलिए वे यहां हैं (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला खेल रहे हैं)।' उन्होंने कहा, ' वे इस टीम टीम संयोजन का हिस्सा हैं। यह उनकी फिटनेस, जज्बे और जाहिर है फॉर्म पर निर्भर करता है। मुझे लगता है कि उनके प्रदर्शन के आकलन के लिए यह श्रृंखला बहुत महत्वपूर्ण है। इस श्रृंखला के आखिर में उन्हें खुद भी पता चल जाएगा कि वे कैसा महसूस कर रहे हैं और फिर फैसला उनका होगा।' रोहित और कोहली अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब सिर्फ एकदिवसीय प्रारूप में खेलते है। यह देखना बाकी है कि क्या वे भारत की दीर्घकालिक योजनाओं में फिट बैठते हैं, क्योंकि अगला वनडे विश्व कप अभी दो साल दूर है। उस समय रोहित की उम्र 40 और कोहली की 38 साल हो जाएगी। हाल ही में रोहित की जगह शुभमन गिल को भारत के एकदिवसीय टीम का कप्तान बनाया गया है। (अनंत ज्ञान)

**दिल्ली टेस्ट** भारत ने दूसरी पारी में एक विकेट खोकर 63 रन बनाए, राहुल और सुदर्शन नाबाद लौटे

# भारतीय टीम जीत से 58 रन दूर

**वेस्टइंडीज ने 121 रन का टारगेट दिया**

**एजेंसी, नई दिल्ली**




**भारतीय** टीम दिल्ली टेस्ट जीतने से 58 रन दूर है। टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 121 रन का टारगेट चेज करते हुए एक विकेट पर 63 रन बना लिए हैं। चौथे दिन स्टंप्स पर केएल राहुल 25 और साई सुदर्शन 30 रन पर नाबाद लौटे। दोनों में फिफ्टी पार्टनरशिप हो चुकी है। यशस्वी जायसवाल 8 रन बनाकर आउट हुए। फॉलो ऑन खेल रही वेस्टइंडीज टीम दूसरी पारी में 390 रन बनाकर ऑलआउट हुई। जस्टिन ग्रीव्स (50 रन) और जायडन सील्स (32 रन) ने 10वें विकेट के लिए 113 बॉल पर 79 रन की साझेदारी की।

एक समय वेस्टइंडीज पर पारी की हार का खतरा मंडरा रहा था। जॉन कैम्पबेल (115 रन) और शाई होप (103 रन) ने शतक जमाकर पारी की हार टाल दी। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी की। भारत के जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ने 3-3 विकेट झटके। मोहम्मद सिराज को दो विकेट मिले। रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर को एक- एक विकेट मिला। मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज 248 रन बनाकर पहली पारी में सिमट गया।

भारत ने पहली पारी 518/5 के स्कोर पर डिक्लेयर की थी। वेस्टइंडीज ने सोमवार को दो विकेट पर 173 रन से आगे खेलना शुरू किया और 217 रन बनाने में बाकी के आठ विकेट गंवा दिए। विंडीज के लिए जॉन कैंपबेल और शाई होप ने शतक जड़े। कैंपबेल 115 रन और होप ने 103 रन की पारी खेली। कप्तान रोस्टन चेज ने 40 रन बनाए, जबकि जस्टिन ग्रीव्स ने नाबाद 50 रन की पारी खेली। यह ग्रीव्स के टेस्ट करियर का पहला अर्धशतक रहा। वहीं, कैंपबेल ने भी पहला टेस्ट शतक जड़ा। तेजनारायण चंद्रपॉल ने 10 रन और एलिक एथनाजे ने सात रन बनाए। तेवलिन इमलाक ने 12 रन और वारिकन ने तीन रन बनाए।

एंडरसन फिलिप दो रन बनाकर आउट हुए। खेरी पियरे खाता नहीं खोल सके। जेडन सील्स 32 रन बनाकर आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए। भारत की ओर से कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। 121 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को नौ के स्कोर पर पहला झटका लगा। बड़े शॉट के चक्कर में यशस्वी कैच आउट हो गए। (अनंत ज्ञान)

# जैकब किपलिमो की शिकागो मैराथन जीत पर युगांडा में जश्न

**एजेंसी, कंपाला**




**युगांडा** के जैकब किपलिमो की ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई है। किपलिमो ने रविवार को शिकागो मैराथन 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार किसी युगांडाई खिलाड़ी के रूप में वर्ल्ड मैराथन मेजर का खिताब अपने नाम किया।

किपलिमो ने 2 घंटे 2 मिनट 23 सेकंड का समय लेकर रेस पूरी की। उन्होंने केन्या के एमोस किपरूटो और एलेक्स मसाई को पीछे छोड़ते हुए यह ऐतिहासिक जीत दर्ज की। युगांडा की शिक्षा एवं खेल मंत्री जेनेट काताहा मुसवेनी ने 'एक्स' (पूर्व ट्विटर) पर बधाई संदेश में लिखा कि बधाई हो जैकब, शिकागो में हमारे देश का झंडा ऊंचा लहराने के लिए! तुम्हारी जीत पूरे युगांडा के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है। राज्य खेल मंत्री पीटर ओगवांग ने भी किपलिमो की उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने कहा कि किपलिमो ने एक बार फिर युगांडा का नाम रोशन किया है। हम उनके इस गौरवशाली पल का जश्न मना रहे हैं। किपलिमो, जो मौजूदा विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियन हैं, ने इस साल की शुरुआत में लंदन मैराथन में अपना डेब्यू किया था और दूसरा स्थान हासिल किया था। शिकागो मैराथन दुनिया की छह प्रतिष्ठित वर्ल्ड मैराथन मेजर्स में से एक है। बाकी मैराथन बोस्टन, लंदन, बर्लिन, न्यूयॉर्क और टोक्यो में होती हैं। (अनंत ज्ञान)